✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ पटना संस्करण

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 189 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शनिवार, 6 दिसम्बर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com




भारत-रूस बिजनेस फोरम में पीएम नरेन्द्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति पुतिन

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा विधायक के पीए को मारी गोली

**मुजफ्फरपुर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के कुढ़नी से भाजपा विधायक केदार गुप्ता के पीए विनोद दास को अपराधियों ने गोली मारी है। वारदात गुरुवार देर रात घटना मनियारी थाना क्षेत्र में हुई है। विनोद दास एक शादी समारोह से लौट रहे थे तभी उन पर हमला हुआ। गोली लगने के बाद उन्हें शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनका इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि दो बाइक सवार बदमाशों ने विनोद दास को ओवरटेक किया और फिर गोली मार दी।

### नक्सली गिरफ्तार

**गया(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार एसटीएफ और स्थानीय पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में एक कुख्यात नक्सली को गिरफ्तार किया गया है। यह कांडों में आरोपी रह चुका है। पिछले 2009 से पुलिस इसकी तलाश कर रही थी। गिरफ्तारी के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। गिरफ्तार नक्सली की पहचान उत्तम राम उर्फ राजेश दास के रूप में हुई है जो अतरी थाना क्षेत्र का रहने वाला है। स्थानीय पुलिस और एसटीएफ की टीम कई बार छापेमारी की लेकिन इसकी गिरफ्तारी में सफलता नहीं मिल रही थी। इसी बीच पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर नक्सली को गिरफ्तार कर लिया।

### प्रशिक्षण लेने मसूरी जाएंगे 14 आइएएस

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार कैडर के 14 आईएएस मसूरी के लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में आयोजित प्रवेशकालीन प्रशिक्षण में भाग लेने जाएंगे। दो फरवरी से 13 मार्च 2026 तक चलने वाले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को लेकर राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने मंजूरी दी है। प्रशिक्षण के लिए चयनित आईएएस में जमुई डीएम नवीन, भवन निर्माण विभाग के अपर सचिव विनय कुमार, सहकारिता के अपर सचिव अभय कुमार सिंह, सूचना जनसंपर्क के अपर सचिव राजीव कुमार सिंह, बिहार तकनीकी सेवा आयोग के अपर सचिव अमित कुमार, सामान्य प्रशासन के प्रशासनिक पदाधिकारी राशिद कलीम अंसारी शामिल हैं। इसके अलावा मो. मुमताज आलम, राजेश परिमल, राजमोहन झा, राजीव रंजन झा, दीपेश कुमार विजय कुमार, नीलिमा साहू और निहारिका छवि के नाम भी हैं।

### क्लैट की परीक्षा में शामिल होंगे पांच हजार से अधिक परीक्षार्थी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** देश के राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में दाखिले के लिए कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट (क्लैट) 2026 का आयोजन सात दिसंबर को होगा। परीक्षा को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। इस बार बिहार में परीक्षार्थियों की संख्या बढ़ गयी है। इस बार 5433 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। इसमें यूजी के लिए पांच हजार नौ छात्र व पीजी के लिए 424 छात्र परीक्षा में शामिल होंगे। क्लैट 2025 में राज्य से 4414 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। इस बार एक हजार 19 छात्र पिछले साल की तुलना में अधिक हैं। चाणक्य नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के कुलसचिव डॉ. एसपी सिंह ने बताया कि परीक्षा के लिए राज्य में सात सेंटर बनाए गए हैं।

# सीएम नीतीश का नाम वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में शामिल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का नाम वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में शामिल कर लिया गया है। 14 नवंबर को आए बिहार विधानसभा चुनाव के परिणाम में प्रचंड जीत के बाद नीतीश कुमार ने 10वीं बार बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इस उपलब्धि को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में शामिल कर लिया गया है। जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए यह जानकारी आम जनता के बीच जारी की। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को दसवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर वर्ल्ड बुक ऑफ़ रिकॉर्ड्स, लंदन ने सम्मानित करने की घोषणा की है। जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा ने इसे पूरे बिहार के लिए गर्व का क्षण बताया है। संजय झा ने लिखा कि दसवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, लंदन द्वारा की गई सराहना पूरे बिहार के लिए गर्व का क्षण है। संस्था ने इसे भारतीय लोकतांत्रिक इतिहास में एक अद्वितीय उपलब्धि बताते हुए कहा है कि दस बार राज्य की बागडोर संभालना जनता के अपार भरोसे, सुशासन की निरंतरता और मुख्यमंत्री की दूरदर्शी नेतृत्व क्षमता का प्रमाण है। उन्होंने यह भी कहा कि वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि को अपने वैश्विक रिकॉर्ड में शामिल करने और औपचारिक सम्मान देने की घोषणा की है। जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष



ने लिखा कि यह सम्मान न केवल मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रतिबद्धता का प्रतीक है बल्कि बिहार की प्रगति और स्थिर शासन व्यवस्था की पहचान भी है। वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, लंदन ने पत्र भेजकर नीतीश कुमार को दसवीं बार बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर हार्दिक बधाई दी है। पत्र में कहा गया है कि यह देश के लिए गौरव की बात है कि वर्ष 1947 से 2025 तक आप देश के पहले व्यक्ति हैं जिन्होंने दस बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली है। यह भारतीय लोकतांत्रिक इतिहास में एक अद्वितीय उपलब्धि है। पत्र में लिखा गया कि यह असाधारण उपलब्धि नीतीश कुमार के अटूट समर्पण, दूरदर्शी नेतृत्व और बिहार की जनता के भरोसे को दर्शाती है। संस्था ने कहा कि लगातार दस बार राज्य का नेतृत्व करना लोकतांत्रिक इतिहास में एक दुर्लभ उपलब्धि है। यह न केवल एक उल्लेखनीय व्यक्तिगत सफलता है बल्कि पूरे राष्ट्र के लिए भी गर्व का क्षण है। संस्था ने यह भी कहा कि शासन, विकास, सामाजिक कल्याण और प्रशासनिक स्थिरता के प्रति मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का निरंतर प्रयास लाखों लोगों को प्रेरित करता रहेगा। वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स ने सूचित किया कि इस अनुकरणीय उपलब्धि के सम्मान में वह नीतीश कुमार का नाम अपनी प्रतिष्ठित वैश्विक सूची में शामिल करेगा और आधिकारिक प्रमाण पत्र समर्पित करेगा। ज्ञातव्य है कि वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, लंदन एक अग्रणी वैश्विक संस्था है जो असाधारण विश्व रिकॉर्ड और उल्लेखनीय उपलब्धियों को पहचान देने और पंजीकृत करने के लिए जानी जाती है। यह संस्था दुनिया भर के प्रतिष्ठित व्यक्तियों, संस्थानों और ऐतिहासिक स्थलों की उपलब्धियों और योगदानों का सम्मान करती है।

# बिहार सरकार में होंगे तीन और नए विभाग : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार युवाओं को रोजगार देने के लिए अब एक अलग विभाग लेकर आई है। साथ ही सरकार उच्च शिक्षा और बिहार में नागर विमानन के विकास को लेकर भी सक्रिय हुई है। इन क्षेत्रों के लिए भी अलग-अलग विभागों का गठन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार विधानसभा के विशेष सत्र के अंतिम दिन के समापन के बाद यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि अगले पांच वर्षों (2025-30) में एक करोड़ युवाओं को नौकरी एवं रोजगार देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए राज्य में अधिक से अधिक युवाओं को कौशल विकास का प्रशिक्षण देना आवश्यक है और उन्हें गुणवत्तापूर्ण उच्च एवं तकनीकी शिक्षा उपलब्ध कराना भी जरूरी है। साथ ही लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सघन अनुश्रवण की भी आवश्यकता होगी। इसी उद्देश्य से राज्य में तीन नए विभाग, युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, नागर विमानन विभाग के गठन का निर्देश दिया गया है। इन विभागों के सृजन से राज्य में युवाओं को नौकरी और रोजगार दिलाने में बड़ी मदद मिलने की उम्मीद है। युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के जरिए अगले पांच वर्षों में बड़ी संख्या में युवाओं को उद्यमिता के अवसर प्रदान



करने और विभिन्न योजनाओं के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराने की योजना है। उच्च शिक्षा विभाग के गठन का उद्देश्य उच्च शिक्षा में गुणात्मक सुधार करना, अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देना, तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा का विकास करना और सभी वर्गों के युवाओं को रोजगारपरक एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य में कई नए हवाई अड्डों का निर्माण हो रहा है और भविष्य में उड़ान योजना के तहत कई बड़े-छोटे हवाई अड्डों का निर्माण भी प्रस्तावित है। अलग से नागर विमानन विभाग बनने से इन परियोजनाओं में तेजी आएगी, औद्योगिक माहौल बेहतर होगा, रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और राज्य में निर्मित उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा सरकार ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम निदेशालय और बिहार विपणन प्रोत्साहन निगम बनाने का भी निर्णय लिया है ताकि सरकारी नौकरी और रोजगार देने के लक्ष्य को आसानी से पूरा किया जा सके। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम निदेशालय के तहत प्रत्येक जिले में मेगा स्किल सेंटर स्थापित किए जाएंगे जिससे युवाओं को एमएसएमई से जुड़े कौशल विकास का प्रशिक्षण मिल सके और उन्हें अधिक रोजगार अवसर प्राप्त हों। बिहार विपणन प्रोत्साहन निगम के गठन से कृषि, पशुपालन, बागवानी, खाद्य प्रसंस्करण, हस्तशिल्प, ग्रामीण उद्योग, लघु एवं कुटीर उद्योग जैसे क्षेत्रों में उत्पादन, गुणवत्ता और वितरण व्यवस्था मजबूत होगी जिससे बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं के सुखद भविष्य के लिए लगातार काम कर रही है। अधिक से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी एवं रोजगार देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। बिहार के युवा दक्ष और आत्मनिर्भर बनें, उन्हें रोजगार के नए अवसर मिलें और उनका भविष्य सुरक्षित हो-इसी संकल्प के साथ सरकार आगे बढ़ रही है।

# अंब्रेला वर्क के तहत बाकी रूट पर कवच के प्रावधान को रेल मंत्री ने दी मंजूरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा आज भारतीय रेल के शेष रूट पर कवच के प्रावधान की मंजूरी प्रदान की गयी। अम्ब्रेला वर्क 2024-25 के तहत वर्क्स, मशीनरी एवं रॉलिंग स्टॉक प्रोग्राम 2024-25 के अंतर्गत भारतीय रेलवे के बाकी रूट पर कवच के प्रावधान को मंजूरी प्रदान की गयी। अम्ब्रेला वर्क की लागत 27,693 करोड़ रुपये है। इसके तहत पूर्व मध्य रेल के लिए 1,822 करोड़ रुपये की लागत से एक सब-अम्ब्रेला वर्क को मंज़ूरी दी गई। सब-अम्ब्रेला के तहत पूर्व मध्य रेल के बाकी रूट्स पर कवच के प्रावधान (2200 रूट किलोमीटर) का प्रस्ताव किया गया जिसपर 960.66 करोड़ रूपए की लागत आएगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि सुरक्षा के मद्देनजर कवच 4.0 में उच्च स्थान सटीकता, बेहतर यार्ड सिग्नल सूचना, ओएफसी-आधारित स्टेशन इंटरफ़ेस और इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग एकीकरण के लिए सीधा इंटरफ़ेस शामिल किया गया है। यह एक स्वदेशी रूप से विकसित स्वचालित ट्रेन सुरक्षा (एटीपी) प्रणाली है। कवच,



लोको पायलट द्वारा ब्रेक लगाने में असफल रहने की स्थिति में स्वचालित ब्रेक लगाकर रेलगाड़ियों को रोकने का काम करेगा। यह लोको पायलट की सहायता करता है तथा खराब मौसम के दौरान रेलगाड़ियों को सुरक्षित रूप से चलाने में भी मदद करता है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि भारतीय रेल ने जुलाई 2020 में कवच को राष्ट्रीय स्वचालित सुरक्षा प्रणाली के रूप में अपनाया था और अब तक 15,512 रूट किलोमीटर में ट्रैक साइड इंस्टॉलेशन का कार्य शुरू किया जा चुका है। इसके अलावा 9,069 लोकोमोटिव पर कवच लगाने के लिए निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। इससे पहले कवच 3.2 को दक्षिण मध्य रेलवे के 1,465 रूट किलोमीटर में लागू किया गया था।

# पटना एयरपोर्ट के पास से दो फर्जी सीबीआइ अधिकारी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना एयरपोर्ट के पास से पुलिस ने दो लोगों को शुक्रवार को गिरफ्तार किया है। दोनों के पास सीबीआइ की फर्जी आइडी थी। उनकी बाइक पर भी सीबीआइ लिखा था। हवाई अड्डा थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ लोग खुद को सीबीआइ से जुड़ा बताकर एयरपोर्ट के पास घूम रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम तुरंत एयरपोर्ट पहुंची और दोनों से पूछताछ की। जांच के दौरान दोनों के पास से केंद्रीय जांच एजेंसी के फर्जी पहचान पत्र बरामद किए गए। उनकी मोटरसाइकिल पर भी एजेंसी का लोगो लगा मिला जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। एसडीपीओ वन सचिवालय, डॉ. अनु कुमारी ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है। दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस गिरफ्त में आए दोनों आरोपियों की पहचान हिमांशु कुमार (42) और सत्यानंद कुमार (45) के रूप में हुई है। हिमांशु बिहटा और सत्यानंद कुमार शाहपुर का रहने वाला है। पुलिस की पूछताछ में इन दोनों ने बताया है कि वह पिछले एक साल से एक्टिव थे। फर्जी आइडी दिखाकर लोगों से ठगी करते थे। इनके अलावा इस गैंग में बहुत सारे सक्रिय मेंबर हैं जो मार्केट में फर्जी सीबीआइ अधिकारी बनकर घूम रहे हैं। फिलहाल इन लोगों ने अपने तीन साथियों का नाम बताया है जिनमें शोहेल मिर्ज़ा वर्द्धमान पश्चिम बंगाल, सैयद खालिद अहमद सोनपुर, डीके वर्मा रामपुर नगवा पालीगंज के शामिल हैं। पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है।



हिमांशु कुमार सत्यानंद कुमार

# 18वीं विधानसभा का प्रथम सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के बाद गठित 18वीं विधानसभा का पहला सत्र शुक्रवार को संपन्न हो गया। एक दिसंबर से शुरू इस सत्र के अनिश्चितकाल के लिए स्थगन की घोषणा विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने की। उन्होंने बताया कि इस सत्र में एक दिसंबर को 236 और दो को पांच विधायकों ने शपथ ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि तीन दिसंबर को सदन नेता के रूप में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और नेता विरोधी दल के रूप में तेजस्वी प्रसाद यादव के नाम की घोषणा हुई। राज्यपाल द्वारा स्वीकृत दो अध्यादेश सदन पटल पर रखे गए। इस सत्र में 16 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 15 स्वीकृत हुए। वहीं नौ याचिकाएं प्राप्त हुईं जिनमें छह स्वीकृत हुए। सत्र संचालन में सहयोग के लिए मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्रीगण, नेता विरोधी दल समेत सभी सदस्यों का मैं आभारी हूं। सभा के कार्य संचालन में सभा सचिवालय तथा राज्य सरकार के पदाधिकारियों-कर्मचारियों सहित पुलिस बल ने जिस तत्परता से कर्तव्यों का निर्वहन किया, वे सभी धन्यवाद के पात्र हैं। नववर्ष के शुभागमन में मैं प्रदेश की जनता एवं आप सबकों के उज्ज्वल भविष्य एवं सुखद जीवन की मंगल कामना करता हूं। विधानसभा अध्यक्ष ने शुक्रवार को नवनिर्मित विधायक आवास एवं विधानसभा अतिथिशाला का निरीक्षण किया। उन्होंने नवनिर्मित विधायक आवास की कमियों को तत्काल दुरुस्त करने को कहा है। साथ ही आवासीय परिसर के शेष कार्यों को भी अतिशीघ्र पूरा करने को कहा है।




बिहार सरकार

संदेश

मुख्यमंत्री
बिहार

मुझे यह जानकर अति प्रसन्नता हो रही है कि गृह रक्षा वाहिनी संगठन के 79वें स्थापना दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन 06 दिसम्बर, 2025 को बिहार गृह रक्षा वाहिनी के केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान, बिहटा, पटना में किया जा रहा है।

बिहार गृह रक्षा वाहिनी पुलिस बल व स्थानीय प्रशासन के सहयोग से एक दक्ष बल की भाँति समाज एवं राष्ट्र की सेवा कर रहा है। आपदा–प्रबंधन एवं आवश्यक सेवाओं को बनाये रखने में इस संगठन की महती भूमिका रही है। अपने कर्त्तव्यों के निर्वह्न हेतु इसे अनेक चुनौतियों का सामना भी करना पड़ता है।

गृह रक्षा वाहिनी में स्वच्छ नामांकन होने से विभाग में नये रक्त का संचार हुआ है। दूसरी ओर, गृहरक्षकों के प्रशिक्षण सेना के प्रशिक्षकों की देख–रेख में होने के कारण प्रशिक्षण की गुणवत्ता में सुधार आया है।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि गृह रक्षा वाहिनी संगठन अपने निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए दृढ़ संकल्पित होकर समाज एवं राष्ट्र की सेवा में इसी प्रकार तत्पर रहेगा।

मैं गृह रक्षा वाहिनी संगठन के 79वें स्थापना दिवस के अवसर पर इसके सदस्यों को हार्दिक शुभकामना एवं बधाई देता हूँ।

(नीतीश कुमार)

PR No.- 018998 (Home ) D. 2025-26


# बेटियों की सुरक्षा के लिए बनेगी 'अभया ब्रिगेड'

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** महिलाओं और बेटियों के खिलाफ बढ़ते अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए बिहार पुलिस मुख्यालय ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। सभी जिलों में थाना स्तर पर 'अभया ब्रिगेड' गठित करने का आदेश जारी किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य स्कूल, कॉलेज, कोचिंग और हॉस्टल जाने वाली छात्राओं को सुरक्षित माहौल प्रदान करना है ताकि वे निर्भय होकर अपनी शिक्षा जारी रख सकें। इस संबंध में बिहार पुलिस मुख्यालय ने शुक्रवार को पत्र जारी किया। इस ब्रिगेड का नेतृत्व एक महिला पुलिस अवर निरीक्षक करेंगी। उनके साथ तीन सदस्यीय



टीम होगी जिसमें एक महिला सिपाही और दो पुरुष सिपाही शामिल होंगे। दल की आवाजाही के लिए स्कूटी या अन्य वाहन उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके लिए मुख्यालय स्तर से स्कूटी खरीद का विस्तृत प्रस्ताव गृह विभाग को भेजा जा रहा है। अभया ब्रिगेड का प्राथमिक कार्य थाना क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति का आकलन करना और उन संवेदनशील स्थानों की पहचान करना होगा जहां छात्राओं से छेड़छाड़ की घटनाएं अधिक होती हैं। स्कूल, कॉलेज, हॉस्टल, कोचिंग सेंटर के आस-पास और निर्जन रास्तों को विशेष रूप से चिह्नित कर उन्हें हॉट स्पॉट के रूप में सूचीबद्ध किया जाएगा। दल के सदस्य इन चिन्हित क्षेत्रों में वर्दी और सादे लिबास में मौजूद रहेंगे। मनचलों की पहचान कर उनके खिलाफ तत्काल और प्रभावी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यदि कोई आरोपी दो या अधिक घटनाओं में लिप्त पाया जाता है तो उसका नाम गुण्डा पंजी में दर्ज कराने का प्रस्ताव तैयार किया जाएगा। नाबालिग मनचलों के मामलों में पुलिस पहले काउंसलिंग कराएगी। यदि वही नाबालिग दोबारा पकड़ा जाता है तो उसका एसआइआर (सोशल इन्वेस्टिगेशन रिपोर्ट) तैयार कर उसे किशोर न्याय बोर्ड को सौंपा जाएगा। अभया ब्रिगेड स्कूल-कॉलेज के प्राचार्यों, महिला छात्रावास वार्डनों और कोचिंग संचालकों से लगातार संवाद स्थापित करेगी। छात्राओं से भी सीधे संपर्क कर उनकी सुरक्षा संबंधी चिंताओं को समझा जाएगा। इसके साथ ही उन्हें डायल-112 की कार्यप्रणाली और उपयोगिता के बारे में जागरूक किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री ने की धान अधिप्राप्ति की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक, अधिकारियों को दिये निर्देश




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 1 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान अधिप्राप्ति की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य, धान अधिप्राप्ति की प्रस्तावित अवधि एवं धान अधिप्राप्ति के लक्ष्य के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस बार सामान्य ग्रेड के धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2369 रुपये प्रति क्विंटल रखा गया है जबकि धान ग्रेड ए का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2389 रुपये रखा गया है। धान अधिप्राप्ति की अवधि 1 नवंबर 2025 से 28 फरवरी 2026 तक रखा गया है। चरणबद्ध तरीके से धान अधिप्राप्ति की प्रक्रिया शुरूकी गई है और इस वर्ष धान अधिप्राप्ति का लक्ष्य 36.85 लाख मीट्रिक टन रखा गया है। राज्य में उसना चावल मिलों की संख्या अब बढ़कर 396 हो गई है। उन्होंने बताया कि सभी जिलों में धान अधिप्राप्ति शुरूकर दिया गया है। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार किसानों की हरसंभव सहायता उपलब्ध करा रही है। कृषि कार्य से जुड़े हुए लोगों को धान अधिप्राप्ति में किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो इसका विशेष ध्यान रखें। धान अधिप्राप्ति कार्य में गड़बड़ी करनेवालों पर भी नजर रखें। धान अधिप्राप्ति का कार्य तेजी से और बेहतर ढंग से करें ताकि किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो। बैठक में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेसी सिंह, सहकारिता मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी डॉ. गोपाल सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. चन्द्रशेखर सिंह, सहकारिता विभाग के सचिव धर्मेंद्र सिंह, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के सचिव नैयर इकबाल, निबंधक, सहयोग समितियां रजनीश कुमार सिंह सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री ने पटना पुस्तक मेला का किया उद्घाटन

## मुरली मनोहर श्रीवास्तव की पुस्तक विकास पुरुष का लोकार्पण




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गांधी मैदान में आयोजित पटना पुस्तक मेला का दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया। पटना पुस्तक मेला के आयोजक मंडल ने मुख्यमंत्री को पुस्तक भेंटकर उनका स्वागत किया। उद्घाटन के पश्चात् मुख्यमंत्री ने पुस्तक मेला परिसर का भ्रमण कर विभिन्न प्रकाशनों द्वारा लगाये गये स्टॉल का जायजा लिया। जायजा के क्रम में मुख्यमंत्री ने बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के स्टॉल का फीता काटकर लोकार्पण किया। पटना पुस्तक मेला प्रांगण में सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग, महिला एवं बाल विकास निगम, श्रम संसाधन विभाग, विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों की प्रदर्शनी लगायी गयी है। पटना पुस्तक मेला 16 दिसम्बर तक चलेगा। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष उदयकांत मिश्रा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. चन्द्रशेखर सिंह, पटना प्रमण्डल के आयुक्त अनिमेश परासर, पटना प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक जितेन्द्र राणा, जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एस.एम., वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के. शर्मा सहित पटना पुस्तक मेला के आयोजक मंडल एवं बड़ी संख्या में पुस्तक प्रेमी उपस्थित थे। पटना पुस्तक मेला के उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुरली मनोहर श्रीवास्तव द्वारा लिखित 'विकास पुरुष' पुस्तक का लोकार्पण किया। यह पुस्तक मुख्यमंत्री के पिछले 20 वर्षों के विकासात्मक कार्यों और उपलब्धियों पर आधारित है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने लेखक के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि पुस्तक में बिहार के विकास को लेकर किए गए कार्यों का विस्तृत उल्लेख आने वाली पीढ़ियों के लिए उपयोगी साबित होगा।

# भारतीय रेल की समय पालन दर 80 प्रतिशत के पार : अश्विनी वैष्णव

## कई मंडलों ने हासिल किया 90 प्रतिशत से अधिक का प्रदर्शन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भारतीय रेल की समयपालन क्षमता में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया है। संसद में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि रेलवे नेटवर्क अब औसतन 80 प्रतिशत से अधिक समयपालन दर हासिल कर रहा है, जबकि कई मंडलों ने 90 प्रतिशत से भी अधिक समय पर परिचालन दर्ज किया है। अश्विनी वैष्णव ने बताया कि यह सुधार हाल के वर्षों में रखरखाव प्रथाओं में हुए बदलाव, बेहतर योजना, तकनीकी उन्नयन और परिचालन दक्षता के परिणामस्वरूप संभव हुआ है। समयपालन सुधार को रेलवे द्वारा प्राथमिकता के साथ लागू किए गए बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण, सिग्नलिंग सुधार और मार्ग प्रबंधन तंत्र से भी बल मिला है। उन्होंने जानकारी दी कि भारत की समयपालन दर अब कई यूरोपीय रेलवे नेटवर्कों से बेहतर हो चुकी है। संदर्भ के रूप में, जर्मनी की डॉयचे बान की लंबी दूरी की सेवाओं की समयपालन दर वर्ष 2024 में 67.4 प्रतिशत दर्ज की गई थी जबकि भारतीय रेल उससे काफी आगे निकल चुकी है। रेलवे मंत्रालय का कहना है कि उद्देश्य केवल बेहतर समयपालन तक सीमित नहीं है, बल्कि सुरक्षित, विश्वसनीय और यात्री-केन्द्रित सेवा प्रदान करना है। समयपालन में यह सुधार भारतीय रेल को वैश्विक स्तर पर अधिक प्रतिस्पर्धी और आधुनिक परिवहन व्यवस्था के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# रोजगार सृजन के लिए बनेंगे तीन नए विभाग : राजीव रंजन प्रसाद

## अगले पांच वर्षों में 1 करोड़ युवाओं को रोजगार देने का लक्ष्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने कहा है कि राज्य सरकार आगामी पांच वर्षों (2025-2030) में एक करोड़ युवाओं को नौकरी और रोजगार उपलब्ध कराने के लक्ष्य पर कार्य कर रही है। इसके लिए बड़े पैमाने पर कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा और प्रभावी अनुश्रवण की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि रोजगार सृजन और कौशल आधारित प्रशिक्षण को गति देने के लिए राज्य में तीन नए विभागों का गठन किया जाएगा जिनमें युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग, उच्च शिक्षा विभाग और नागर विमानन विभाग शामिल हैं। नए विभाग राज्य में रोजगार आधारित योजनाओं को संगठनात्मक रूप से मजबूत करेंगे। राजीव रंजन प्रसाद के अनुसार युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के जरिए बड़े पैमाने पर युवाओं को उद्यमिता और रोजगार आधारित योजनाओं से जोड़ा जाएगा। साथ ही उच्च शिक्षा और तकनीकी शिक्षा की उपलब्धता बढ़ाने के लिए संरचनात्मक सुधारों पर भी काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नए विभागों के गठन से रोजगार मिशन को अधिक प्रभावी ढंग से लागू किया जा सकेगा और युवाओं को प्रशिक्षण, अवसर और संसाधन उपलब्ध कराने की प्रक्रिया तेज होगी।

## वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में नीतीश कुमार का नाम दर्ज होना बिहार के लिए गौरव : राजीव रंजन प्रसाद



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि वर्ल्ड बुक ऑफ रिकार्ड्स में नीतीश कुमार के 10वीं बार बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने का तथ्य दर्ज किया जाना पूरे बिहार के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि करोड़ों बिहारवासियों की भावनाओं और उनके विश्वास का सम्मान है। विदित हो कि वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, लंदन ने पत्र जारी कर नीतीश कुमार को बधाई दी है और कहा है कि वर्ष 1947 से 2025 तक के दौरान वे देश के पहले व्यक्ति हैं जिन्होंने दस बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली है। संस्था के अनुसार यह भारतीय लोकतांत्रिक इतिहास में एक अद्वितीय उपलब्धि है। वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स ने पत्र में उल्लेख किया है कि लगातार दस बार राज्य का नेतृत्व करना लोकतांत्रिक व्यवस्था में अत्यंत दुर्लभ उपलब्धि है। यह केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं बल्कि पूरे राष्ट्र के लिए गौरव का क्षण है। संस्था के अनुसार शासन, विकास, सामाजिक कल्याण और प्रशासनिक स्थिरता के क्षेत्र में निरंतर नेतृत्व प्रेरणादायक है और आने वाले समय में भी लोगों को दिशा देगा। संस्था ने यह भी सूचित किया है कि इस ऐतिहासिक उपलब्धि को आधिकारिक रूप से दर्ज करते हुए नीतीश कुमार का नाम अपनी वैश्विक सूची में शामिल किया जाएगा और उन्हें प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा। गौरतलब है कि वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, लंदन एक अग्रणी वैश्विक संस्था है जो दुनिया भर में असाधारण उपलब्धियों, ऐतिहासिक कार्यों, सांस्कृतिक योगदानों और उल्लेखनीय रिकॉर्ड्स को प्रमाणित करती है और प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों एवं संस्थानों को सम्मानित करती है।

# एनडीए की प्राथमिकता विकास भी, विरासत भी : डॉ. दिलीप जायसवाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार भाजपा के अध्यक्ष और उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल पटना स्थित श्री स्थूलीभद्र श्रेष्ठीसुदर्शन जैन श्वेतांबर मणीलक्ष्मी तीर्थ (कमलदह) में नवनिर्मित होने वाले भव्य मंदिर के भूमि पूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने इस कार्य के लिए लोगों को बधाई और शुभकामनाएं भी दी। इस भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने प्रसन्नता जताते हुए कहा कि इस पावन अवसर पर, आध्यात्मिक परंपराओं और सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण के लिए समाज की एकजुट भावना को प्रत्यक्ष अनुभव करने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि भव्य मंदिर का यह निर्माण न केवल श्रद्धा का प्रतीक है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को धर्म, अहिंसा और सत्य के पथ पर आगे बढ़ने की प्रेरणा भी प्रदान करेगा। उन्होंने कामना करते हुए कहा कि यह दिव्य तीर्थस्थल जनमानस को निरंतर सद्भाव, शांति और कल्याण का संदेश देता रहे। यह जैन तीर्थ निश्चित ही आध्यात्मिक चेतना का केंद्र बनेगा। भाजपा अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने कहा कि एनडीए सरकार की प्राथमिकता न केवल विकास है बल्कि विरासत को सहेजना भी है। बिहार सरकार हो या केंद्र की सरकार हो, इस कार्य में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि पटना हो या बिहार हो यहां का एक गौरवशाली इतिहास रहा है। यहां सभी सम्प्रदायों के तीर्थस्थल हैं और देश-विदेश के धर्मावलंबी यहां पहुंचते हैं।

### कृषि मंत्री ने किया विश्व मृदा दिवस राज्यस्तरीय कार्यक्रम का उद्घाटन

# किसानों को हर सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी : राम कृपाल यादव




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** विश्व मृदा दिवस के अवसर पर कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने बामेती, पटना के सभागार में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर मंत्री द्वारा पटना जिला के विभिन्न प्रखंडों से आए किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में कृषि विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार, विशेष सचिव डॉ. बीरेन्द्र प्रसाद यादव, कृषि निदेशक नितिन कुमार सिंह, प्रबंध निदेशक स्पर्श गुप्ता, संयुक्त निदेशक (रसायन) विनय कुमार पाण्डेय सहित विभाग के वरीय पदाधिकारी/कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे। अपने संबोधन में कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा कि मिट्टी सिर्फ धरती मां का स्वरूप ही नहीं, बल्कि वह जीवन का आधार है। सदियों से मिट्टी ने हमें अन्न, पोषण और समृद्धि प्रदान की है, इसलिए इसकी सेहत की रक्षा करना हम सबका नैतिक दायित्व है। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आरम्भ की गई मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना किसानों को सशक्त और जागरूक बनाने की दिशा में ऐतिहासिक पहल है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कुशल नेतृत्व में बिहार सरकार मिट्टी को स्वस्थ एवं उपजाऊ बनाए रखने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है।

मंत्री ने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रभावी नेतृत्व में अब तक बिहार में 1 करोड़ 65 लाख से अधिक किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड उपलब्ध कराया जा चुका है। प्रधानमंत्री ने भारत को जैविक खेती का हब बनाने का जो संकल्प लिया है, उसके आलोक में बिहार कृषि विभाग भी जैविक खेती को तेजी से बढ़ावा दे रहा है। जल्द ही हम बिहार को भी जैविक खेती को हब बनाने में कामयाब होंगे।

# हाईकोर्ट के आदेश पर दशक भर बाद मिला न्याय

## दिगंबर सिंह की याचिका पर प्रशासन ने हटाया अतिक्रमण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** करहारा ग्राम में पिछले 10 वर्षों से लंबित अतिक्रमण विवाद का आज समाधान हो गया। यह मामला मूल रूप से स्वर्गीय रामदेव सिंह द्वारा अंचल अधिकारी को आवेदन देकर उठाया गया था, परंतु उचित कार्रवाई न होने के कारण मामला वर्षों तक लंबित रहा। रामदेव सिंह के निधन के बाद उनके पुत्र श्री दिगंबर सिंह ने न्याय के लिए पटना हाईकोर्ट में याचिका दायर की। हाईकोर्ट के निर्देश के अनुपालन में अंचल अधिकारी द्वारा अतिक्रमणकारियों, सिकंदर पासवान एवं दयाराम पासवान को नोटिस दिया गया और निर्धारित तिथि तक भूमि खाली करने का अवसर भी प्रदान किया गया। इसके बावजूद संबंधित पक्षों ने जमीन खाली नहीं की।

# रामलीला मैदान में एसआइआर के खिलाफ बिहार से बड़ी संख्या शामिल होंगे कांग्रेसजन : राजेश राम



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम, पटना में एस.आई.आर. से जुड़े गंभीर मुद्दे को लेकर आगामी 14 दिसंबर को रामलीला मैदान, नई दिल्ली में आयोजित होने वाली ऐतिहासिक महारैली की पूर्ण सफलता हेतु प्रदेश कांग्रेस द्वारा नियुक्त सभी जिला पर्यवेक्षकों की महत्वपूर्ण बैठक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम के अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने संबोधित करते हुए कहा कि एस.आई.आर. के मुद्दे पर सरकार की चुप्पी और जनता की चिंता को नजरअंदाज करना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। आगामी 14 दिसंबर की महारैली देशभर के पीड़ितों और चिंतित नागरिकों की आवाज को केंद्र सरकार तक शक्तिशाली रूप में पहुंचाएगी और चुनाव आयोग के द्वारा भेदभावपूर्ण रूप से की जा रही इस प्रक्रिया के मनमानी को राष्ट्रीय स्तर पर रखा जाएगा। इस महारैली को लेकर बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने सभी जिला के लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है और आज सभी पर्यवेक्षकों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने प्रभार जिलों से अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करें तथा रैली की तैयारियों में पूरी सक्रियता दिखाए।

# सेन्ट्रल सुपर स्पेशियलिटी हास्पिटल, पटना में ब्रेस्ट कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** सेन्ट्रल सुपर स्पेशियलिटी हास्पिटल, पूमरे, पटना में चिकित्सा निदेशक डा. सुबोध कुमार मिश्रा के नेतृत्व में मेदान्ता हास्पिटल, पटना द्वारा ब्रेस्ट कैंसर- जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मेदान्ता हास्पिटल, पटना से आई हुई डा. निहारिका राय ने यह बताया कि समय रहते इस कैंसर का पता लग जाय तब इसका इलाज बहुत ही सफल हो जाता है। इस कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को ब्रेस्ट सेल्फ जांच पर विस्तृत जानकारी दी गयी।

# महानिदेशक सुनीता भास्कर ने किया क्षेत्रीय कार्यों का निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (क्षेत्र संकार्य प्रभाग), सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, भारत सरकार के अतिरिक्त महानिदेशक सुनीता भास्कर द्वारा क्षेत्रीय कार्यालय, पटना के कार्यालय एवं क्षेत्र कार्यों का निरीक्षण 3 से 5 दिसंबर 2025 तक किया गया। इस दौरान निरीक्षण अधिकारी द्वारा कार्यालय प्रशासन, विभिन्न कार्य इकाइयों की प्रगति तथा क्षेत्रीय कार्यालय में संचालित विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा की गई। निरीक्षण का उद्देश्य प्रशासनिक दक्षता को सुदृढ़ करना और क्षेत्रीय स्तर पर संचालित सांख्यिकीय कार्यों के सुचारू निष्पादन को सुनिश्चित करना था। सीपीआई (शहरी) योजना के अंतर्गत क्षेत्रीय निरीक्षण के दौरान 3 दिसंबर 2025 को निरीक्षण अधिकारी ने पटना के बोरिंग रोड बाजार का दौरा किया जहां मूल्य संकलन, डेटा गुणवत्ता तथा फील्ड गतिविधियों की प्रत्यक्ष समीक्षा की गई। फिलहाल, मूल्य संकलन आंकड़ों का फील्ड कार्य पहली बार सीएपीआइ मोड में परिणत किया गया। निरीक्षण के दौरान सीएपीआइ से संबंधित तकनीकी एवं धारणा-संबंधी मुद्दों का सूक्ष्म अवलोकन किया गया। 4 दिसंबर 2025 को अतिरिक्त महानिदेशक द्वारा क्षेत्रीय कार्यालय की मासिक बैठक की अध्यक्षता की गई। बैठक में फील्ड ऑपरेशन डिवीजन के अंतर्गत संचालित विभिन्न सर्वेक्षणों जैसे आवधिक श्रम बल, फसल सांख्यिकी सुधार, वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण, उपभोक्ता (खुदरा एवं थोक) मूल्य सूचकांक, असंगठित

# कर्मचारी राज्य बीमा निगम आदर्श अस्पताल, फुलवारीशरीफ, पटना में पुरुष नसबंदी पखवाड़ा का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशों के तत्वावधान में कर्मचारी राज्य बीमा निगम, मुख्यालय, नई दिल्ली से प्राप्त निर्देश के आलोक में कर्मचारी राज्य बीमा निगम आदर्श अस्पताल, फुलवारीशरीफ, पटना में 21 नवम्बर, 2025 से 04 दिसम्बर, 2025 तक 'स्वस्थ एवं खुशहाल परिवार, पुरुष सहभागिता से ही होगा यह सपना साकार' थीम के तहत 'पुरुष नसबंदी पखवाड़ा' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सनोज कुमार ने 'स्वस्थ एवं खुशहाल परिवार, पुरुष सहभागिता से ही होगा यह सपना साकार' विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर पूरे पखवाड़े के दौरान डॉ. अश्वनी कुमार, चिकित्सा अधिकारी सह नोडेल ऑफिसर ने उक्त संबंध में बीमित व्यक्तियों को कई महत्वपूर्ण सुझाव एवं लाभ के बारे में बताया।

# बीमा कोई साधारण खरीदारी नहीं, यह दशकों तक परिवारों पर डालता है असर : पवित लाऊल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारत के सबसे बड़े ऑनलाइन बीमा प्लेटफॉर्म में से एक, पॉलिसीबाजार ने देखा है कि ग्राहक ऑफलाइन माध्यम को ज्यादा पसंद कर रहे हैं। उसकी लगभग 40 प्रतिशत बिक्री अब व्यक्तिगत तौर पर आमने-सामने बैठकों के जरिए हो रही है। यह ट्रेंड दिखाता है कि ग्राहक लंबे समय तक चलने वाले वित्तीय फैसले लेने से पहले व्यक्तिगत रूप से सलाह लेना चाहते हैं। यही बदलाव कंपनी की कार्यनीति को दिशा दे रहा है जिसमें पूर्वी और उत्तर-पूर्वी भारत उसके विस्तार के लिए मुख्य बाजार बनकर उभर रहे हैं। पॉलिसीबाजार डॉट कॉम के निवेश प्रमुख, पवित लाऊल ने कहा, बीमा कोई साधारण खरीदारी नहीं है, यह दशकों तक परिवारों पर असर डालता है। इसी वजह से बहुत से लोग आमने-सामने बातचीत करना पसंद करते हैं जहां वे सवाल पूछ सकें, बातों को सटीक ढंग से समझ सकें और अपने फैसलों को लेकर भरोसा महसूस कर सकें। इस ट्रेंड के साथ-साथ, मार्केट से जुड़ी बीमा योजना की मांग लगातार बढ़ रही है, खासकर ज्यादा रिटर्न चाहने वाले युवा निवेशकों में। इन प्लान्स में भी वेवर ऑफ प्रीमियम वाले प्लान को लेकर दिलचस्पी बढ़ रही है जो बीमा उद्योग में एकमात्र ऐसा इंस्ट्रूमेंट है जिसमें अगर ग्राहक किसी वजह से मौजूद न रहे तो बीमाकर्ता उसकी जगह प्रीमियम भरता है और पॉलिसी को मैच्योरिटी तक ले जाता है। इस मांग को पूरा करने के लिए पॉलिसीबाजार फिलहाल 800 से ज्यादा सलाहकारों के अपने नेटवर्क के साथ लगभग 30 शहरों में काम कर रहा है। सिर्फ पूर्वी भारत में ही इसका निवेश वाला कारोबार तेजी से बढ़ा है 2022 में जहां सिर्फ 30 लोगों की टीम थी, वहीं अब इसके पांच बड़े शहरों (कोलकाता, भुवनेश्वर, गुवाहाटी, पटना और रांची) के कार्यालयों में 120 से अधिक प्रोफेशनल काम कर रहे हैं।

# श्री खाटू श्याम पधारो पटना धाम के भंडारे में श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** श्री खाटू श्याम पधारो पटना धाम के द्वारा एकादशी द्वादशी को देवी स्थान मंदिर जहाजी कोठी के समीप कदमकुआं में विशाल भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें करीब 1500 से अधिक लोगों ने श्याम बाबा का प्रसाद पूड़ी, कचौड़ी, सब्जी, रायता, बुंदिया ग्रहण किए। एम पी जैन ने बताया कि इस भंडारे में आनंद डालमिया, संजय भालोठिया, मुकेश हिस्सरिया, जितेंद्र कुमार जीतू, राजेन्द्र मित्तल, संजय टेकरीवाल, सुनील कनोडिया, गोपी तुलस्यान, पवन शर्मा, अनुज गुप्ता, मोनू, विनोद थिरानी, सज्जन चौधरी, विनय बजाज, शुभम सर्राफ, गोपी मित्तल, अजय शर्मा, सतीश खेमानी, केशव अग्रवाल, रिशव अग्रवाल, राजेश बजाज, सुभाष अग्रवाल सहित श्री श्याम मंडल, श्री श्याम सेवा ट्रस्ट, श्री खाटू श्याम सेना, एकादशी निशान पूजन समिति के सभी सदस्यों की भागीदारी रही।

CMYK

# 29वें जिला स्तरीय युवा महोत्सव में दो सौ प्रतिभागियों ने लिया भाग

## प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय युवा महोत्सव के लिए भेजा जायेगा मधुबनी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** कला संस्कृति एवं युवा विभाग पटना एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में जिलाधिकारी के निर्देशानुसार 29वां जिला स्तरीय युवा महोत्सव आयोजन किया गया। जिला स्तरीय युवा महोत्सव का उद्घाटन उप विकास आयुक्त के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया जिसमें जिला शिक्षा पदाधिकारी, सभी वरीय उपसमाहर्ता, जिला कला संस्कृति पदाधिकारी जिला विकास पदाधिकारी, निदेशक एनईपी उपस्थित रहे। विदित हो कि युवा महोत्सव का आयोजन स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर किया जाता है जो तीन चरणों में संपन्न होता है। पहले चरण में जिला स्तरीय महोत्सव का आयोजन द्वितीय चरण में राज्य स्तरीय और तृतीय चरण में राष्ट्रीय स्तर पर इसका आयोजन किया जाता है। रोहतास जिले के ज्यादातर विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रदर्शनी कला एवं दृश्य कला में अपनी कला का जौहर दिखाया। इस आयोजन में छह विधाओं में प्रतियोगिता करवाया गया जिसमें समूह लोकगीत, समूह लोक नृत्य, चित्रकला, कहानी लेखन, कविता, वक्तृता के अंतर्गत प्रतियोगिता करवाया गया। सभी विधाओं में लगभग 200 बच्चों ने भाग लिया। चयनित प्रथम प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय युवा महोत्सव के लिए मधुबनी भेजा जाएगा। सभी प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया एवं विद्यालय के शिक्षकों का भी काफी सहयोग रहा। इस तरह का आयोजन बिहार सरकार और जिला प्रशासन समय पर करवाते रहा है जिससे बच्चों में बौद्धिक विकास हो सके।

# देसी शराब के साथ दो तस्कर धराए

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला।** दरिहट पुलिस ने गुरुवार की रात गुप्त सूचना पर धरहरा गांव के भुईयां टोली के समीप एक खेत से छापेमारी कर 6.4 लीटर देसी महुआ शराब के साथ दो धंधेबाज को धर दबोचा। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष रवि रंजन प्रियदर्शी ने बताया कि गुरुवार की रात गुप्त सूचना मिली कि भड़कुड़िया निवासी लालजी पासवान के पुत्र धनजी पासवान तथा दूसरा अनुज सिंह के पुत्र बिट्टू सिंह के द्वारा धरहरा गांव के एक खेत में शराब की बिक्री किया जा रहा है। वहीं सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई करते हुए उक्त स्थल पर घेराबंदी कर छापेमारी किया गया जहां 6.4 लीटर देसी महुआ शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि मद्य निषेध उत्पाद अधिनियम 2018 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# बरहुली गोलीकांड का मुख्य आरोपित गिरफ्तार, हथियार व कारतूस बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** कैमूर जिले के मोहनियां थाना क्षेत्र अंतर्गत बरहुली गांव में तीन दिसंबर को हुए गोलीकांड मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में मोहनियां डीएसपी प्रदीप कुमार ने बताया कि घटना साढ़े आठ बजे के करीब उस समय हुई जब बरहुली निवासी गोपाल नाथ सिंह पर गोली चलाई गई जिसमें वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घटना के तुरंत बाद घायल ने अपने बयान में चार लोगों को आरोपित किया था जिसके आधार पर एफआइआर दर्ज की गई थी। डीएसपी ने बताया कि अनुसंधान के क्रम में प्राथमिक अभियुक्त के रूप में पहचाने गए अमित कुमार यादव, पिता जयप्रकाश यादव, निवासी बरहुली को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि घटना के दिन ही आरोपी के पास से हथियार जब्त कर लिया गया था। इसके अतिरिक्त उसकी गिरफ्तारी के बाद तीन जिंदा कारतूस भी बरामद किए गए हैं। बरामद कारतूस के संदर्भ में अलग से प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस के अनुसार आरोपी और घायल के बीच पूर्व से विवाद चल रहा था जिसके कारण यह घटना हुई। डीएसपी ने कहा कि घटना पूरी तरह पुरानी रंजिश का परिणाम है और इसी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। उन्होंने बताया कि आरोपी का आपराधिक इतिहास भी खंगाला जा रहा है। ताकि यह पता चल सके कि पहले भी कहीं किसी आपराधिक गतिविधि में उसकी संलिप्तता रही है या नहीं। डीएसपी ने यह भी कहा कि पुलिस इस मामले को संवेदनशील मानते हुए लगातार निगरानी में है और अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। उन्होंने स्थानीय लोगों से अपील किया कि किसी भी प्रकार की सूचना मिलते ही पुलिस को तुरंत अवगत कराएं, ताकि दोषियों को जल्द कानून के दायरे में लाया जा सके।

# मोहनियां में यूपी स्टाइल में बुलडोजर से कार्रवाई, अतिक्रमण हटा

## चेतावनी के बाद जेसीबी से कार्रवाई, विरोध पर सामान भी जब्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** कैमूर जिले के नगर पंचायत मोहनियां में शुक्रवार को यूपी की तर्ज पर बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। नगर पंचायत प्रशासन ने पहले कई दिनों तक माइकिंग कर लोगों को स्वयं अतिक्रमण हटाने के लिए जागरूक किया था, लेकिन चेतावनी के बावजूद जब लोग नहीं माने तो प्रशासन बुलडोजर और पुलिस बल के साथ अभियान में उतरा। कार्रवाई के दौरान एसडीएम मोहनियां अनिरुद्ध पांडे, डीएसपी प्रदीप कुमार, मोहनियां थाना पुलिस, नगर पंचायत के कर्मचारी और भारी संख्या में सुरक्षा बल मौके पर मौजूद रहे। टीम ने स्टुवरगंज, भभुआ रोड, रामगढ़ रोड और दुर्गावती रोड स्थित सर्विस रोड पर स्थाई अतिक्रमण को जेसीबी से हटाया। प्रशासन ने कई दुकानों के आगे बने अवैध निर्माण और रास्ते में रखे सामानों को जब्त कर लिया। कुछ लोगों ने कार्रवाई का विरोध भी किया। मोहम्मद अल्ताफ राजभर ने आरोप लगाया कि उन्होंने नाली के किनारे अपनी ही जमीन पर प्याज और आलू के बोरे रखे थे, लेकिन नगर पंचायत के कर्मचारियों ने लगभग 50 बोड़ा आलू और 25 बोड़ा प्याज जब्त कर लिया। उन्होंने कहा कि गरीबों पर सख्ती की जा रही है जबकि रोज ठेला वालों से भी जबरन वसूली होती है। एसडीएम अनिरुद्ध पांडे ने स्पष्ट कहा कि मोहनियां नगर क्षेत्र में नियमित रूप से अतिक्रमण हटाने का अभियान चलेगा। उन्होंने बताया कि ठेला लगाने वालों के लिए वेंडिंग जोन निर्धारित किए गए हैं जिनमें जगजीवन स्टेडियम के सामने और भवन कार्यालय के पास स्थलों को चिह्नित किया गया है। इसके अलावा वाहन पार्किंग के लिए भी सरकारी भूमि चिन्हित की जा रही है, जो जल्द उपलब्ध होगी। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि यदि कोई दोबारा अतिक्रमण करता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अभियान आने वाले दिनों में भी जारी रहेगा।

# रविदास समाज में नाराजगी, जनक राम को मंत्री बनाने की मांग तेज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** बिहार की सियासत में इन दिनों भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री जनक राम को एक बार फिर मंत्रिमंडल में शामिल करने की मांग जोर पकड़ती जा रही है। भैया राम भारती और पिंटू राम सहित कई दलित नेताओं ने सामूहिक रूप से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से अपील की है कि सरकार में रविदास जाति से एक भी मंत्री शामिल नहीं है जो सामाजिक न्याय और समान प्रतिनिधित्व की भावना के विपरीत है। दलित नेताओं ने कहा कि जनक राम का राजनीतिक और सामाजिक योगदान बिहार की राजनीति में हमेशा महत्वपूर्ण रहा है। वे कई बार विधायक, सांसद रह चुके हैं और मंत्री पद का अनुभव भी रखते हैं। ऐसे में उन्हें कैबिनेट में शामिल करना न केवल दलित समाज का सम्मान बढ़ाएगा, बल्कि सामाजिक संतुलन भी सुनिश्चित करेगा। नेताओं का कहना है कि भाजपा व एनडीए सरकार हमेशा सबका साथ-सबका विकास की नीति पर काम करती आई है, इसलिए रविदास समाज का उचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने हेतु जनक राम का मंत्री बनना अत्यंत आवश्यक है। मांग करने वाले नेताओं ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया तो आने वाले समय में रविदास समुदाय में भारी असंतोष पैदा हो सकता है।

# आपदा प्रबंधन ने किया सासाराम में दो दिवसीय वज्रपात न्यूनीकरण कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** जिला आपदा प्रबंधन शाखा, रोहतास द्वारा बीएसडीएमए एवं यूएनडीपी इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में 'वज्रपात न्यूनीकरण कार्यक्रम' अंतर्गत द्विदिवसीय वर्कशॉप का आयोजन जिलाधिकारी के आदेशानुसार 5 दिसंबर 2025 को बीएनएस होटल एंड रिसोर्ट, सासाराम में 'वज्रपात न्यूनीकरण कार्यक्रम (लाइटनिंग रिस्क मीटिंगशन प्रोग्राम)' के तहत द्विदिवसीय वर्कशॉप का शुभारंभ किया गया। वर्कशॉप के प्रथम दिवस में जिले एवं प्रखंड स्तर के संबंधित विभागों के पदाधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा अंचलाधिकारी की उपस्थिति रही। सत्र में प्रतिभागियों को वज्रपात जोखिम, उसके संभावित प्रभाव, जोखिम न्यूनीकरण योजना (मीटिंगशन प्लान) तथा क्षमता-वर्धन (कैपेसिटी बिल्डिंग) से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। वर्कशॉप के द्वितीय दिवस (06 दिसंबर 2025) को पंचायती राज प्रतिनिधियों एवं पंचायत-स्तरीय विभागों के लिए विशेष क्षमता-वर्धन सत्र आयोजित किया जाएगा जिसमें वज्रपात जोखिम प्रबंधन, सामुदायिक जागरूकता तथा पंचायत-स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन की प्रक्रियाओं पर मार्गदर्शन दिया जाएगा। जिले में वज्रपात से होने वाली जनहानि में इस कार्यक्रम का प्रभाव स्पष्ट रूप से देखा गया है। पिछले वर्ष जहां वज्रपात से 30 मानव जीवन की क्षति हुई थी, वहीं वर्ष 2025 में यह संख्या घटकर केवल 5 रह गई है जो इस पहल की प्रभावशीलता को दर्शाता है। यह कार्यक्रम बीएसडीएमए एवं यूएनडीपी इंडिया के बीच हुए समझौते (एमओयू) के तहत संचालित की जा रही है जो वज्रपात से बचाव हेतु एक महत्वपूर्ण पहल है जिसका उद्देश्य रोहतास जिले में आपदा जोखिम न्यूनीकरण से जुड़ी गतिविधियों को सुदृढ़, वैज्ञानिक एवं प्रभावी बनाना है। वर्तमान में यह कार्यक्रम केवल रोहतास जिले में संचालित किया जा रहा है। सफल कार्यान्वयन एवं प्राप्त उपलब्धियों के आधार पर इसे राज्य के अन्य जिलों में भी विस्तार दिया जा सकता है।

# उत्कृष्ट संरक्षा कार्य के लिए डीआरएम ने रेलकर्मियों को किया पुरस्कृत

## सभी को संरक्षा सर्वोपरि रखते हुए कार्य करने को किया प्रोत्साहित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**डिहरी ऑन-सोन।** पूर्णतः संरक्षित रेल परिचालन सुनिश्चित रखने हेतु पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल निरंतर रूप से प्रतिबद्ध है। मंडल में संरक्षा की दिशा में उत्कृष्ट योगदान देने वाले रेलकर्मियों को नियमित रूप से पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया जाता है। इसी क्रम में मंडल कार्यालय के सभागार में मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना द्वारा इंजीनियरिंग, विद्युत (परिचालन), यांत्रिक (कैरिज एंड वैगन) तथा परिचालन विभाग के कुल 12 चयनित रेलकर्मियों को अपनी सतर्कता, कार्यकुशलता एवं जिम्मेदारी का परिचय देते हुए संभावित दुर्घटनाओं को रोकने एवं संरक्षा सुनिश्चित करने हेतु उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए संरक्षा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन संरक्षा विभाग के समन्वय से किया गया। मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना ने सभी पुरस्कृत रेलकर्मियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संरक्षा रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है और पूर्ण संरक्षा बनाए रखने में जमीनी स्तर पर कार्यरत रेल कर्मियों की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। कर्मियों के जमीनी स्तर के अनुभव से निरंतर सुधार में मदद मिलती है। उन्होंने सभी रेलकर्मियों को आगे भी इसी तरह सतर्क एवं सजग रहकर कार्य जारी रखने तथा मंडल में पूर्णतः संरक्षित रेल परिचालन सुनिश्चित बनाए रखने के प्रति प्रेरित किया। रेल कर्मियों ने भी अपने जमीनी स्तर के अनुभव साझा किया। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक दिलीप कुमार, वरीय मंडल संरक्षा अधिकारी संतोष कुमार तथा संबंधित शाखा अधिकारी उपस्थित रहे।

# गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय, जमुहार ने नांदी फाउंडेशन के साथ किया समझौता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय, जमुहार ने नांदी फाउंडेशन के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता किया, जो देशभर में सामाजिक सशक्तिकरण एवं कौशल विकास के लिए कार्यरत एक प्रतिष्ठित पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट है। इस समझौते का उद्देश्य युवा बालिकाओं को आधुनिक रोजगार बाजार की मांगों के अनुरूप तैयार करना और उन्हें ऐसे स्किल्स से लैस करना है, जिनसे वे न केवल आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें, बल्कि आत्मविश्वास और क्षमता के साथ अपने करियर की दिशा तय कर सकें। इस पहल के तहत शुरू किया जा रहा रोजगार कौशल विकास कार्यक्रम युवा महिलाओं को उद्योग-मानकों पर आधारित कौशल प्रदान करेगा जिनसे उनकी रोजगार क्षमता और अवसरों में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। कार्यक्रम के अंतर्गत न्यू एज स्किल्स, सॉफ्ट स्किल्स, कम्युनिकेशन स्किल्स, लाइफ स्किल्स और इंटरव्यू प्रिपरेशन जैसे विविध प्रशिक्षण मॉड्यूल शामिल किए गए हैं। ये मॉड्यूल न सिर्फ प्रतिभागियों को तकनीकी और पेशेवर दक्षता प्रदान करेंगे बल्कि उन्हें व्यक्तिगत विकास, आत्मविश्वास निर्माण, नेतृत्व क्षमता और संवाद कौशल जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में भी मजबूत बनाएंगे। इन कौशलों के माध्यम से छात्राएं बेहतर करियर विकल्प चुन सकेंगी और प्रतिस्पर्धी वातावरण में प्रभावी रूप से अपनी पहचान स्थापित कर पाएंगी। इसके अतिरिक्त दोनों संस्थान आपसी सहमति से ऐसे अन्य कौशल आधारित कार्यक्रम भी शामिल कर सकते हैं जो बेहतर आजीविका, सामुदायिक विकास और दीर्घकालिक आर्थिक सुरक्षा को बढ़ावा दे सकते हैं। एमओयू पर गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति डाक्टर जगदीश सिंह एवं नांदी फाउंडेशन के प्रोग्राम मैनेजर मृत्युंजय कुमार, स्टेट कोऑर्डिनेटर कुमार संदीप ने संयुक्त रूप से हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉक्टर कुमार आलोक प्रताप एवं जनसंपर्क अधिकारी भूपेन्द्र नारायण सिंह भी उपस्थित रहे। इस समझौते को दोनों संस्थानों के बीच एक मजबूत और दूरगामी सहयोग की शुरुआत माना जा रहा है जिसका उद्देश्य शिक्षा, कौशल और रोजगार के क्षेत्र में नई संभावनाओं को सृजित करना है। यह साझेदारी युवा महिलाओं में कौशल विकास के प्रति जागरूकता बढ़ाने, उन्हें प्रोत्साहित करने और उनके करियर निर्माण के रास्ते में आने वाली चुनौतियों को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।


**पूर्व रेलवे**

खुली ई-निविदा सूचना सं.: 159 एवं 160, दिनांक 03.12.2025; मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन कार्यालय भवन, डाकघर-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (प.बं.) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं : क्रमांक 1; निविदा सं.: 159-एमएलडीटी-25-26, कार्य का नाम साथ में उसका स्थानः मालदा-तीनपहाड़ एवं आजिमगंज-न्यू फरक्का में निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा-मंडल अभियंता/I/पूर्व रेलवे/मालदा के अधिकार क्षेत्र में एसएसई/पी.वे/मालदा (मालदा-न्यू फरक्का)-किमी 261.8-262.3 डाउन, 263.5-265.2 डाउन, 267.6-268 डाउन, 272-272.6 डाउन, 274-277.5 डाउन, 278.5-281.1 डाउन, 282.6-283.5 डाउन, 284.9-285.3 डाउन, 289.5-291.6 डाउन, 261-262.3 अप, 263.5-265.4 अप, 267.4-268.4 अप, 272-272.6 अप, 277-277.4 अप, 278.6-279 अप, 280-281.1 अप, 282.7-283.4 अप, 284.6-285.7 अप, 286.7-287.1 अप, 289.6-291.6 अप, 273.4-275 अप के लिए सेस मरम्मत-711177 द्वारा तटबंध/उप तटबंध का पुनरुद्धार। निविदा मूल्यः रु. 12,26,14,300.20; क्रमांक 2; निविदा सं.: 160-एमएलडीटी-25-26, कार्य का नामः मालदा-तीनपहाड़ एवं आजिमगंज-न्यू फरक्का में निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा-मंडल अभियंता/I/पूर्व रेलवे/मालदा के अधिकार क्षेत्र में एसएसई/पी.वे/न्यू फरक्का-किमी (1-1.4 डाउन, 261.9-262.3 डाउन, 263.9-264.1 डाउन, 264.7-265.2 डाउन, 265.5-266 डाउन, 270-271.4 डाउन, 0.6-0.9 अप, 0.9-1.5 अप, 227-230 अप, 233.2-235 अप, 242.7-242.9 अप, 242.3-243.5 अप, 243.7-246.7 अप, 246.7-248.8 अप, 253-254.5 अप, 255.3-255.6 अप, 256.1-258 अप, 259-259.2 अप, 262.3-262.6 अप, 262.9-263.4 अप, 264.7-265.2 अप, 267.6-269.2 अप) के लिए सेस मरम्मत-711177 द्वारा तटबंध/उप तटबंध का पुनरुद्धार। निविदा मूल्यः रु. 10,34,43,040.80। निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः 24.12.2025 को 15.30 बजे (दोनों निविदा के लिए)। वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट्टः **www.ireps.gov.in**/डीआरएम कार्यालय/मालदा टाउन।

(MLD-252/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# पुलिस पर विश्वास बढ़ा रहे हैं थानाध्यक्ष शिवम

## सांसारिक जीवन का एकमात्र उद्देश्य जनसेवा : शिवम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**अकोढ़ीगोला।** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आयरकोठा पुलिस ने सड़क सुरक्षा अभियान चलाया। इस दौरान थानाध्यक्ष शिवम कुमार ने बिना हेलमेट लगाये वाहन चालकों के बीच हेलमेट वितरित किए गए और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई। थानाध्यक्ष ने हेलमेट देते हुए लोगों से कहा कि यदि अगली बार बिना हेलमेट के वाहन चलाते पकड़े जाने पर आपसे जुर्माना वसूली जाएगी। यातायात नियमों को भली-भांति रखना होगा। उन्होंने कहा कि हेलमेट अपनी सुरक्षा है। इसलिए बाइक चलाते वक्त हेलमेट लगाकर ही गाड़ी को चलाना चाहिए। वही हेलमेट लगाकर वाहन चलाने वाले लोगों को गुलाब का पुष्प देकर सम्मानित किया और धन्यवाद दिया। थानाध्यक्ष ने लगभग दर्जनों चालकों को हेलमेट निशुल्क वितरण किया।

# एचडीएफसी बैंक में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन

## रक्तदान शिविर के लिए लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता : डॉ उदय सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**डिहरी ऑन-सोन।** एचडीएफसी बैंक शाखा डिहरी में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसका विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि संवेदना न्यूरोसायकियेट्रिक रिसर्च प्रा लिमिटेड के मनो चिकित्सक डा. उदय कुमार सिन्हा एवं बैंक प्रबंधक के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित व फीता काटकर उद्घाटन किया। कार्यक्रम की शुरुआत एचडीएफसी बैंक के शाखा प्रबंधक अंकित कुमार, सुभोसेन गुप्ता सहित अन्य अधिकारियों के द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में रक्तदान किया। शाखा प्रबंधक अंकित कुमार ने बताया कि पूरे भारत में प्रत्येक वर्ष एचडीएफसी बैंक के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है उसी के तहत आज डिहरी अनुमंडलीय अस्पताल के प्रबंधक राणा राजेश के साथ मेडिकल टीम के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। हमारे यहां 15 दानवीरों ने रक्तदान किया। मुख्य अतिथि डा. उदय कुमार सिंन्हा ने कहा कि एक यूनिट रक्त से पांच आदमी का जीवन बच सकता है भारत में प्रतिवर्ष 14 करोड़ 60 लाख यूनिट प्रतिवर्ष रक्त की आवश्यकता है।

# बिजली बिल भुगतान पर बचत के साथ लाभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** ऊर्जा विभाग ने विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे समय पर बिजली बिल का भुगतान कर न केवल अपनी जिम्मेदारी निभाएं, बल्कि आर्थिक रूप से भी लाभ उठाएं। नियमित भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं को कई तरह की छूट और रियायतें दी जा रही है जिससे मासिक खर्च और बिजली उपयोग दोनों में संतुलन बनाए रखना आसान होता है। समय पर भुगतान करने से उपभोक्ताओं को मिलने वाली विशेष सुविधाएं जैसे स्मार्ट मीटर में 25 पैसे प्रति यूनिट की दर से ऊर्जा शुल्क में अतिरिक्त छूट। स्मार्ट मीटर में लगातार तीन महीने तक 2000 रुपए से अधिक बैलेंस रखने पर रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित बैंक दर से ब्याज। ससमय विद्युत बिल के भुगतान पर 1.5% की छूट। ऑनलाइन के माध्यम से ससमय भुगतान पर 1% की अतिरिक्त छूट। ग्रामीण उपभोक्ताओं द्वारा एक तिमाही के सभी विद्युत विपत्र का ससमय भुगतान पर 1%की अतिरिक्त छूट। स्मार्ट प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं के लिए मोबाइल ऐप के माध्यम से बिल भुगतान सबसे आसान और तेज विकल्प है। 'सुविधा ऐप' के जरिए उपभोक्ता रिचार्ज, बिजली खपत और बैलेंस की जानकारी घर बैठे प्राप्त कर सकते हैं। विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे स्मार्ट मीटर अपनाएं और समय पर बिल भुगतान कर निर्बाध बिजली आपूर्ति का लाभ उठाएं। इससे न केवल बिजली प्रबंधन बेहतर होगा, बल्कि उपभोक्ताओं की आर्थिक बचत भी सुनिश्चित होगी।

# आर एस के पब्लिक स्कूल ने शाहाबाद गौरव यात्रा निकाली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**डिहरी ऑन-सोन।** शाहाबाद महोत्सव को लेकर आर एस के पब्लिक स्कूल बस्तीपुर के एनसीसी 29/42 बटालियन के कैडेट्स तथा बच्चों द्वारा आज डिहरी में शाहाबाद गौरव यात्रा निकाली गई। इस गौरव यात्रा में विद्यार्थियों के साथ विद्यालय के निदेशक, प्रधानाचार्य, शिक्षक तथा शिक्षिकाएं शमिल हुए। विद्यालय के निदेशक आनंद सिंह ने डिहरी में कर्पूरी ठाकुर, भीमराव अंबेडकर तथा महात्मा गांधी की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया तथा डिहरी नगरवासियों का आह्वान किया कि सभी इस महान महोत्सव में शामिल होकर शाहाबाद के गौरव को बढ़ाने का कार्य करें। निदेशक के आनंद सिंह ने कहा कि शाहाबाद महोत्सव का उद्देश्य शाहाबाद क्षेत्र की समृद्धि, सांस्कृतिक विरासत लोक कलाओं, स्थानीय व्यंजनों, ऐतिहासिक स्थलों और महापुरुषों की महानता को नई पीढ़ी तक पहुंचना है। इस धरोहर का संरक्षण कर न केवल विश्व पटल पर शाहाबाद का गौरव स्थापित करना है बल्कि इससे पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। गौरव यात्रा में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह अज्ञानी, समाजसेवी संजय पासवान, संयोजक अखिलेश कुमार सिंह तथा अन्य बुद्धिजीवी लोगों ने भाग लिया एवं आग्रह किया कि 6 तथा 7 दिसंबर 2025 को रोहतास किले पर आयोजित होने वाले शाहाबाद महोत्सव में अपना उपस्थिति दर्ज कर शाहाबाद के गरिमा को बढ़ाए।


**e-Procurement Cell**
**Office of the Executive Engineer,**
**Building Construction Department, Building Division, Daltonganj,**
**e-Procurement Notice**
**(Short Notice)**
**(Second Call)**

**Tender Ref. No.-21/E.E.,BCD/Building Div. Daltonganj/2025-26-Date: 02.12.2025**

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | Proposed Construction of Weigh Bridge and Operator Room with 1000 MT Godown at Panki Palamu, Jharkhand | 2,97,32,100.00 | 11 Months |
| i | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 11-12-2025 | |
| ii | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 24-12-2025 को अपराह्न 3:00 बजे | |
| iii | निविदा खोलने की तिथि/समय | 27-12-2025 को अपराह्न 3:00 बजे | |
| iv | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Daltonganj | |
| v | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9430783582 | |
| vi | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 9529503499 | |

- प्रथम *Call* का पी0आर0 संख्याः– *PR 359753 Building(25-26) D*
- इस निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना/बदलाव/संशोधन का अवलोकन http://jharkhandtenders.gov.in पर किया जा सकता है।

**Nodal Officer,**
e-Procurement Cell, Office of the Executive Engineer,
Building Construction Department,
Building Division, Daltonganj

PR 367755 Building(25-26)D

# रोजगार सह मार्गदर्शन मेला का सफल आयोजन




## 602 आवेदन प्राप्त, 264 युवाओं को मिला ऑफर लेटर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति (जीविका) के प्रखंड परियोजना क्रियान्वयन इकाई, अकबरपुर द्वारा दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के तहत ग्रामीण युवाओं के रोजगार एवं स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने हेतु 5 दिसंबर 2025 को खेल परिसर, विश्वकर्मा माध्यमिक विद्यालय हुड़ाही, अकबरपुर में रोजगार–सह–मार्गदर्शन मेला का आयोजन किया गया। मेला का उद्घाटन अनुमंडल पदाधिकारी, रजौली स्वतंत्र कुमार सुमन द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि आर्थिक आत्मनिर्भरता ही सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण का आधार है। युवाओं को कुशल श्रमिक के रूप में अर्थव्यवस्था में योगदान देकर अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाना चाहिए तथा मेला में उपस्थित कंपनियों द्वारा प्रदान किए जा रहे अवसरों का लाभ लेना चाहिए। प्रखंड विकास पदाधिकारी, अकबरपुर राधा रमन मुरारी ने युवाओं से अपील की कि वे मेला में उपस्थित कंपनियों से रोजगार संबंधी जानकारी प्राप्त कर अपने भविष्य को बेहतर बनाने का प्रयास करें। अंचलाधिकारी, अकबरपुर संजय कुमार प्रसाद ने इस आयोजन को युवाओं के लिए महत्वपूर्ण अवसर बताते हुए कहा कि इच्छुक युवक एवं युवतियां अपनी योग्यता अनुसार उपस्थित कंपनियों में आवेदन कर रोजगार प्राप्त करें और निरंतर आगे बढ़ते रहें। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान नवादा के निदेशक सुनील कुमार ने बताया कि संस्थान द्वारा विभिन्न प्रकार के स्वरोजगार प्रशिक्षण उपलब्ध कराए जाते हैं, जिनसे युवा स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ कर सकते हैं। इस अवसर पर जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक चंदन कुमार सुमन ने स्वागत भाषण देते हुए नवादा जिला में जीविका द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। प्रबंधक (रोजगार) ज्योति प्रकाश ने मेला में भाग लेने वाली कंपनियों एवं संस्थानों द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे रोजगार एवं प्रशिक्षण अवसरों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। इस रोजगार मेला में क्वेस क्रॉप लिमिटेड, 2050 हेल्थ केयर, आमधने प्राइवेट लिमिटेड, उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक, नवभारत फर्टिलाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड, केवीएचआर रिसोर्स प्राइवेट लिमिटेड, वर्धमान टेक्सटाइल्स, यंग ब्रांड अपैरल प्राइवेट लिमिटेड, गार्डियन सिक्योरिटी एंड फैसिलिटी प्राइवेट लिमिटेड, सीआइआइएमसीसी, स्किल सोर्स लर्निंग एंड टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड, एनएनटीएफ, विजन इंडिया सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड तथा डीसेंट्स प्राइवेट लिमिटेड सहित कई कंपनियों ने युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु भागीदारी की। साथ ही 'आर्थिक हल, युवाओं का बल' कार्यक्रम एवं ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के माध्यम से प्रशिक्षण हेतु युवाओं का पंजीकरण भी किया गया। मेला में कुल 602 आवेदन जमा किए गए, जिनमें से 264 युवाओं का चयन कर उन्हें ऑफर लेटर प्रदान किया गया। वहीं 154 युवाओं को साक्षात्कार के लिए बुलाया गया तथा 59 आवेदकों को प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए सूचीबद्ध किया गया। कार्यक्रम में जीविका के वित्त प्रबंधक अमित कुमार, प्रबंधक–जीविकोपार्जन दीपक कुमार, प्रबंधक–संचार राजीव रंजन, अटल एवं अमन जीविका महिला संघ की दीदियां, कैडर एवं विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जनता दरबार

## कई शिकायतों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं एवं शिकायतें प्रस्तुत कीं। आज की जनता दरबार में कुल 56 शिकायतें दर्ज की गईं। कार्यक्रम के दौरान जिला पदाधिकारी ने कई शिकायतों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन कर तत्काल राहत उपलब्ध कराई। वहीं, कुछ जटिल मामलों को संबंधित विभागीय अधिकारियों के पास जांच एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजा गया। आज की जनता दरबार में थाना-नेमदारगंज, ग्राम+पो०-बरेव के दवांत शर्मा द्वारा दाखिल-खारिज करने के संबंध में, नवादा के बालेश्वर चौधरी द्वारा प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी वारिसलीगंज द्वारा लापरवाही के संबंध में, थाना-नेमदारगंज, ग्राम+पो०-बरेव के कार्तिक कुमार द्वारा प्रशिक्षण में भेजने के संबंध में, थाना-रजौली, साकिन-डिह रजौली की गौरी देवी द्वारा भूमि विवाद निस्तारण के संबंध में, थाना-नरहट, पोस्ट-छोटा जमुआरा, ग्राम-ईम बिगहा के अशोक कुमार द्वारा पक्की सड़क पर दीवार बना दिए जाने के संबंध में, थाना-नेमदारगंज, पो०-महानंदपुर, ग्राम-दरियापुर की सविता देवी द्वारा प्रताड़ित किए जाने के संबंध में आवेदन दिया गया एवं अन्य द्वारा भी शिकायतें प्रस्तुत की गईं।

जिला पदाधिकारी ने सभी उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनता द्वारा प्रस्तुत समस्याओं का शीघ्र एवं पारदर्शी निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि लापरवाही या विलंब किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आज की जनता दरबार में डॉ. अनिल कुमार तिवारी, अपर समाहर्ता नवादा; राजीव कुमार, वरीय उपसमाहर्ता; डॉ. राजकुमार सिंहा, अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी नवादा मनोज चौधरी, वरीय उपसमाहर्ता एवं अन्य उपस्थित थे।

## एक नजर

### सेवानिवृत्त प्रधानध्यापक को दी गई विदाई

**पकरीबरावां।** प्रखण्ड की एरुरी पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय रेवार पश्चिमी में सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक महेन्द्र प्रसाद सिंह को विदाई दी गई। विदाई सह सम्मान समारोह में शिक्षकों ने सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक के कार्यों की सराहना की। कहा कि उन्होंने पूरी इमानदारी एवं निष्ठा के साथ विद्यालय का संचालन किया। शिक्षकों एवं ग्रामीणों ने उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इस बीच उन्हें उपहार देकर सम्मानित किया गया। सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक ने अपने संबोधन में शिक्षकों को कई महत्वपूर्ण जानकारियां एवं संदेश दिया। इस अवसर पर पंचायत के मुखिया विनय कुमार, बिहार अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ नवादा के जिलाध्यक्ष ओंकारनाथ राय, उपाध्यक्ष सत्येन्द्र प्रसाद, कोषाध्यक्ष अविनाश कुमार, बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ के प्रखण्ड अध्यक्ष शंभु कुमार, उपाध्यक्ष उमेश प्रसाद यादव, सचिव सूर्यदेव प्रसाद, राहुल कुमार, अनिल कुमार, विद्यालय शिक्षा समिति की अध्यक्षा मनोरमा देवी, प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रहलाद कुमार, संतोष कुमार, शोभा कुमारी, सुनिता कुमारी, धीरज कुमार,नागेंद्र प्रसाद सहित अन्य उपस्थित थे।

### बाइक की आमने-सामने की टक्कर में शिक्षक घायल

**पकरीबरावां।** नवादा-जमुई पथ पर कचना मोड़ के पास सड़क हादसे में रामधन मुलको प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय के शिक्षक श्रीकांत कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जाता है कि शिक्षक पकरीबरावां से जा रहे थे। विपरीत दिशा से आ रहे एक बाइक ने उन्हें जबरदस्त टक्कर हो गई, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पकरीबरावां ले जाया गया, जहां से उसे नवादा रेफर कर दिया गया है।

### दिव्यांगो को निर्गत किये गए दिव्यांगता प्रमाण पत्र

**कौआकोल।** कौआकोल प्रखण्ड मुख्यालय में शुक्रवार को विशेष शिविर का आयोजन कर दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्गत किए गए। इस सम्बंध में जानकारी देते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रामप्रिय सहगल ने बताया कि दिव्यांग लोगों को प्रमाण पत्र बनाने के लिए शुक्रवार को लगाए गए शिविर में 24 लोगों ने पंजीयन करवाया। जिसमें 19 लोगों का शारिरिक जांच कर प्रमाण पत्र निर्गत किये गए। वहीं पांच लोगों को रेफर किया गया। मौके पर कई अन्य चिकित्सक समेत स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

### पेंशनर समाज की नवगठित कार्यकारिणी की बैठक

**नारदीगंज,नवादा।** पेंशनर भवन नारदीगंज में शुक्रवार को पेंशनर समाज के नवगठित कार्यकारिणी की बैठक हुई। अध्यक्षता पेंशनर समाज प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद व संचालन सचिव श्रीकान्त सिंह ने की। इस दौरान संगठन के मजबूती के साथ संगठन को विस्तार करने पर चर्चा की गई। सामाजिक गतिविधियों को सही तरीके से संचालन करने समेत अन्य बिंदुओं पर बात हुई। कार्यक्रम के बाद नवादा जिले में नाम रोशन करने वाले नारदीगंज के दो लोगों शुभकामनाएं देते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस मौके पर नारदीगंज निवासी कन्हाई लाल साहू कॉलेज के पूर्व प्राचार्य अलख पासवान को पासवान समाज का सर्व सम्मति से जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर बधाई दी गई। इसके अलावा सादिकपुर निवासी सह इंटर विद्यालय नारदीगंज के पूर्व प्राचार्य बलिराम प्रसाद सिंह का पौत्र रंजन कुमार (पिता संतोष कुमार) ने स्नाकोत्तर शोध की परीक्षा में उपलब्धि हासिल करने का गौरव प्राप्त किया है। इन दोनों को पेंशनर समाज के लोगों ने इस सफलता पर धन्यवाद ज्ञापित किया है। मौके पर कामता प्रसाद सिंह,चंद्रिका प्रसाद सिंह, कैलाश प्रसाद यादव, यमुना प्रसाद सिंह,रघुनंदन प्रसाद, प्रवीण कुमार, राजकुमार प्रसाद यादव, सियाशरण दास, फणीन्द्र मिश्र, यमुना सिंह समेत अन्य शमिल हुए।

### किसानों के बीच मृदा स्वास्थ्य कार्ड का किया वितरण

**कौआकोल।** प्रखण्ड परिसर अवस्थित ई किसान भवन में शुक्रवार को किसानों के बीच मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण किया गया। इस दरम्यान किसानों को आवश्यक जानकारी भी उपलब्ध कराई गई वहीं कृषि विभाग के अधिकारियों व कर्मियों ने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न कृषि योजनाओं की जानकारी दी। मौके पर प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी अनिल प्रसाद, कृषि समन्वयक मनीष पांडे, नीरज कुमार, शशिभूषण आनन्द, बबलू कुमार, किसान सलाहकार सुबोध कुमार, जितेन्द्र कुमार, रंजय कुमार, अनिल चौधरी, सचिन कुमार, सुभाष चौधरी, प्रखंड उद्यान पदाधिकारी विकाश कुमार आदि मौजूद थे।

### हिलसा में आज आएंगे मंत्री प्रमोद कुमार चंद्रवंशी

**हिलसा (नालंदा)।** हिलसा शहर में मई माह के दौरान बिहार सरकार के सहकारिता एवं पर्यावरण, वन तथा जलवायु परिवर्तन मंत्री प्रमोद कुमार चंद्रवंशी के आगमन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। मंत्री चंद्रवंशी भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा आयोजित अभिनंदन एवं सम्मान समारोह में शामिल होंगे। भाजपा के छह प्रमुख कार्यक्रमों में से एक भीमराव अंबेडकर जयंती सह समरसता दिवस को लेकर आयोजित इस कार्यक्रम में मंत्री चंद्रवंशी कार्यकर्ताओं के बीच पहुंचकर अपनी बात रखेंगे और संगठनात्मक ऊर्जा को और प्रबल करेंगे। तैयारी में सक्रिय कार्यकर्ताओं में आशुतोष कुमार गौरी, संजीव कुमार, मंजय कुमार, विकास कुमार, मोहम्मद सलम, राजेश कुमार, सतीश पासवान, मोहम्मद मोनू, कुणाल, विष्णु, लक्ष्मण कुमार, रंजीत रंजन, उदित नारायण, पंकज राज, निरज, शंभू सहित कई अन्य कार्यकर्ता शामिल हैं।

### करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**बिहारशरीफ।** राजगीर थाना क्षेत्र के मोरा गांव में शुक्रवार की सुबह करंट की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब युवक नहाने के लिए बाथरूम गया था। मृतक की पहचान मोरा गांव निवासी रामदेव तांती के 40 वर्षीय पुत्र दीपलाल तांती के रूप में हुई है। मृतक के भाई नीरज कुमार तांती ने बताया कि दीपलाल सुबह घर के बाथरूम में नहाने गए थे। इसी दौरान वे बाथरूम के दरवाजे से सटे बिजली के तार के संपर्क में आ गए। चूहों द्वारा काटे जाने के कारण वह तार सीधे दरवाजे को छू रहा था। करंट लगते ही दीपलाल जोरदार झटके से नीचे गिर पड़े और सिर फट गया। घर के बच्चों ने घटना की जानकारी दी, जिसके बाद परिजन उन्हें तुरंत राजगीर अनुमंडलीय अस्पताल ले गए। वहां से गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें पावापुरी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया, लेकिन इलाज के क्रम में उनकी मौत हो गई।

# जिला परिषद से 12 साल बाद भी नहीं मिली दुकानें, दुकानदारों की बढ़ी परेशानी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** 12 वर्ष पूर्व अनुमंडलीय अस्पताल से लेकर ब्लॉक रोड में जिला परिषद द्वारा दुकान बनाने के नाम पर दर्जनों लीजधारकों से रुपये लेने के बाद भी अब तक उन्हें दुकान नहीं दी गई हैं,जिससे दुकान लेने वाले लोगों की उम्मीदें अब टूट रही हैं। 12 वर्ष बीत जाने के बावजूद अब तक जिला परिषद, नवादा के द्वारा दुकानें लोगों को नहीं सौंपी गई हैं। हालांकि दुकान तो विगत कई वर्षों से बनकर तैयार है। उनमें लोहे की शटर भी लगी है। बावजूद लोगों को दुकानें नहीं मिल पा रही हैं, पुर्ण रूप से निर्मित व्यावसायिक दुकानों के आवंटन में भारी अनियमितता और मनमानी सामने आई है।

***12 वर्ष पूर्व लगभग 100 दुकानों के लिए दिया था पैसा***

मिली जानकारी के मुताबिक 12 वर्ष पूर्व लीज पर दुकान लेने लगभग 100 दुकानदारों ने 1000 का आवेदन फॉर्म भरने के बाद लॉटरी निकलने पर पहले 30 मार्च 2013 को 20 हजार रुपए और उसके बाद 12 जून 2013 को 1.23 लाख रुपए दो अलग-अलग किस्तों में जमा किया था। दुकान बनने के बाद दुकान लेने वाले लीजधारकों ने दुकान लेने के लिए कड़ी मशक्कत की,लेकिन इसका कोई लाभ उन्हें नहीं मिला। इस भेदभावपूर्ण कार्रवाई से परिषद की वित्तीय पारदर्शिता पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

आवंटियों ने आशंका जताई है कि या तो यह गंभीर प्रशासनिक विफलता है या फिर जानबूझकर आवंटन रोकने के पीछे कोई अनियमित वित्तीय लेन-देन का दबाव बनाया जा रहा है।

***तैयार दुकानों में लगा है ताला***

दुकानदार जिन्होंने लीज के नाम पर अपनी बचत की मोटी रकम सरकारी खजाने में जमा किया है। बावजूद दर्जनों दुकानदारों को अबतक दुकान नहीं मिला है वहीं कुछ दुकानदारों ने डीडीसी व डीएम से लेकर लोग मुख्यमंत्री के जनता दरबार तक गए,तो उन्हें पिछले वर्ष कुछ दुकानें दी गई थी किंतु अब भी तैयार दर्जनों दुकानों में तालाबंद करके रखा गया है, जिसका वितरण कब होगा,यह भविष्य के गर्त में है।

***मनमाना किराए से परेशान हैं लोग***

जिला परिषद से लीज पर दुकान लेने के लिए राशि जमा करने वाले रजौली के उदय शंकर,उमाशंकर,उदय कुमार आदि ने बताया कि 12 वर्ष पहले राशि जमा ले लिए जाने के बावजूद भी अब तक उन लोगों को जिला परिषद से दुकानें आवंटित नहीं की गई है।

***दुकानदारों ने लगाई गुहार***

लाभुक लोगों ने जिला परिषद के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी समेत डीएम से मांग की है कि जल्द से जल्द उन लोगों को दुकानें सौंपी जाए ताकि लोगों को बेरोजगारी की समस्या से जूझना न पड़े।उन्होंने तत्काल प्रभाव से इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई करने की मांग की है।

इस संबंध में एसीओ नवादा अमृतेश कुमार ने बताया कि रजौली में जिला परिषद की कुछ दुकानें निर्माणधीन है।जल्द ही निर्माण कार्य पूरा होने पर दुकानों का आवंटन दुकानदारों को किया जाएगा।

# 30 हजार धान युक्त नेवारी जलकर राख

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नारदीगंज, नवादा।** थाना क्षेत्र के हंड़िया पंचायत के दरियापुर गांव स्थित खलिहान में भीषण अग्निकांड हुआ। इस भीषण अगलगी में खलिहान में 30 हजार धान युक्त नेवारी जलने की बात कही जा रही है। पीड़ित किसानों में गांव के स्व. करम यादव का पुत्र मिश्री यादव,इंद्रदेव यादव,लालो यादव के अलावा प्रमोद यादव, विमलेश यादव, राजबल्लभ यादव समेत अन्य किसानों का क्षति पहुंची है। घटना शुक्रवार को तकरीबन दस बजे के आसपास में घटी। लोगों का कहना है कि आग लगने के कारणों का सही जानकारी नहीं मिल पा रही है। यहां आग कैसे लगी। सूचना पर पहुंचे पीड़ित परिवार के अलावा अग्निशमन विभाग के कर्मियों के अथक प्रयासों के बाद आग पर काबू पाया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि इस अग्निकांड में तकरीबन तीन लाख रुपये की क्षति पहुंची है। मुखिया अजय पंडित व पीड़ित किसानों ने सीओ से आपदा प्रबंधन कोष से सहयोग राशि उपलब्ध कराने की मांग की है। इस बाबत सीओ रईस आलम ने कहा राजस्व कर्मचारी को भेज कर स्थलीय जांचोपरांत सरकारी प्राविधान के मुताबिक पीड़ित किसानों को क्षतिपूर्ति की राशि दी जाएगी। पीड़ित मिश्री यादव समेत अन्य ग्रामीणों ने बताया गांव के निकट खलिहान है। इस खलिहान में के कई किसानों का धान युक्त नेवारी का बोझा और पुंज लगा हुआ है। खेत से धान का फसल काटकर रखें थे। अभी रबी फसलों के बुबाई व पटवन में लोग लगे हुए हैं। इसी बीच खलिहान से अचानक धुंआ निकलने लगा,तो लोग शोर मचाने लगे। अग्निशमन विभाग को सूचना दी गई। सूचना पर फायरब्रिगेड की गाड़ी पहुंची,और ग्रामीणों के सहयोग से आग पर किसी तरह काबू पाया गया।

# रजौली टोल प्लाजा बना 'ओवरचार्जिंग का अड्डा', फास्टैग के बावजूद हो रही खुली लूट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली।** बिहार और झारखंड को जोड़ने वाले सबसे व्यस्त मार्गों में से एक,रजौली स्थित टोल प्लाजा पर टोल ऑपरेटरों की मनमानी और तकनीकी गड़बड़ियों ने यात्रियों का जीना मुहाल कर दिया है। टोल प्लाजा पर ओवरचार्जिंग, बेवजह लंबी कतारें और फास्टैग प्रणाली में डिजिटल धोखे की शिकायतें चरम पर पहुंच गई हैं। दैनिक यात्री और ट्रांसपोर्ट यूनियनें लगातार आरोप लगा रहे हैं कि उनसे निर्धारित टोल शुल्क से अधिक वसूली की जा रही है, और कई बार तो फास्टैग के माध्यम से भुगतान होने के बावजूद भी उन्हें दोबारा नकद भुगतान के लिए मजबूर किया जाता है। यह 'डबल चार्जिंग' की समस्या सबसे विकट है, जहां यात्रियों के बैंक खातों से दो बार




पैसे कटते हैं, लेकिन टोल ऑपरेटर अपनी गलती मानने को तैयार नहीं होते।जबकी बीते माह 15 नवंबर से फास्ट कार्ड लगे नहीं रहने एवं कार में लगी फास्ट टैग ब्लैक लिस्ट रहने के बाद लोगों को लूट से बचाने के लिए स्कैनर लगाने का निर्देश दिया है। जिससे फिक्स चार्ज में पच्चीस प्रतिशत अधिक राशि देने पड़ते,लेकिन रजौली टोल पर ऐसे स्कैनर सार्वजनिक न कर सुपरवाइजरों एवं डाटा ऑपरेटर के मेल जोल से डबल पैसे लिए जा रहे हैं।

***लंबी कतारों से समय और ईंधन की बर्बादी***

राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने टोल प्लाजा पर ट्रैफिक जाम समाप्त करने के उद्देश्य से फास्टैग प्रणाली लागू की थी,जिसका दावा था कि एक वाहन 10 सेकंड से भी कम समय में टोल बूथ पार कर जाएगा। हालांकि, रजौली टोल प्लाजा पर हकीकत इस दावे से कोसों दूर है। तकनीकी खराबी, स्कैनर का ठीक से काम न करना और ऑपरेटरों की धीमी कार्यप्रणाली के कारण अक्सर वाहनों की कई बार लंबी कतारें लग जाती हैं।यात्रियों का कहना है कि उन्हें टोल बूथ पार करने में 10 से 15 मिनट तक का समय लग जाता है। गर्मी और ठंड के मौसम में यह इंतजार और भी कष्टदायक हो जाता है, साथ ही अनावश्यक रूप से खड़े रहने के कारण भारी मात्रा में ईंधन की बर्बादी भी हो रही है, जिससे पर्यावरण और यात्री, दोनों को नुकसान हो रहा है।

***रसीद न देना बन गया है सामान्य प्रथा***

शिकायतों को रोकने के लिए, टोल प्लाजा पर अनियमितता की स्थिति में ऑपरेटर जानबूझकर यात्रियों को वैध रसीद या टोल टिकट देने से इनकार कर देते हैं। टोल रसीद ही वह एकमात्र प्रमाण होती है, जिसके आधार पर यात्री अपने साथ हुई ओवरचार्जिंग या डबल चार्जिंग की शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

***एनएचएआई और प्रशासन की चुप्पी पर सवाल***

यात्रियों और स्थानीय ट्रांसपोर्ट यूनियनों ने इस गंभीर मामले में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और जिला प्रशासन की उदासीनता पर गहरे सवाल उठाए हैं। बार-बार शिकायतें दर्ज कराने के बावजूद, टोल प्लाजा के खिलाफ कोई कठोर कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे यह अनियमितता लगातार बढ़ती जा रही है। लोगों ने मांग की है कि एनएचएआई पर हो रहे इंट्री जैसा खेल को रोकने एवं अनैतिक कार्य करने वाले लोगों के लिए तत्काल प्रभाव से टोल प्लाजा पर एक उच्च-स्तरीय जांच टीम भेजे, दोषी ऑपरेटरों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करे, और सभी पीड़ित यात्रियों के काटे गए अतिरिक्त शुल्क को वापस करने की पारदर्शी प्रक्रिया शुरू करे।

# बारात में शामिल होने जा रहे दो युवक दुर्घटना के शिकार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली।** थाना क्षेत्र के अंधरबारी स्थित ओवर ब्रिज पर गुरुवार की रात्रि लगभग 8 बजे पैदल जा रहे एक व्यक्ति में बाइक ने टक्कर मार दी। इस सड़क दुर्घटना में बाइक पर सवार रहे दो लोग गम्भीर रूप से जख्मी हो गए। वहीं पैदल चल रहा युवक को भी घायल हो गया। सड़क दुर्घटना की खबर स्थानीय लोगों एवं परिजनों को मिलते ही वे घायलों को अस्पताल में इलाज हेतु भर्ती करवाया। अस्पताल में ड्यूटी में रही महिला चिकित्सक डॉ. सारिका स्वराज ने बताई कि सड़क दुर्घटना में घायल लोगों की पहचान करिगांव निवासी विजय सिंह के पुत्र सानू सिंह व विनय सिंह के पुत्र अखिलेश कुमार सिंह एवं अंधरबारी गांव निवासी बंगली राजवंशी के पुत्र दिनेश राजवंशी के रूप में हुई है। चिकित्सक ने कहा कि घायल सोनू सिंह के सिर में गम्भीर चोटें आई है,जिसका प्राथमिक इलाज कर बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल नवादा रेफर किया गया है।

# छात्र-छात्राओं के लिए क्रैश कोर्स का आयोजन

**बिहारशरीफ।** जिला पदाधिकारी, नालन्दा के निर्देशानुसार ,जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा जिलेभर के छात्र-छात्राओं के सुविधा हेतु गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं डिजिटल लर्निंग को लेकर शिक्षा विभाग के संबंधित पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए गए हैं। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं डीजिटल टीचिंग लर्निंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला प्रशासन, नालन्दा तथा शिक्षा विभाग, नालन्दा के संयुक्त प्रयास से वर्ष 2025 से उन्नयन बिहार योजनान्तर्गत बिहार बोर्ड के पाठ्यक्रम के अनुरूप माध्यमिक तथा उच्च माध्यमिक छात्राओं के लिए (9वीं से 12वीं) अकादमिक कक्षाओं का उन्नयन लाइव क्लासेज के यूट्यूब लिंक https://youtube.com/@unnayanbiharpurnea के माध्यम से सम्पन्न कराया जा रहा है। जिला पदाधिकारी के आदेशानुसार आगामी 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा-2025 को देखते हुए जिले के छात्र-छात्राओं के लिए क्रैश कोर्स का आयोजन दिनांक-24 नवम्बर से किया जा रहा है। आगामी बोर्ड परीक्षा में नालन्दा जिला के बेहतर प्रदर्शन के उद्देश्य से निम्न कार्यक्रम निर्धारित किए गए है। जिसमें नालन्दा लाईव क्लासेज अन्तर्गत 24 नवम्बर 2025 से (कक्षा Xth & XIIth) बिहार बोर्ड एग्जामिनेशन 2026 के लिए आयोजित क्रैश कोर्स की पहुँच सभी संबंधित छात्र/छात्राओं तक पहुँचे। इसके लिए सभी उच्च माध्यमिक विद्यालय शेड्यूल के अनुसार विद्यालय में लाईव क्लासेज का संचालन सुनिश्चित करायेंगे तथा शत प्रतिशत बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे। इस कार्य में सभी नोडल/नामित/वर्ग शिक्षक दृढ़ता से सहयोग करेंगे, अन्यथा कार्रवाई की बाध्यता होगी,सभी 282 उच्च माध्यमिक विद्यालयों में सम्पन्न सेंटप परीक्षा 2025 के प्राप्तांक के आधार पर चिन्हित उच्च प्राप्तांक वाले 20 बच्चों के लिए टेस्ट सीरीज़ का आयोजन जनवरी 2026 के प्रथम सप्ताह में किया जाएगा, प्रत्येक उच्च माध्यमिक विद्यालय से टॉपर 20 छात्र/छात्राओं के मध्य ओएमआर सहित टेस्ट सिरिज का आयोजन एवं उनका मूल्यांकन कार्य जिला स्तर पर कराकर चिन्हित 50 टॉपर छात्र/छात्राओं के लिए अलग से स्पेशल क्लॉस का संचालन किया जायेगा एवं उनके लिए विशेष लिखित प्रैक्टिस परीक्षा का भी आयोजन किया जायेगा।

## प्लस पोलियो अभियान को लेकर बैठक

**बिहारशरीफ।** हरनौत प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार भवन में शनिवार को प्लस पोलियो अभियान की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के एमओआईसी डॉ. राजीव रंजन सिन्हा ने बताया की अभियान संचालन, टीमों की तैनाती और जिम्मेदारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। डॉ. सिन्हा ने बताया कि प्लस पोलियो अभियान 14 दिसंबर से शुरू होकर 18 दिसंबर तक चलेगा। इस दौरान शून्य से पांच वर्ष की आयु तक के बच्चों को स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर पोलियो की खुराक पिलाएंगे।


**Govt. of Bihar**

**Public Health Engineering Department**
**Public Health Engineering Division, Aurangabad**

**VERY SHORT RE-TENDER NIT No-10R2/2025-26 (O&M-PRD)**

National Competitive Bidding

(Through e-procurement mode on www.eproc2.bihar.gov.in)

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Designation and Address of Advertiser | Executive Engineer, Public Health Division, **Aurangabad** |
| 2 | Date of issue of Tender Notice | 02.12.2025 |
| 3 | Period of sale (downloading) of tender Bid Document | 11.12.2025 to 17.12.2025 up to17:00 Hrs. through www.eproc2.bihar.gov.in |
| 4 | Date, time & place of pre-bid meeting | 12.12.2025 at 11.30 hrs. hrs in the Office of Executive Engineer P. H. Division, **Aurangabad.** |
| 5 | Last date and time of receipt (uploading) of tender | 17.12.2025 up to 17:00Hrs on www.eproc2.bihar.gov.in |
| 6 | Date and time of opening of technical bid | 18.12.2025 at 10:00Hrs on www.eproc2.bihar.gov.in |
| 7 | Date and time of opening of financial bid | Executive Engineer, Public Health Division, **Aurangabad** |

8. **Details of works:** Name of Work:- Comprehensive operation and maintenance and Special repair of ward level Piped Water Supply Schemes constructed by the "Panchayati Raj Department" and handed over to PHED for 4 years; excluding the cost of energy charges and operator wages.

| Gr. No. | Block | Estimated Cost (in Lakh) | Amount of Earnest Money (in Lakh) | Cost of Tender Document (non-refundable) (in Rs.) | BSEDC Bid Processing Fee (in Rs.) | Time Period of maintenance (in months) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 2 | Navinagar, Barun, Kutumba -Total No of Scheme-715 | 1544.40 | 25.45 | 10000 | 5900 | 48 Month |

**Executive Engineer**
**Public Health Division, Aurangabad.**

For further details please visit website **state.bihar.gov.in/prdbihar**

PR- 018945 ( P H E D ) 2025-26

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।



**पूर्व मध्य रेल**

**ई–नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा निम्न वर्णित पार्किंग स्टैंडो के संचालन हेतु ई–नीलामी आमन्त्रित किया जाता है। विस्तृत विवरण निम्न है:–

**1. AA/1 : कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि :** सासाराम रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित दो पहिया वाहन पार्किंग स्टैंड का संचालन 03 वर्षो के लिए।, **ई–नीलामी कैटेलॉग संख्या :** Parking-Mix-28, **ई–नीलामी लॉट संख्या :** PARKING-DDU-SSM-TW-16-25-1, **ई–नीलामी की तिथि एवं समय :** ई–नीलामी दिनांक 17.12.2025 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:30 बजे बंद होगी।

**AB/1 : कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि :** पंडित दीन दयाल उपाध्याय स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित प्रीमियम कार पार्किंग स्टैंड का संचालन 03 वर्षो के लिए।, **ई–नीलामी कैटेलॉग संख्या :** Parking-Mix-28, **ई–नीलामी लॉट संख्या :** PARKING-DDU-DDU-PR-59-22-1, **ई–नीलामी की तिथि एवं समय :** ई–नीलामी दिनांक 17.12.2025 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:40 बजे बंद होगी।

**AA/1 : कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि :** पंडित दीन दयाल उपाध्याय रेलवे स्टेशन के दक्षिण तरफ में स्थित मिक्स पार्किंग (दो पहिया, तीन पहिया और चार पहिया) वाहन पार्किंग स्टैंड का संचालन 03 वर्षों के लिए।, **ई–नीलामी कैटेलॉग संख्या :** Parking-DDU-SOU, **ई–नीलामी लॉट संख्या :** PARKING-DDU-DDU-MX-67-25-1, **ई–नीलामी की तिथि एवं समय :** ई–नीलामी दिनांक 18.12.2025 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:30 बजे बंद होगी।

**2. वेबसाईट का पता जहाँ ई–नीलामी का पूर्ण विवरण उपलब्ध है: www.ireps.gov.in (E-auction Leasing)**

**मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पू०म०रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय**

पीआर/1394/डीडीयू/सीओएमएमएल/ईएएन/25–26/56

# मुख्य सचिव ने किया डोभी के इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर का निरीक्षण

## गयाजी में औद्योगिक बदलाव की शुरुआत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** बिहार में औद्योगीकरण को गति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने शुक्रवार को डोभी प्रखंड में प्रस्तावित 1670 एकड़ में फैले इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर (आईएमसी) परियोजना स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पथ निर्माण विभाग के सचिव संदीप कुमार आर पुडकलकट्टी, उद्योग विभाग के सचिव कुंदन कुमार, ऊर्जा विभाग के सचिव मनोज कुमार, जल संसाधन विभाग के सचिव सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान मुख्य सचिव ने कहा कि इस औद्योगिक क्षेत्र में जल्द ही सड़क, बिजली और पानी की सुविधा सुनिश्चित की जाएगी। ताकि बड़े और मध्यम स्तर के उद्योग यहां निवेश कर सकें और रोजगार के अवसर पैदा हों। उन्होंने निर्माणाधीन सड़क और विभिन्न संभावित लोकेशन का पैदल और वाहन दोनों से निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र को मॉडल औद्योगिक हब के रूप में विकसित किया जाएगा। जिला पदाधिकारी शशांक शुभंकर ने नक्शे के माध्यम से पूरे क्षेत्र की संरचना, उपलब्ध भूमि, भविष्य की औद्योगिक इकाइयों, सड़क संपर्क और लॉजिस्टिक कनेक्टिविटी की विस्तृत जानकारी मुख्य सचिव को दी। निरीक्षण के दौरान मुख्य सचिव ने जिला प्रशासन को निर्देश दिया कि इंडस्ट्रियल क्षेत्र में प्रस्तावित सभी लिंक रोड का विस्तृत कनेक्टिविटी मैप तैयार किया जाए, ताकि जीटी रोड, रेलवे और एयरपोर्ट से सीधा संपर्क सुनिश्चित हो सके। पथ निर्माण विभाग के सचिव ने बताया कि जीटी रोड से इंडस्ट्रियल पार्क तक सड़क निर्माण के लिए एलाइनमेंट तैयार कर लिया गया है और सरकारी भूमि वाले हिस्सों में निर्माण कार्य आरंभ भी कर दिया गया है। यह परियोजना अमृतसर-दिल्ली-कोलकाता औद्योगिक कॉरिडोर का हिस्सा है और इसे गया जिले के लिए आर्थिक रूप से परिवर्तनकारी माना जा रहा है। इस कॉरिडोर से निकटता के कारण डोभी क्षेत्र को औद्योगिक विकास के लिए उपयुक्त स्थान माना जा रहा है। जिला प्रशासन के अनुसार इस प्रोजेक्ट में बड़े और मध्यम उद्योग स्थापित किए जाएंगे और यहां रेलवे, सड़क तथा एयर कनेक्टिविटी उपलब्ध कराई जाएगी। परियोजना के लिए चिह्नित 13 मौजा में कुल 1670.22 एकड़ भूमि शामिल है। सरकार द्वारा अब तक 370 करोड़ रुपये की प्राप्त राशि में से 200 करोड़ से अधिक की राशि मुआवजे के रूप में वितरित की जा चुकी है। जिला प्रशासन ने बताया कि उद्योग स्थापन के लिए भूमि आवंटन प्रक्रिया जारी है और इंडस्ट्रियल पार्क में कॉमन फैसिलिटी सेंटर समेत सभी आवश्यक औद्योगिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। निरीक्षण के दौरान आयुक्त मगध प्रमंडल, आईजी मगध प्रक्षेत्र, वरीय पुलिस अधीक्षक, नगर पुलिस अधीक्षक, जिला वन पदाधिकारी, नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता तथा अन्य जिला और अनुमंडल स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## शिक्षकों एवं बच्चों को बाल विवाह रोकथाम को लेकर दिलायी गयी शपथ




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** महिला एवं बाल विकास निगम गया एवं कवच परियोजना सेंटर डायरेक्ट स्वयंसेवी संस्था गया द्वारा कोच प्रखंड के मध्य विद्यालय खजुरी में 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत विद्यालय के सभी शिक्षक एवं बच्चों के बीच बाल विवाह रोकथाम हेतु शपथ दिलाया गया। सभी बच्चों के द्वारा शपथ लिया गया कि वे अपनी शादी 18 वर्ष से पहले (लड़की) एवं 21 वर्ष से पहले (लड़के) तक नहीं करेंगे और अपने समुदाय में लोगों को जागरूक करेंगे कि लोग भी अपने लड़की की शादी 18 वर्ष और लड़का की शादी 21 वर्ष से पहले न करें। यदि कोई बाल विवाह की जानकारी मिलती है तो इसकी सूचना विद्यालय के प्रधानाध्यापक को देंगे। सभी बच्चों को चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 और 112 के बारे बताया गया। सभी सदस्यों ने सामूहिक रूप से शपथ लिया कि अपने पंचायत और समुदाय को बाल विवाह मुक्त एवं बाल हितैषी पंचायत बनाने में मदद करेंगे। कार्यक्रम में डॉ. रश्मि वर्मा जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आईसीडीएस गया, बाल विकास योजना पदाधिकारी, कोच जिला मिशन समन्वयक महिला एवं बाल विकास निगम गया, विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिका आदि लोगों की सहभागिता रही।

## प्रेम प्रसंग में युवक की गोली मारकर हत्या मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कोंच।** ददरेजी बाजार के समीप युवक की हत्या मामले में पुलिस ने शुक्रवार को दो नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष सुदेह कुमार ने बताया कि कांड संख्या 545/25 में आरोपी योगेंद्र यादव उर्फ जोगिंद्र यादव और उनके पुत्र आलोक कुमार, निवासी बीजहरा को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि दोनों पिता-पुत्र हैं। इससे पूर्व इस मामले में मां-बेटी को भी न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है। विगत दिनों ददरेजी से करीब एक किलोमीटर पश्चिम बिजहरा मार्ग पर युवक की गोली मारकर हत्या की घटना सामने आई थी। मृतक संजय कुमार (26 वर्ष) पिता विनेशी यादव, निवासी काजी बिगहा, टेकारी, ददरेजी में अपने भाई की बाइक रिपेयरिंग दुकान पर काम करता था। उसके दोनों पैर रस्सी से बंधे थे और बेल्ट से पिटाई के बाद सिर में गोली मारी गई थी। गंभीर हालत में उसे सीएचसी कोंच से गया मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी।

## वाहन दुर्घटना में घायल युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** गया-दाउदनगर मुख्य पथ स्थित पंचानपुर सिंघौल मोड़ के समीप वाहन दुर्घटना में घायल युवक की मौत इलाज के क्रम में हो गई है। जानकारी के अनुसार सिंघौल मोड़ की तरफ मुड़ रही हाइवा से गया की ओर जा रही तेज रफ्तार चार पहिया वाहन जा टकराई। घटना में चार पहिया वाहन के परखच्चे उड़ गये। वाहन के दोनों एयर बैग खुल गये जिससे कई लोगों की जान बची। वाहन सवार चालक सहित पांच लोग घायल हो गये थे। मौके पर पहुंची पुलिस व स्थानीय लोगों ने सभी घायलों को निकाल पंचानपुर स्थित निजी क्लिनिक पहुंचाया जहां से एक घायल को बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल रेफर कर दिया गया वहीं चारों घायलों का इलाज कर घर भेजा गया। मगध मेडिकल में इलाजरत घायल की मौत शुक्रवार को इलाज के क्रम में हो गई। मृतक की पहचान रफीगंज थाना क्षेत्र के चरकावा निचली डीह निवासी सुरेश यादव के 26 वर्षीय पुत्र रोहित कुमार के रूप में हुई। रोहित अपने अन्य साथियों के साथ दोस्त की बारात में शामिल होने रफीगंज से मानपुर जा रहा था। घटना के बाद शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया गया। पंचानपुर थानाध्यक्ष पद्माकर उपाध्याय ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त वाहन को जब्त कर लिया गया। मेडिकल में ही घायल का फर्दबयान कराया गया है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी तेज

### थाना प्रभारियों को नोटिस तामिला समय पर पूरा करने का निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी (ग्रामीण)।** अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय शेरघाटी में 13 दिसम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के उद्देश्य से तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार मदन किशोर कौशिक के निर्देशानुसार जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम-सह-अध्यक्ष, अनुमंडल विधिक सेवा समिति शेरघाटी लवकुश कुमार ने शुक्रवार को शेरघाटी अनुमंडल के सभी थाना प्रभारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में लोक अदालत की कार्यप्रणाली, मामलों के चयन और नोटिस तामिला जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम लवकुश कुमार ने थाना प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि लोक अदालत से संबंधित सभी नोटिसों का तामिला निर्धारित समय सीमा के भीतर हर हालत में सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि तामिला रिपोर्ट को कार्यालय में समय पर जमा करना बेहद आवश्यक है। ताकि मामलों की सूची को अंतिम रूप देने में किसी प्रकार की बाधा न आए। उन्होंने यह भी अपील की कि पुलिस प्रशासन आमजन के बीच 13 दिसम्बर को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रति जागरूकता फैलाने में सहयोग करे, ताकि अधिक से अधिक पक्षकार अपनी लंबित वादियों के निपटारे हेतु अदालत में उपस्थित हो सके। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत का मूल उद्देश्य आपसी सुलह-सहमति के आधार पर सुल्हनीय वादों का त्वरित निपटारा करना है। यह न केवल पक्षकारों का समय और धन की बचत करता है, बल्कि अदालतों पर लंबित मामलों का बोझ भी कम करता है। बैठक में शेरघाटी अनुमंडल के सभी थाना प्रभारी मौजूद रहे और तैयारियों का जायजा लिया गया।

## 13 दिसम्बर को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार मदन किशोर कौशिक के निर्देशानुसार जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम सह अध्यक्ष अनुमंडल विधिक सेवा समिति शेरघाटी लवकुश कुमार की अध्यक्षता में सभी थाना प्रभारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी 13 दिसम्बर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम लवकुश कुमार ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि लोक अदालत से संबंधित सभी नोटिस का तामिला समय पर सुनिश्चित कराएं तथा तामिला रिपोर्ट कार्यालय में शीघ्रता से जमा करें। साथ ही उन्होंने कहा कि थाना स्तर पर आम जनता के बीच राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रति व्यापक जागरूकता फैलाने में पुलिस की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य आपसी सुलह-समझौते के माध्यम से सुल्हनीय वादों का त्वरित एवं सरल समाधान करना है जिससे लोगों को न्यायालयों में लंबित मामलों से राहत मिल सके। इसके माध्यम से समय, धन और श्रम की भी बचत होती है। बैठक में शेरघाटी अनुमंडल के सभी थानों के थानाप्रभारी उपस्थित रहे और लोक अदालत को सफल बनाने के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

## साइकिल सवार को बचाने में बाइक अनियंत्रित, युवक घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र के मौला बिगहा निवासी एक युवक बाइक का नियंत्रण खोने से गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना गुरुवार शाम लगभग 7:30 बजे रफीगंज-गोह मुख्य पथ पर स्थित चरवाहा विद्यालय के पास हुई। बताया गया कि बाइक सवार परमिंदर यादव, पिता स्व. जगदेव यादव, सड़क पर अचानक सामने आए एक साइकिल सवार को बचाने के प्रयास में संतुलन खो बैठा जिससे वह सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे तुरंत सीएचसी रफीगंज पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने बताया कि उसका बायां पैर टूट गया है तथा दाहिने कान से गंभीर रूप से खून बह रहा था। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज गया रेफर कर दिया गया।

## मारपीट मामले में तीन नामजद आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कोंच।** कोंच थाना क्षेत्र के गरारी बलवा गांव में मारपीट मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष सुदेह कुमार ने बताया कि पीड़ित मंटू पासवान के आवेदन पर कोंच थाना कांड संख्या 480/25 दर्ज किया गया था। मामले की जांच के दौरान आरोप सही पाए जाने पर प्राथमिकी अभियुक्त अनूज दास पिता श्यामनंदन दास, दीपक दास पिता स्व. सियाराम दास तथा सनुज कुमार उर्फ सनोज दास पिता श्यामनंदन दास, सभी निवासी गरारी बलवा को गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि तीनों आरोपियों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के उपरांत न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## प्रखंड स्तरीय कार्यों की समीक्षा, कार्यपालक सहायकों की उपस्थिति पर उठे सवाल



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** प्रखण्ड कार्यालय कोंच के सभागार भवन में शुक्रवार को प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी अभिषेक कुमार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्यमंत्री कन्या विवाह मण्डप, पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र निर्गत करने की प्रक्रिया सहित प्रखंड एवं अंचल स्तरीय विभिन्न कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान परसावां पंचायत के मुखिया दिलीप कुमार ने कार्यपालक सहायकों की अनियमितता पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि कार्यपालक सहायकों को अक्सर जिले में प्रतिनियुक्त कर लिया जाता है जिससे पंचायत स्तर पर काम बाधित होता है। पंचायत में लगाए गए बायोमेट्रिक मशीन पर पंचायत की राशि खर्च होने को भी उन्होंने अनुचित बताया। साथ ही पूर्व में कराए गए कार्यों के भुगतान लंबित रहने और पंचायतों में सोलर लाइट लगाने की मांग पर भी चर्चा हुई। बैठक में बताया गया कि कुल 18 कार्यपालक सहायकों में मात्र 9 उपस्थित थे जबकि बाकी अनुपस्थित रहे जिस पर नाराजगी व्यक्त की गई। मौके पर अंचलाधिकारी मुकेश कुमार, गौहरपुर मुखिया शिव कुमार चौहान, खजूरी मुखिया रेणु शर्मा, श्रीगांव मुखिया कलावती कुमारी सहित विभिन्न पंचायतों के प्रतिनिधि, सचिव, लेखापाल एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर मौजूद थे।

## स्वैच्छिक रक्तदान शिविर कल

**गयाजी (नबिटा ब्यूरो)।** अखिल विश्व गायत्री परिवार ने मगध युवा प्रकोष्ठ के तत्वाधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया है। कार्यक्रम में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी ब्लड बैंक की टीम शामिल होगी।


**NAME CHANGE**

I KUMAR ANIKET S/O PRAMOD KUMAR SINGH R/O Korlahi Mansingh Sitamarhi Bihar-843117 changed the name of my minor Son BABY OF PRIYOM BAROOAH alias REYANSH SANDILYA to REYANSH SANDILYA aged 9 Years.

**NAME CHANGE**

I, SHIVJEE GUPTA ALIAS SHIV ZONAL S/O SACHCHIDANAND GUPTA R/o Vill-Parasathua, Post-Kathrain, Thana-Kochas, Parsathua, Rohtas, Bihar-821108, have changed my name to SHIV ZONAL.

**NAME CHANGE**

I, MEDHA ALIAS MEDHA PARASHAR D/O PANKAJ KUMAR R/o Rahul Nagar, M.I.T., Muzaffarpur, Bihar-842003, have changed my name to MEDHA PARASHAR

**NAME CHANGE**

I AAKANKSHA SINHA W/O DEBASHISH BHATTACHARYA R/O Sanehi Sadan J.P. Chowk Bhagwandas Darbhanga Bihar-846004 changed my name to AAKANKSHA BHATTACHARYA

**NAME CHANGE**

I ASHISH KUMAR S/O ARBIND PRASAD MANDAL R/O Ward No-03 Rampur Bhagalpur Bihar-813222 changed my name to ASHISH KUMAR SINHA.

**NAME CHANGE**

I ANJU DEVI alias ANJU SHARMA W/O ANIL KUMAR SINGH R/O Road No-1 Shivam General Store Vivek Vihar Hanuman Nagar Kankarbagh Sampatchak B H Colony Patna Bihar-800026 changed my name to ANJU SHARMA.



**Government of Jharkhand**
**Rural Works Department**
**JHARKHAND STATE RURAL ROADS DEVELOPMENT AUTHORITY (JSRRDA)**
3rd Floor, F.F.P. Building, Dhurwa, Ranchi 834004

**NOTICE INVITING TENDERS**
(National Competitive Bidding Through e-Procurement)

**eTender No.- 05/ 2025-26** **Ranchi, Dated: 05.12.2025**

**PR No- 364457 dated 18.10.2025**

The undersigned on behalf of Government of Jharkhand invites item rate bids through e-Procurement from the eligible bidders registered* in appropriate class with any State/Central Government/State /Central Government Organization for construction and maintenance for five years of the works (List of schemes shall be displayed in the website pmgsytendersjhr.gov.in) of Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna PM-JANMAN (Batch-1, 2025-26).

| Sr. No | District Name | Block Name | Tendering Package | Road Name / Bridge Name | Road Length (Kms) | Sanction Construction Cost (in lakhs) | Sanction Maintenance Cost (in lakhs) | Total Sanction Cost with Maint. (in lakhs) | Total Package Cost (in lakhs) | Earnest Money (In Lakh) | Time of Completion (in month) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 1 | Garhwa | Bhandaria | JH-07-PMJANMAN-GAR-01 (2025-26) | L021-Bathan Toli To Kochli (Barkol Kalan) | 3.400 | 275.68 | 30.01 | 305.69 | 1,288.48 | 25.77 | 18 |
| | Garhwa | Bhandaria | | L023-Madgari Road To T otki | 4.300 | 369.92 | 36.41 | 406.33 | | | |
| | Garhwa | Chinia | | L023-Pmgsy Uday More To Parsukhar Road | 2.000 | 177.58 | 18.25 | 195.83 | | | |
| | Garhwa | Ranka | | L022-Pwd Main Road To Amhar | 3.800 | 347.95 | 32.68 | 380.63 | | | |
| 2 | Garhwa | Ramkanda | JH-07-PMJANMAN-GAR-03 (2025-26) | L021-Kuswar To Sarkahi Main Road | 1.000 | 83.89 | 9.21 | 93.10 | 1,199.37 | 23.99 | 18 |
| | Garhwa | Chinia | | L025-Chapla Alias Chophlo More To Dogwa Khar | 2.500 | 228.65 | 23.68 | 252.33 | | | |
| | Garhwa | Chinia | | L021-Rotohi mahua Tola To Chhateliya Road | 4.040 | 365.74 | 36.92 | 402.66 | | | |
| | Garhwa | Chinia | | L024-Pmgsy Side To Piahiya village Road | 4.750 | 411.77 | 39.51 | 451.28 | | | |
| 3 | Pakur | Littipara | JH-16-PMJANMAN-PAK-07 (2025-26) | L042-Reo Road Chhota katlu school to PWD Road chhota Katlu | 1.000 | 99.33 | 3.75 | 103.08 | 971.73 | 19.44 | 15 |
| | Pakur | Littipara | | L045-Pwd Road Bara murjora to Bara gagri via Sinlag Pahar | 2.000 | 197.28 | 20.45 | 217.73 | | | |
| | Pakur | Littipara | | L046-Behra pahar to katlo pahar | 3.500 | 345.84 | 32.32 | 378.16 | | | |
| | Pakur | Littipara | | L048-Reo Road Bara Katlu to Nawadih | 2.500 | 249.97 | 22.79 | 272.76 | | | |
| | | Total | | | 34.79 | 3153.6 | 305.98 | 3459.58 | 3459.58 | | |

The bid should be submitted online in the website **pmgsytendersjhr.gov.in**. The bidders should have valid Digital Signature Certificate for online submission of bid. Details of bid submission is as under:

| Procurement Officer | Place of Opening | Availability of tender (on-line) for bidding | | Last date & time of seeking clarification | Last date and time of bid submission | Date & time of opening (on-line) of tender | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | From | To | | | Technical bid | Financial bid |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 8 | 9 |
| Engineer in Chief, JSRRDA, Ranchi | Engineer in Chief JSRRDA, Ranchi | 08.12.2025 at 10.00 AM | 22.12.2025 upto 5.00 PM | 15.12.2025 upto 2.00 PM | 22.12.2025 upto 5.00 PM | 22.12.2025 at 05.30 PM | To be informed later |

** Non-registered bidders may also submit bid, however the successful bidders must get registered in appropriate class with appropriate authority before signing the contract. ** Cost may change.*

**Note :-**

1. Amount of Bid Security should be taken as mentioned in the Bid Data Sheet of the Bidding Document.
2. Cost of Bid Document (Rs. 10000) and Bid Security (as mentioned in the Bid Data Sheet) shall be deposited **online** in form as mentioned in Bid Data Sheet failing which the bid will be treated non responsive and action shall be taken as per Sec. 2 of ITB clause 12.2 (d).
3. In case, it is found, even after the award of work that the bidder has submitted/ uploaded any false/erroneous/fraudulent statement/document, he/she is liable for blacklisting and forfeiture of Bid Security.
4. Bidders must submit GST registration certificate without which bid is liable to be rejected.
5. Bidders whose names appear in the Debar/blacklist of RWD or any department of GoJ/GoI (including JSRRDA) shall not be allowed to participate in the above bids.
6. Bids submitted by bidders, who have long pending ATR(s) made inordinate delay in execution of earlier allotted construction/ maintenance works of PMGSY, may be rejected summarily.
7. In case of any discrepancy/dispute about units in BOQ, units as mentioned in Current SOR on which BOQ has been prepared shall prevail.
8. Participating bidders are free to submit grievances, if any, against the decision of technical evaluation within five days from the date of uploading of decision of technical evaluation only through email at **jh-ce@pmgsy.nic.in** Grievance submitted after stipulated period shall not be considered.
9. Bidders must have valid registration with Employee Provident Fund organization under EPF and Miscellaneous Provisions Act 1952 failing which the bid shall be rejected.
10. Bidders must not quote rate for routine maintenance. The amount for routine maintenance as indicated in the Bill of Quantities must be acceptable to bidders.
11. For unbalanced bids, extra security will be required to be deposited by the bidder at the time of Agreement.
12. The undersigned reserves the right to cancel the tender at any stage without giving prior notice/reason.

All other details can be seen in the bidding document which is available in website **pmgsytendersjhr.gov.in** as per schedule mentioned above.

**Sd/-**
**Engineer-in- Chief**
**Rural Works Department- Cum-**
**JSRRDA, Ranchi**

PR 367809 (Rural Work Department) 25-26 (D)

संपादकीय

# 'संचार साथी': बवाल और सवाल

देश में सभी मोबाइल स्मार्ट फोनों में साइबर क्राइम रोकने के नाम पर 'संचार साथी एप' इन बिल्ट इंस्टाल करने के मोदी सरकार के आदेश पर बवाल मचना ही था। क्योंकि इसे व्यक्ति की निजता की सुरक्षा में सेंध माना जा रहा है। विपक्ष और निजता सुरक्षा के पैरोकार इस आदेश का भारी विरोध कर रहे हैं। आरोप है कि सरकार संचार एप के जरिए लोगों की जासूसी करना चाहती है। विपक्ष ने तो इसे पेगासस 2 नाम भी दे दिया है। हालांकि यह आरोप आशंका से ज्यादा प्रेरित है, लेकिन इसे पूरी तरह खारिज नहीं किया जा सकता। हालांकि संसद में इस पर हुए हंगामे के बाद केन्द्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि संचार एप अनिवार्य न होकर स्वैच्छिक है। लोग इसे चाहें तो हटा भी सकते हैं। लेकिन ज्यादातर लोगों को इस पर भरोसा नहीं हो रहा। गौरतलब है कि भारत सरकार के दूरसंचार विभाग ने विगत सोमवार को देश में सभी स्मार्ट फोन निर्माताओं को निर्देश दिया है कि वे मार्च 2026 से बेचे जाने वाले नए मोबाइल फोन में संचार साथी एप को प्री-इंस्टॉल करके रखें। स्मार्टफोन निर्माता इस बात को सुनिश्चित करें कि एप को न तो डीएक्टिवेट किया जाए और न ही इस पर किसी तरह की पाबंदियां लगें। निर्देशों में यह भी कहा गया है कि संचार साथी एप का उपयोग 'मोबाइल उपकरणों में प्रयुक्त आईएमईआई की प्रामाणिकता सत्यापित करने' के लिए किया जाएगा। हालांकि इस आदेश में स्पष्ट नहीं है कि संचार एप की उन उपकरणों के आईएमईआई नंबर तक स्वतः पहुँच होगी, जिन पर इसे प्री-इंस्टॉल किया गया है या यूजर्स को स्वयं यह हार्डवेयर पहचान संख्या दर्ज करनी होगी। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने मोदी सरकार के इस क़दम की आलोचना की है। पार्टी ने इसे असंवैधानिक बताते हुए इन निर्देशों को तत्काल वापस लेने की मांग की है। जबकि इस निर्देश के बचाव में डीओटी ने कहा कि यह क़दम नागरिकों को नकली हैंडसेट ख़रीदने से बचाने और दूरसंचार संसाधनों के दुरुपयोग को समझने में मदद के लिए उठाया गया है। उल्लेखनीय है कि संचार साथी ऐप, जिसे पहली बार 2023 में एक पोर्टल के रूप में शुरू किया गया था। जिसका उपयोग स्कैम कॉल की रिपोर्ट दर्ज करने, यूजर्स को उनके नाम पर रजिस्टर्ड सिम कार्ड की पहचान करने और फोन चोरी होने पर उसे निष्क्रिय करने के लिए किया जाता रहा है। सरकार का दावा है कि इस एप के जरिए पहले हजारों चोरी हुए मोबाइलों को खोजा जा चुका है। यह भारत के दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (टीआरएई) के डीएनडी ऐप की तरह है। इसका इस्तेमाल व्यावसायिक स्पैम को रोकने के लिए होता है। लेकिन भारत में स्मार्ट फोन बनाने वाली बड़ी कंपनी एपल ने इस आदेश को मानने से इंकार कर दिया है। दरअसल हर भारतीय नागरिक की निगरानी का टूल है। यह हर नागरिक की गतिविधियों और फ़ैसले पर नज़र रखेगा। दूसरी तरफ बीजेपी सांसद शशांक मणि त्रिपाठी ने कहा कि इस एप से गोपनीयता को कोई खतरा नहीं है। सबसे बड़ा खतरा बाहरी एप्स से है, जिससे हम वर्षों से निपट रहे हैं। हमें स्वदेशी एप्स अपनाने चाहिए। संचार साथी साइबर सिक्योरिटी टूल 17 जनवरी 2025 में मोबाइल एप के रूप में पेश किया गया। यह एंड्रॉयड और द्बह्लस्दोनों प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। सरकार के अनुसार अगस्त 2025 तक यह एप को 50 लाख से अधिक बार डाउनलोड किया गया। यह एप सीधे सरकार की टेलिकॉम सिक्योरिटी प्रणाली से जुड़ा हुआ है। बेहतर होता कि सरकार इस एप को प्री इंस्टाल कराने की बजाए जनजागृति अभियान चलाती कि सुरक्षा की खातिर लोग स्वयं इसे इंस्टाल करें तो कोई बवाल नहीं मचता।

# संयमित मुलायम के विवादित अखिलेश

**उनके संवादों में संतुलन और सहिष्णुता की झलक साफ दिखाई देती थी। वे जनता और पार्टी के बीच संतुलित आदान-प्रदान पर भरोसा रखते थे, जिससे उनकी छवि एक अनुभवी और दूरदर्शी नेता के रूप में स्थापित हुई। इसके विपरीत, अखिलेश यादव के राजनीतिक व्यक्तित्व में आजकल तीव्रता और तेजी ज्यादा नजर आती है। वे सार्वजनिक मंचों पर और मीडिया के सामने अक्सर तीखे भाषण देते हैं, जो विवादित व्यवहार का रूप ले लेते हैं। उनका संवाद शैली अब ज्यादा आक्रामक हो गई है, जिसका उद्देश्य शायद अपनी पार्टी की धारणा को तेज और सक्रिय बनाए रखना है। लेकिन कई बार इसकी वजह से वे अपनी राजनीतिक प्रसार रणनीति में उलझन में दिखते हैं और आलोचना का सामना करते हैं।**

**स्वदेश कुमार**

समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव आजकल अपने हर बयान और प्रतिक्रिया की वजह से सुर्खियों में बने हुए हैं। राजनीतिक हलकों में यह बात आम हो गई है कि वे अब हर मुद्दे पर तुरंत प्रतिक्रिया देने के लिए बेचैन नजर आते हैं। कभी-कभी तो ऐसा लगता है कि वे किसी भी घटना या विषय को लेकर अपनी मनगढ़त कहानियां बनाने लगते हैं, जिनका असलियत से ज्यादा राजनीतिक प्रभाव होता है। उनकी बयानबाजी में दिलचस्पी तो बहुत है, लेकिन यह भी देखा जाता है कि उनके हर शब्द के पीछे उनकी राजनीति की प्रतिबद्धता साफ झलकती है।अखिलेश यादव का राजनीतिक संवाद अब अधिकतर समाज के कमजोर तबकों दलित, पिछड़ा वर्ग और मुसलमान समुदाय को सक्रिय और प्रबल करने के इरादे से भड़का देने पर केन्द्रित हो गया है। उनकी पार्टी की परंपरा और चुनावी रणनीति के अनुसार ये समूह ही उनका मुख्य वोट बैंक रहे हैं। परंतु, कुछ राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि अखिलेश की इस झुकाव ने कभी-कभी सांप्रदायिक और वर्गीय तनाव को हवा दी है, जिससे सामाजिक समरसता प्रभावित होने की आशंका रहने लगी है। हाल के दिनों में समाज में यह चर्चा भी शुरू हो गई है कि अखिलेश यादव को अपने पिता, मुलायम सिंह यादव से अपने राजनीतिक आचरण में कुछ बदलाव सीखना चाहिए। मुलायम सिंह यादव का व्यक्तित्व और नेतृत्व शैली देश में काफी अलग तरह की मानी जाती है। वे अधिकतर शांत, संयमित और सोच-समझकर बोलने के पक्षधर रहे हैं। उनकी राजनैतिक सफलता का एक बड़ा कारण यही माना जाता है कि वे बिना ज्यादा शोर-शराबे के, स्थिति को भांपकर अपने कदम उठाते थे। मूलतः, मुलायम सिंह यादव की रणनीति थी कि वह विवादों में कम उतरते, विवादित सवालों को धीरे-धीरे हल करते और अपने दृष्टिकोण को बिना बहुत ज्यादा उग्रता या विरोधाभास के प्रस्तुत करते। उनके संवादों में



संतुलन और सहिष्णुता की झलक साफ दिखाई देती थी। वे जनता और पार्टी के बीच संतुलित आदान-प्रदान पर भरोसा रखते थे, जिससे उनकी छवि एक अनुभवी और दूरदर्शी नेता के रूप में स्थापित हुई। इसके विपरीत, अखिलेश यादव के राजनीतिक व्यक्तित्व में आजकल तीव्रता और तेजी ज्यादा नजर आती है। वे सार्वजनिक मंचों पर और मीडिया के सामने अक्सर तीखे भाषण देते हैं, जो विवादित व्यवहार का रूप ले लेते हैं। उनका संवाद शैली अब ज्यादा आक्रामक हो गई है, जिसका उद्देश्य शायद अपनी पार्टी की धारणा को तेज और सक्रिय बनाए रखना है। लेकिन कई बार इसकी वजह से वे अपनी राजनीतिक प्रसार रणनीति में उलझन में दिखते हैं और आलोचना का सामना करते हैं। मुलायम सिंह यादव के राजनीति में संयम और समझदारी की प्रथा को देखकर यह कहना गलत न होगा कि अखिलेश यादव को अपने राजनीतिक सफर पर अधिक धैर्य और संतुलन अपनाने की जरूरत है। राजनीति केवल त्वरित प्रतिक्रिया देने का नाम नहीं है, बल्कि गहन सोच-समझकर सही रणनीति बनाकर आगे बढ़ने का भी काम है। मुलायम सिंह की तरह, जो बिना ज्यादा आवाज़ उठाए राजनीति में अपनी पकड़ बनाए हुए थे, अखिलेश को भी अपनी बातों में वो गहराई और स्थिरता लानी होगी जो समृद्ध राजनीतिक नेतृत्व के लिए आवश्यक है। अखिलेश यादव की राजनीतिक यात्रा में बहुत अच्छे और उत्साहजनक क्षण आए हैं, पर यह भी सच है कि वे आज की तेजी से बदलती राजनीति में अपनी छवि को लेकर बहुत संवेदनशील स्थिति में हैं। जब वे दलित, पिछड़े और मुस्लिम समुदाय को अपने भाषणों के जरिए सक्रिय करते हैं, तो इससे अपेक्षित वोट बैंक को भी मजबूत किया जाता है, परंतु इसके साथ ही सामाजिक सामंजस्य पर भी नकारात्मक असर पड़ता है। इसके विपरीत, मुलायम सिंह यादव ने हमेशा बड़े पैमाने पर सामाजिक एकता पर जोर दिया और राजनीति को समरसता के माध्यम के रूप में देखा।

इन दोनों राजनीतिक हस्तियों की तुलना में यह बात भी उभरकर सामने आती है कि मुलायम सिंह यादव ने अपने राजनीतिक जीवन में ज्यादा दबदबा और सहूलियत से काम लिया। वे अक्सर विवादों से बचते हुए अपना काम करते रहे। उनकी भाषा में गरिमा और वज़न था, जिसका उनके समर्थक और विपक्षी दोनों सम्मान करते थे। दूसरी तरफ अखिलेश यादव की भाषा ज़्यादा तीव्र और भावुक है, जो कई बार राजनीतिक विरोधियों तक को लाभ पहुंचाती है। अखिलेश के कुछ समर्थक कहते हैं कि उन्हें अपनी बात और फैसले प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए ज़ोरदार और समसामयिक बयानबाजी करनी पड़ती है। वे कहते हैं कि बदलती राजनीतिक परिस्थितियों में ऐसे तेज वक्तव्य जरूरी होते हैं जो पार्टी को चुनावी मोर्चे पर सक्रिय बनाए रखेंगे। पर आलोचक इस तर्क से सहमत नहीं हैं और मानते हैं कि ये बयान तनाव और अस्थिरता को बढ़ावा देते हैं, जिससे पार्टी की छवि कमजोर हो सकती है। मुलायम सिंह यादव ने सपा की बुनियाद को मजबूत कर इसे उत्तर प्रदेश की राजनीति में एक स्थाई शक्ति बनाया। उन्होंने इसे संगठन के स्तर पर मजबूत किया और अपने आंतरिक मतभेदों को धीरे-धीरे सही तरीके से सुलझाया। वे चालाक और दूरदर्शी नेता थे जिन्होंने अपना राजनीतिक माहौल समझकर निर्णय लिए। वहीं, अखिलेश यादव की भूमिका अधिकतर सार्वजनिक मंचों पर सक्रियता से जुड़ी है, जो संगठनात्मक मजबूती के लिए हमेशा मुफीद नहीं रहती।

इससे यह लगता है कि अखिलेश यादव को अपने पिता से राजनीति के आदर और संयम की सीख लेनी चाहिए। यह सीख उन्हें न केवल बयानबाजी में सुधार लाने में मदद करेगी बल्कि उनकी पार्टी को भी एक मजबूत और स्थिर स्थिति में लाएगी।

राजनीति में भावुकता और तेज़बाजी कभी कभी खतरे की घंटी साबित होती है, जबकि संयमित और सोच-समझकर किया गया नेतृत्व पार्टी को लंबी अवधि का लाभ देता है। अखिलेश यादव को अपनी भाषा और कार्यशैली में संतुलन स्थापित करना होगा, जो न तो उनकी पार्टी के वोट बैंक को निराश करे और न ही समाज में विभाजन पैदा करे। अगर वे अपने राजनीतिक जन्मदाता मुलायम सिंह की तरह सोच-समझकर चलते हैं और अपने शब्दों को सौम्यता से चुनते हैं, तो निश्चित रूप से उनकी राजनीति में नई जान आ सकती है। अंततः यह कहा जा सकता है कि दोनों पीढ़ियों के नेताओं के बीच का ये फर्क उनके व्यक्तित्व, परिस्थिति और समय के अनुसार आया है। पर किसी भी परिस्थिति में संयम, सहिष्णुता और दूरदर्शिता वह मूल्य हैं जो राजनीति में स्थिरता और सफलता का मूल आधार होते हैं। अखिलेश यादव को चाहिए कि वे अपने पिता से इन गुणों को ग्रहण करें और पार्टी तथा समाज के लिए एक समंजस पूर्ण और सकारात्मक भूमिका निभाएं।

## अध्यात्म

### नकारात्मक विचारों से बचें



पुराने समय में एक संत अपने कुछ शिष्यों के साथ यात्रा कर रहे थे। संत अपने आसपास घटने वाली घटनाओं से शिष्यों को सफलता और शांति पाने के सूत्र बताते रहते थे। एक दिन वे एक ऐसे गांव में पहुंचे, जहां निर्माण कार्य चल रहा था। जगह-जगह पत्थरों की ढेरियां लगी हुई थीं और कई मजदूर उन पत्थरों को तराशने में जुटे हुए थे। संत ने अपने शिष्यों से कहा कि इन लोगों के काम करने के तरीके को ध्यान से देखो और मालूम करो यहां क्या हो रहा है। गुरु की बात मानकर शिष्य आगे बढ़े और पत्थर तराशते एक मजदूर से पूछा कि भय्या, यहां क्या बन रहा है? मजदूर ने बिना चेहरा उठाए चिढ़ते हुए कहा कि मुझे क्या पता। मुझे अपना काम करना है, आगे बढ़ो बाबा। उसकी आवाज में बोझ और नाराजगी झलक रही थी। संत मुस्कुराए और शिष्य के साथ आगे बढ़ गए। अब वे दूसरे मजदूर के पास पहुंचे। वही प्रश्न पूछा कि यहां क्या बन रहा है? दूसरे मजदूर ने थकान भरे स्वर में कहा कि गुरु जी, मुझे इससे क्या मतलब? मैं तो यहां सिर्फ मजदूरी करने आता हूं। दिनभर काम करता हूं और शाम को पैसे लेकर घर लौट जाता है। इस मजदूर की बातों में उदासीनता और मजबूरी साफ दिख रही थी। संत अपने शिष्यों के साथ आगे बढ़ें। एक अन्य मजदूर सहज भाव से काम करता दिखाई दे रहा था। संत ने उससे पूछा कि यहां क्या बन रहा है? मजदूर ने तुरंत छेनी-हथौड़ी रखी और संत को प्रणाम किया। उसने प्रसन्न स्वर में कहा कि गुरुजी, यहां मंदिर बन रहा है। हमारे गांव में कोई मंदिर नहीं है। अब लोगों को पूजा-पाठ के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। संत ने पूछा कि क्या तुम्हें इस काम में आनंद आता है? मजदूर बोला कि बहुत आनंद आता है, गुरु जी! जब मैं पत्थर तराशता हूं, मुझे लगता है मैं भगवान के घर को आकार दे रहा हूं। छेनी-हथौड़ी की आवाज भी मुझे संगीत जैसी लगती है। ये सुनकर संत अपने शिष्यों की ओर मुड़े और बोले कि यही सुखी जीवन का रहस्य है। जो लोग अपने काम को बोझ समझते हैं, वे दुख पाते हैं। जो काम को अवसर मानकर, प्रसन्न होकर काम करते हैं, वे हर परिस्थिति में सुखी रहते हैं। हमेशा ध्यान रखें- नजरिया बदलने से हमारा जीवन बदल जाता है।

# मोहन सरकार के विकास- विजन की नई रूपरेखा

**मध्य प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र में पेश किया गया वित्त वर्ष 2025-26 का दूसरा अनुपूरक बजट राज्य की विकास प्राथमिकताओं और राजनीतिक दिशा दोनों का दस्तावेज कहा जा सकता है। कुल 13,476 करोड़ 94 लाख रुपए के इस अनुपूरक प्रावधान में ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण, जल संसाधन, बुनियादी ढांचा और उद्योग निवेश को सबसे अधिक महत्व दिया गया है। वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा के अनुसार यह बजट जनकल्याण और राज्य निर्माण की निरंतर यात्रा का विस्तार है। यह अनुपूरक बजट स्पष्ट संकेत देता दिखा है कि सरकार अपनी प्राथमिकताएं तय कर चुकी है जिसमें गांव, गरीब, महिला, युवा और बुनियादी ढांचा विकासक्रम में सबसे ऊपर हैं। यह दिशा चुनावी राजनीति से इतर एक दीर्घकालिक विकास-ढाँचे की ओर बढ़ते मध्य प्रदेश की तस्वीर भी पेश करती है।**

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लिए 4,000 करोड़ रुपये का प्रावधान यह संकेत देता है कि घर सिर्फ एक सरंचना भर नहीं है, यह ग्रामीण गरीबी उन्मूलन और सामाजिक सुरक्षा का दृढ़ आधार है। यह आवंटन आवासहीन परिवारों को स्थायित्व प्रदान करता है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी गति देता है क्योंकि निर्माण कार्य स्थानीय श्रम और सामग्री को सक्रिय करते हैं। पंचायत विभाग को 1,633 करोड़ रुपये का अनुदान 15वें वित्त आयोग की अनुशंसाओं के अनुरूप दिया गया है, जिससे ग्रामीण शासन तंत्र की मजबूती और अधोसंरचना विकास को वास्तविक धरातल पर कार्यान्वित करने की दिशा में महत्वपूर्ण मदद मिलेगी। पंचायतों को वित्तीय रूप से सशक्त करना ग्रामीण विकास की नींव को मजबूत करने वाला सबसे जरूरी कदम है।महिला सशक्तिकरण के मोर्चे पर सरकार ने मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना को 1,794 करोड़ रुपये का अतिरिक्त वित्तीय सहयोग प्रदान करके यह स्पष्ट संदेश दिया है कि महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता और सामाजिक भागीदारी को बढ़ाना उसके विकास मॉडल का अहम हिस्सा है। लाड़ली बहना योजना ने राज्य की महिलाओं को आर्थिक सुरक्षा प्रदान की है और यह आवंटन इस कायक्रम की निरंतरता और विस्तार का संकेत है। महिलाओं के हाथ में वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता घरेलू अर्थव्यवस्था के साथ सामाजिक ढांचे को भी नई दिशा प्रदान करती है और यह योजना इसी परिवर्तन का आधार बनकर उभर रही है।

अनुपूरक बजट में जल संसाधन और नर्मदा घाटी विकास परियोजनाओं पर किए गए प्रावधान यह दिखाते हैं कि सरकार कृषि की स्थिरता और उत्पादकता को लेकर कितनी गंभीर है। नर्मदा घाटी विकास विभाग के लिए सरदार सरोवर डूब प्रभावित क्षेत्रों में भूमि अधिग्रहण और अन्य कार्यों के लिए 600 करोड़ रुपये, बरगी नहर विस्तार योजना के लिए 200 करोड़ रुपये और इंदिरा सागर परियोजना के लिए 94 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। जल संसाधन विभाग को बांधों और संबंधित संरचनाओं के लिए 300 करोड़ रुपये तथा बहुती फिल्टर संयंत्र-2 के फेज-2 के लिए 63 करोड़ रुपये दिए गए हैं।

वस्तुतः यह निवेश सिंचाई क्षमता बढ़ाने, पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने और कृषि भूमि की उत्पादकता को स्थिर करने में प्रमुख भूमिका निभाएगा। किसान कल्याण और कृषि विकास विभाग की भावांतर/लेट रेट योजना के लिए 500 करोड़ रुपये का प्रावधान यह बताता है कि सरकार किसानों की आय को बाजार की अस्थिरता से सुरक्षित रखना चाहती है।शहरी क्षेत्रों के तेजी से विस्तार और सुविधाओं के बढ़ते बोझ को देखते हुए बजट में शहरी विकास को भी बड़ी प्राथमिकता दी गई है। अमृत मिशन 2.0 के लिए 150 करोड़ रुपये, मिलियन प्लस शहरों के लिए 115 करोड़ रुपये और एक लाख से कम आबादी वाले शहरों के लिए 100 करोड़ रुपये का प्रावधान यह दर्शाता



है कि सरकार शहरी जीवन को व्यवस्थित और आधुनिक बनाने के प्रयासों को तेज करना चाहती है। लोक निर्माण विभाग को भूमि अधिग्रहण के लिए 300 करोड़ रुपये दिए जाने से स्पष्ट है कि नई सड़कों, पुलों और अन्य सार्वजनिक उपयोग की बुनियादी संरचनाओं के लिए जमीन अधिग्रहण की बाधाओं को दूर किया जाएगा। यही नहीं, मंत्रि-परिषद द्वारा मुख्यमंत्री नगरीय क्षेत्र अधोसंरचना निर्माण योजना को वर्ष 2026-27 तक जारी रखने और इसके लिए 500 करोड़ रुपये के अतिरिक्त स्वीकृति देने का निर्णय यह दर्शाता है कि शहरों में पेयजल, स्ट्रीट लाइट, नाली, खेल मैदान, सामुदायिक भवन और अन्य मूलभूत सुविधाओं के विकास को गंभीरता से आगे बढ़ाया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत अब तक 1,062 परियोजनाएं स्वीकृत की जा चुकी हैं जिनमें 325 पूर्ण, 407 प्रगतिरत और 330 डीपीआर या निविदा प्रक्रिया में हैं। औद्योगिक विकास और निवेश प्रोत्साहन के क्षेत्र में भी सरकार ने बड़े वित्तीय प्रावधान किए हैं। औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग को भूमि अधिग्रहण, सर्वे, डिमार्केशन और सेवा शुल्क आदि के लिए 650 करोड़ रुपये दिए गए हैं, जबकि उत्पादन संस्थाओं को ऋण सहायता हेतु 2,000 करोड़ रुपये की पूंजीगत राशि का प्रावधान किया गया है। यह निवेश राज्य में नए उद्योगों को आकर्षित करने के साथ-साथ एमएसएमई क्षेत्र को भी मजबूत करेगा जो मध्य प्रदेश में रोजगार सृजन और आर्थिक गतिविधि का प्रमुख आधार है। औद्योगिक आधार को मजबूत किए बिना राज्य की विकास गति को बनाए रखना संभव नहीं है और सरकार ने इस दिशा में ठोस कदम बढ़ाया है।इसी तरह शिक्षा विभाग और जनजातीय विकास को भी बजट में समुचित स्थान दिया गया है। पीएम जनमन (समग्र शिक्षा) के लिए 122 करोड़ रुपये और धरती आबा जनजातीय ग्राम उन्नयन अभियान के लिए 108 करोड़ रुपये का प्रावधान यह दर्शाता है कि सरकार शिक्षा के साथ-साथ जनजाति क्षेत्रों के विकास को भी समान महत्व देती है। जनजातीय क्षेत्रों में सामाजिक और आर्थिक पिछड़ापन दूर करने के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे पर किया गया निवेश राज्य के समावेशी विकास मॉडल को मजबूत बनाता है। कुल मिलाकर इस अनुपूरक बजट को लेकर यही कहा जाएगा कि मप्र में डॉ. मोहन यादव की भाजपा सरकार अपने विकास एजेंडे को पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ लागू कर रही है। गांवों में आवास और पंचायतों को सशक्त करने से लेकर महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता, किसानों की आय सुरक्षा, जल और सिंचाई संरचनाओं का विस्तार, शहरों की आधुनिक जरूरतों को पूरा करने और औद्योगिक निवेश बढ़ाने तक सरकार का हर कदम एक व्यापक और संतुलित विकास दृष्टि को सामने रखता है। कहना होगा कि यह बजट सिर्फ आंकड़ों का जोड़-घटाव तक सीमित नहीं है, यह तो मध्य प्रदेश के भविष्य को नई दिशा देने का संकल्प है। अब यदि इन प्रावधानों का प्रभावी क्रियान्वयन होता है तो निश्चित ही राज्य ग्रामीण समृद्धि, महिला सशक्तिकरण, कृषि स्थिरता और शहरी आधुनिकीकरण के नए मुकाम हासिल कर सकता है। मोहन सरकार का यह बजट बताता है कि मध्य प्रदेश आज सिर्फ विकास की अपनी गति नहीं बढ़ाना चाहता है, वह इससे कहीं आगे विकास की दिशा भी बदलना चाहता है, जिसमें समानता, समावेशन और सतत प्रगति बराबर से समाहित हो।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आपके ऊपर काम का दबाव बढ़ सकता है। गृहस्थ जीवन में शान्ति रहेगी। बच्चों के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी। अपनी उपलब्धियों का दिखावा करने से बचें।

**वृषभ**
मित्रों व सहयोगियों की सहायता करने से आत्मिक सन्तुष्टि होगी। सरकारी जॉब कर रहे लोगों के ऊपर से काम का दबाव कम होगा।

**मिथुन**
आज आप अत्यन्त ऊर्जावान महसूस कर सकते हैं। पेटदर्द की शिकायत हो सकती है। किसी राजनीतिक चर्चा में सम्मिलित हो सकते हैं।

**कर्क**
विद्यार्थियों के लिये दिन बहुत अच्छा है। उच्च शिक्षा में परेशानियाँ होंगी। आर्थिक नुकसान होने की सम्भावना बन रही है।

**सिंह**
कोई भी बड़ा निर्णय सोच-समझकर ही लें। अनावश्यक चर्चाओं से दूरी बनाकर रखें। अपने स्वभाव में लचीलापन रखना आवश्यक है।

**कन्या**
व्यवसाय में आपको बड़ा धन लाभ हो सकता है। रियल एस्टेट से जुड़े कारोबार में प्रगति होगी। ननिहाल पक्ष से शुभ समाचार मिल सकते हैं।

**तुला**
आज उच्च रक्तचाप के कारण समस्या हो सकती है। आपको सभी कार्य समय पर करने चाहिये। अटका हुआ धन वापस मिलेगा।

**वृश्चिक**
अधिकारी वर्ग के साथ तनाव हो सकता है। बच्चों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। दनचर्या अत्यन्त उथल-पुथल भरी रहेगी। निवेश के दौरान सावधानी रखें।

**धनु**
अपनी गलतियों को छिपाने के बजाय उन्हें दूर करने का प्रयास करें। जाने-अनजाने में आपसे कुछ त्रुटियाँ हो सकती हैं। महिलाओं को किचन में उपकरणों का प्रयोग सावधानीपूर्वक करना चाहिये।

**मकर**
आपको परिश्रम का सार्थक परिणाम मिलेगा। सीनियर्स से आपको सहायता लेनी चाहिये। आपकी बातों से लोग प्रभावित होंगे। जॉब में स्थायीत्व बढ़ेगा। जीवनसाथी के साथ सम्बन्ध मधुर होंगे।

**कुंभ**
नयी साझेदारियों के लिये आज का दिन शुभ है। कार्यक्षेत्र में दूसरों पर निर्भरता रहेगी। आपकी कार्यकुशलता में वृद्धि होगी। कारोबार में आपकी आय बढ़ेगी।

**मीन**
परिवार में उत्सव का वातावरण रहेगा। समाज में आपको उचित मान-सम्मान मिलेगा। रुका हुआ कार्य बनने से मानसिक अशान्ति दूर होगी।

# जिले में धीमी गति से हो रही धान की खरीद

## अबतक 111 किसानों से 1124 एमटी धान की खरीद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिले में धान की खरीद की गति काफी धीमी गति से चल रही है। बता दें कि क्रय केंद्रों पर धान बेचने में किसानों को कई तरह के समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। किसानों का आरोप है कि क्रय केंद्र 17 प्रतिशत से अधिक नमी बताकर धान नहीं ले रहे हैं जिसके कारण उन्हें मजबूरन धान व्यापारियों को बेचना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि उन्नत किस्त की धान जैसे करतनी और सोनम को पैक्स में नहीं लिया जा रहा है जबकि केवल साधारण किस्त की धान की खरीद की जा रही है। मदनपुर प्रखंड के पतेया गांव के किसान अरविंद सिंह, उदय सिंह ने बताया कि पक्स के माध्यम से धान बेचना बेहद कठिन हो गया है। कहा कि हार्वेस्टर से कटाई के कारण धान में स्वाभाविक रूप से नमी रहती है जिसे कम होने में लगभग एक माह का समय लगता है। ऐसे में पैक्सों द्वारा नमी के बहाने का फायदा उठाकर व्यापारी खोतों में धान खरीद रहे हैं। बता दें कि किसान को प्रति क्विंटल 200 से 300 रुपये कम दाम में मिल रहा है परंतु बेचने में कोई समस्या नहीं है। बताया कि पौक्स में धान बेचने के लिए न केवल ट्रैक्टर से धान ले जाना पड़ता है परंतु लोड-अनलोड के लिए भी रुपये देने पड़ते हैं। बोरे की व्यवस्था भी अलग से करनी होती है। इसके अलावा नमी अधिक दिखाकर धान लेने से मना कर दिया जाता है। बताया कि पैक्स में खरीद प्रक्रिया जटिल और खचींली है। किसानों का कहना है कि पैक्सों में धान खरीद का लक्ष्य केवल कागजी होता है। एक किसान जो एक क्विंटल धान बेचता है उसके नाम पर 10 क्विंटल दिखा दिया जाता है जिससे असली किसानों को लाभ नहीं मिल पाता है। बता दें कि जिले में किसानों से धान की खरीद के नाम पर केवल खानापूर्ति की जा रही है। अबतक 111 किसानों से 1124 एमटी धान की खरीदारी

हुई है। क्रय केंद्र पर धान बेचने के लिए किसान रजिस्ट्रेशन करा रहे हैं। सरकारी धान की कीमत क्रय केंद्र पर 2369 रुपये प्रति क्विंटल है जबकि बाजार में 1800 से 1900 रुपये में धान की खरीद की जा रही है। इधर जिला सहकारिता पदाधिकारी मनोज कुमार चौधरी ने बताया कि बीते 15 नवंबर से धान की खरीद जारी है। 17 प्रतिशत से अधिक नमी वाला धान नहीं खरीदा जाएगा। क्रय केंद्रों पर केवल साधारण धान की खरीद हो रही है। कहा कि जो किसान पैक्स में धान बेचना चाहते हैं वे निबंधन कराकर अपनी उपज बेच सकते हैं। बताया कि अबतक 111 किसानों से 1124 एमटी धान की खरीदारी की गई है।

### किस प्रखंड में कितनी हुई धान की खरीदारी

**प्रखंड- किसान- कुल खरीद**

| | |
|---|---|
| औरंगाबाद- 7- 21.60 | हसपुरा- 3- 36.70 |
| बारुण- 11- 167 | कुटुंबा- 14- 220.90 |
| दाउदनगर- 6- 60.80 | मदनपुर- 6- 45.20 |
| देव- 20- 212.40 | नबीनगर- 22- 45.71 |
| गोह- 24- 217.55 | ओबरा- 4- 25.80 |

# किसानों के लिए हितकर होगी उसना चावल मिल



**हसपुरा (औरंगाबाद)/नबिटा सं।** प्रखंड के कोईलवां-करणविगहा में छोटे उद्योग धंधे योजना के तहत जय राईस मिल का शुभ उद्घाटन शुक्रवार को पूर्व मंत्री सह निर्वतमान अमनौर विधायक कृष्ण कुमार मंटू ने फीता काट कर किया। इसके पहले वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-अर्चना की गई। मौके उपस्थित जयकृष्ण कुमार पटेल, जदयू प्रखंड अध्यक्ष विनोद सिंह, प्रमुख सुधीर सिंह, प्रमोद सिंह, चन्द्रेश पटेल ने पुष्पहार देकर सम्मानित किया। कई गण्यमान लोग उपस्थित थे। पूर्व मंत्री सह निर्वतमान विधायक कृष्ण कुमार मंटू ने कहा हसपुरा प्रखंड के कोईलवां गांव सुदूर इलाका में उसना चावल राईस मिल किसानों के लिए हितकर साबित होगा। इससे इस राईस मिल में बेरोजगारों को रोजगार का अवसर मिलेगा। सरकार छोटे- छोटे उद्योग धंधा खोलने में मदद भी करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होने केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को विस्तार से बताया। कार्यक्रम में शामिल सभी आगुंतकों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। उद्घाटन समारोह का देखरेख नीकु पटेल ने किया। उद्घाटन कार्यक्रम को सफल बनाने में जय प्रवीण, विनय पटेल, गिरजेश सिंह, अरूण सिंह, विजय सिंह जयराम कुमार, अंकित कुमार, वैभव कुमार, श्रीनिवास कुमार, जयंत कुमार, कुणाल कुमार का भूमिका महत्वपूर्ण रहा।

# ठंड लगने से बुजुर्ग की मौत

## पोते की शादी के लिए लड़की देखने गए थे दादा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**औरंगाबाद।** एक 70 वर्षीय व्यक्ति बुजुर्ग की मौत का मामला सामने आया है। घटना मदनपुर थाना क्षेत्र के पडरावां का है। मृतक की पहचान उस गांव निवासी गुप्ता यादव के रूप में की गई है। मामले में परिजन गोपाल यादव ने बताया कि ठंड लगने से बुजुर्ग की मौत हुई है। दरअसल, गुरुवार की शाम वे अपने पोते की शादी के लिए लड़की देखने रिश्तेदार के घर गए हुए थे। जहां ठंड लगने से अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। परिजनों द्वारा आनन-फानन में इलाज के लिए शेरघाटी अस्पताल ले जा रहे थे। इसी दौरान बीच रास्ते में उनकी मौत हो गई। इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। उन्होंने बताया कि मृतक बुजुर्ग अविवाहित थे। वह अपने सहोदर भाई के दो बेटों राजेन्द्र यादव एवं सत्येन्द्र यादव को गोद ले रखें थे जिसके साथ रहते थे। भतीजे सत्येन्द्र यादव के पुत्र की शादी के लिए लड़की देखने रफीगंज के किसी एक गांव में गए थे। इसी क्रम में उनकी तबीयत बिगड़ गई और इलाज़ के लिए ले जाते वक्त रास्ते में दम तोड़ दिया। इसके बाद परिजन शव लेकर घर पहुंचे और पोस्टमार्टम करवाएं बिना ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया। इस घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है तो गांव में मातम पसरा हुआ है। इधर, थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी नहीं है।

# वास्तविक खाताधारकों को बैंक लौटाएगा राशि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखण्ड मुख्यालय सभागार भवन में पंजाब नेशनल बैंक द्वारा आपकी पूंजी आपका अधिकार शिविर का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता पीएनबी रफीगंज के वरीय प्रबंधक सुधीर कुमार वर्मा एवं संचालन कियाखाप प्रबंधक संजीव कुमार निराला ने की। कार्यक्रम की शुरुआत आरबीआई पटना के अग्रणी जिलाधिकारी राहुल कुमार, अग्रणी जिला प्रबंधक आनंद वर्धन, प्रखंड विकास पदाधिकारी अश्विनी कुमार, प्रशासन से एसडीसी बैंकिंग रितेश कुमार यादव, बिहार ग्रामीण बैंक क्षेत्रीय कार्यालय प्रतिनिधि एम ए रहमान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। बैंकों एवं अन्य वित्तीय संस्थानों में बिना दावा वाले खातों के बारे में विस्तृत रूप से उपस्थित पदाधिकारी ने जानकारी दिया। अग्रणी जिला प्रबंधक आनंद वर्धन ने बताया कि जिले में कुल 160755 निष्क्रिय खाते पड़े हैं। जिसमें लगभग 52 करोड़ की राशि पड़ी हुई है। अब इनके वास्तविक धारकों तक पहुंचाने की मुहिम चलाई गई है। वास्तविक धारकों तक पहुंचाने के लिए प्रक्रिया को आसान किया गया है। इन्होंने आगे बताया कि किस प्रकार बिना दावा वाले खताओं में आप जानकारी बैंक से प्राप्त करेंगे। तत्पश्चात प्रक्रिया पूरी करने के उपरांत उक्त रकम प्राप्त कर सकेंगे। आरबीआई के जिला अग्रणी अधिकारी ने कहा कि सरकार द्वारा आम आवाम के लिए बैंकों के प्रक्रिया को सरल बनाया गया है। साथ ही सरकार बैंक के माध्यम से कई लोक कल्याणकारी योजनाएं चल रही है। जिससे कि आम आवाम लाभ उठाकर अपने वित्तीय स्थिति को सुदृढ़ बना सकें। इसके लिए इन्होंने विशेष रूप से उपस्थित लोगों को जागरूक किया।आधार फिनएमसेस के जिला प्रभारी मनोरंजन पाठक ने डिफ खाता, सामाजिक सुरक्षा सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दिया तथा इन योजनाओं से लाभ उठाने की बात कही। इस मौके पर एलआइसी के रफीगंज प्रशासनिक अधिकारी राम प्रवेश रंजन, एसबीआई प्रबंधक राजन कुमार, बैंक ऑफ़ इंडिया के प्रबंधक ज्योति कुमारी, इंडियन बैंक शिहुली के प्रबंधक अमीर साबिल,जेनरल सेंट्रल इंश्योरेंस कंपनी के प्रतिनिधि राकेश रंजन, ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड औरंगाबाद के निखिल निशांत गुप्ता, रफीगंज प्रखंड के बैंक

# बोलेरो और हाइवा के टक्कर में दो लोग घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले की सीमा क्षेत्र में शुक्रवार को दिन में डोभी- पटना एनएच 22 पर भीषण सड़क दुर्घटना देखने को मिली। हादसा उमता धरनई थाना अंतर्गत उमता पूल पर हाइवा और बोलेरो के बीच आमने-सामने की टक्कर से हो गई। सड़क दुर्घटना में दोनों वाहनों के चालक बुरी तरह घायल हो गए। इस संबंध में जानकारी देते हुए उमता धरनई थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि गयाजी कि ओर से बोलेरो गाड़ी आ रही थी, अचानक वो अनियंत्रित होकर दूसरी ओर सड़क पर फेंका गई जहाँ दूसरी ओर से यानी जहानाबाद से गयाजी की ओर जा रहे हाइवा गाड़ी से टकरा गई। इस घटना के बाद दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हालाकि जिस प्रकार से दोनों वाहनों के बीच टक्कर हुई है गनीमत रही की कोई हताहत नहीं हुआ। इस घटना में बॉलरो के परखच्चे उड़ गई है । इस घटना में गंभीर रूप से घायल अवस्था में दोनों वाहनों के चालकों को पुलिस द्वारा उपचार के लिए मखदुमपुर स्थित रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों की पहचान पटना जिले के ख़िरीमोड बाला विगहा निवासी हाइवा चालक अरुण कुमार एवं रेमा गांव निवासी बॉलरो चालक बबलू कुमार के रूप में हुई है।

# कृषि विज्ञान केंद्र, जहानाबाद में मृदा स्वास्थ्य पर विशेष कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**जहानाबाद।** विश्व मृदा दिवस के अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र, जहानाबाद में "मिट्टी का स्वास्थ्य - फसल की समृद्धि" विषय पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पुसा समस्तीपुर के सह-प्राध्यापक डॉ. सत्य प्रकाश, डॉ. सुधीर पासवान तथा केंद्र के वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ. मुनेश्वर प्रसाद द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई।

इस कार्यक्रम में जहानाबाद एवं आसपास के पंचायतों से आए लगभग 50 किसानों और कृषक महिलाओं ने भाग लिया। वरिष्ठ वैज्ञानिकों ने अपने संबोधन में मिट्टी के स्वास्थ्य को कृषि उत्पादन की नींव बताते हुए कहा कि मिट्टी की उर्वरता में सुधार से सीधे फसल उत्पादन तथा किसानों की आय पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। मृदा स्वास्थ्य कार्ड की उपयोगिता, इसके माध्यम से प्राप्त सिफारिशों का पालन और संतुलित पोषक तत्व प्रबंधन के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। सी वैज्ञानिकों ने किसानों को कृषि लागत में कमी और लाभ में वृद्धि के लिए जैविक खाद के उपयोग, संतुलित उर्वरक प्रबंधन, फसल चक्र अपनाने तथा सूक्ष्म पोषक तत्वों—सल्फर, जिंक, बोरॉन आदि—की भूमिका के बारे में तकनीकी जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान मिट्टी परीक्षण की प्रक्रिया, नमूना संग्रह की सही विधि और एस.एच.सी आधारित उर्वरक प्रबंधन पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया। उपस्थित किसानों को रबी फसलों के लिए उर्वरक प्रबंधन और पोषक तत्वों की कमी दूर करने के उपाय भी बताए गए।

कार्यक्रम में डॉ. मनोज कुमार (एस. एम.एस.–सस्य विज्ञान), इंजीनियर जितेंद्र कुमार, डॉ. दिनेश महतो, डॉ. वाजिद हसन, वर्षा कुमारी और डॉ. निराला कुमार सहित सभी वैज्ञानिक एवं तकनीकी कर्मचारियों की सक्रिय उपस्थिति रही। अंत में किसानों के प्रश्नों के समाधान हेतु संवाद सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन वर्षा कुमारी ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन मनीष कुमार (प्रक्षेत्र प्रबंधक) द्वारा दिया गया।

# लॉर्ड बुद्धा पब्लिक स्कूल में 25वीं प्रेरणादायक कार्यशाला संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** शहर के प्रतिष्ठित लॉर्ड बुद्धा पब्लिक स्कूल के सिद्धार्थ सभागार में शुक्रवार को शिक्षकों हेतु आयोजित 25वीं वार्षिक प्रेरणात्मक कार्यशाला सफलतापूर्वक संपन्न हुई। विद्यालय में गत 25 वर्षों से निरंतर आयोजित की जा रही यह कार्यशाला इस बार भी अपने उद्देश्य और प्रभाव के साथ विशेष रूप से चर्चित रही। कार्यक्रम का शुभारंभ लॉर्ड बुद्धा एजुकेशनल एंड डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन के चेयरमैन डॉ. धनंजय कुमार द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यशाला में आधुनिक शिक्षा विशेषज्ञ डॉ. तनाया घोष दस्तिदार विशेष आमंत्रित अतिथि रहीं। अपने संबोधन में चेयरमैन डॉ. कुमार ने शिक्षकों के उत्तरदायित्वों को रेखांकित करते हुए गुरु रविदास के आदर्शों का संदर्भ दिया। उन्होंने शिक्षक की भूमिका को केवल पाठ-प्रदायन तक सीमित न मानकर, समाज-निर्माता और व्यक्तित्व-विकास के प्रणेता के रूप में रेखांकित किया। डॉ. कुमार ने कहा कि शिक्षक का वास्तविक दायित्व विद्यार्थी की अंतर्निहित प्रतिभा को पहचानकर उसके विकास की दिशा में सतत मार्गदर्शन करना है। उन्होंने गुरु रविदास के समभाव, करुणा, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा के उदाहरणों को आधुनिक शिक्षा के संदर्भ में व्याख्यायित करते हुए बताया कि गतिविधि-आधारित शिक्षण पद्धति छात्रों में जिज्ञासा, चिंतन और मौलिकता को बढ़ाती है। कार्यशाला में आमंत्रित शिक्षा विशेषज्ञ डॉ. तनाया घोष ने गतिविधि-आधारित शिक्षण की आधुनिक तकनीकों, कक्षा-परिकल्पना, समूह कार्य, अनुभवात्मक अधिगम तथा नवीनतम शिक्षण-उपायों पर विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया। इस अवसर पर लॉर्ड बुद्धा फाउंडेशन के निदेशक सर्वेश कुमार, प्राचार्य पंकज दुबे, प्रशासक ओम प्रकाश शर्मा, परिसर प्रबंधक गौतम कुमार, लर्निंग क्लाउड मॉन्टेसरी के प्रबंधक आर.के. सिंह, प्रशासिका काजल पाण्डेय, तथा बुद्धा इंटरनेशनल के प्राचार्य दिलीप कुमार पंकज उपस्थित रहे।

# जहानाबाद सदर अस्पताल में शाम 4 बजे ही बंद मिला इसीजी रूम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिले के सदर अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं की लचर व्यवस्था एक बार फिर उजागर हुई है। इलाज के लिए गंभीर स्थिति में पहुंचे एक मरीज का समय पर इसीजी नहीं हो सका, क्योंकि अस्पताल का इसीजी कक्ष शाम करीब 4 बजे ही बंद हो जाता है। आक्रोशित मरीज के परिजनों ने अस्पताल परिसर में वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया, जो तेजी से वायरल हो रहा है। पीड़ित मरीज के परिजनों के अनुसार मरीज की अचानक तबीयत खराब हो गई थी, जिसे पहले घोषी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया और वहां से उसे जहानाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। सदर अस्पताल में डॉक्टर ने मरीज की स्थिति देखकर तुरंत ऑक्सीजन लगाने का निर्देश दिया और इसीजी कराने को कहा। लेकिन जब परिजन मरीज को लेकर ईसीजी कक्ष पहुंचे, तो पाया कि वह पहले से ही बंद है।

इस मामले में परिजनों का आरोप है कि उन्होंने इस संबंध में सिविल सर्जन से संपर्क करने का भी प्रयास किया, लेकिन उन्होंने ने भी फोन नहीं उठाया। मजबूरी में परिजनों ने बाहर से एक निजी इसीजी मशीन मंगवाकर जांच करवाई, जिसके बाद मरीज का इलाज पुनः शुरू हो सका।

# बंद घर से लाखों की संपत्ति चोरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** अज्ञात चोरों ने बंद एक घर को निशाना बनाकर लाखों रूपये की संपत्ति पर हाथ साफ़ कर लिया। मामला मदनपुर थाना क्षेत्र के दशवतखाप का है। दरअसल गुरुवार की रात में ताला लगे एक घर की कुंडी काट कर वारदात को अंजाम दिया। घटना की जानकारी मिलते ही एएसआई अजय पासवान दल बल के साथ पहुंचे और मामले का जायजा लिया। विदित हो कि इन दिनों चोरों के आतंक से लोग सहमे हुए है। पहले चोर घरों की रेकी कर रहे है। इस दौरान जो गृह स्वामी शादी-विवाह या अन्य आयोजनों में शामिल होने रिश्तेदारों के घर जा रहे है, अवसर मिलते ही अपने मंसूबों को अंजाम दे जा रहे है। इस घटना को लेकर उस गांव निवासी राम प्रवेश सिंह ने बताया कि वे विगत एक सप्ताह से पत्नी की इलाज के लिए दिल्ली गए हुए है। देर रात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। इस घटना में चोर सोने-चांदी की ज़ेवर व नकद रूपये ले भागे। हालांकि चोरी गई संपत्ति का अब तक स्पष्ट आकलन नहीं है। पीड़ित को दिल्ली से वापस लौटने पर ही सहज अंदाज़ा लगाया जा सकता है। घटना की जानकारी पड़ोसियों से मिली है। विदित हो कि एक सप्ताह पूर्व इसी गांव में बंद पड़े रामजी यादव, मोहन सिंह एवं देवकुमार सिंह के घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने लाखों की नकदी तथा आभूषण की चोरी कर ली थी। इधर, पुलिस ने मामले में कारवाई की भी नहीं - चोरों ने पुनः वारदात को अंजाम दिया है। एसआई सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। हालांकि गृहस्वामी द्वारा अब तक मामले में कोई आवेदन नहीं मिला है।


**पूर्व मध्य रेल**

**निविदा सूचना**

**सं.: डी.एन.आर./एस. एण्ड टी./सिंग/2025/27 दानापुर, दि. 02.12.2025**

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (सिगनल एवं दूर संचार) पूर्व मध्य रेलवे, दानापुर मंडल, निम्नलिखित कार्य हेतु रेलवे के वेबसाईट पर निविदाएं आमंत्रित करते हैं। **कार्य का नाम एवं स्थानः** दानापुर मंडल के अंतर्गत बीकेपी–आरजीडी सेक्शन के करनौती (केआरएनएन) और हरनौत (एचआरटी) यार्ड में डीसी ट्रैक सर्किट को मजबूत करने के साथ–साथ मौजूदा ट्रैक सर्किट के समानांतर मल्टी सेक्शन डिजिटल एक्सल काउंटर (एमएसडीएसी) का प्रावधान सम्बंधित कार्य। **अनुमानित लागतः** रूपये 51051769.31 **बयाना राशिः** रुपये 405300.00 **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समयः** दिनांक 24.12.2025 को 15.00 बजे तक। **निविदा खोलने की तिथि एवं समयः** दिनांक 24.12.2025 को 15.30 बजे। **वेबसाईट विवरणः** www.ireps.gov.in **कार्यालय का पता जहाँ से निविदा सम्बन्धी विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती हैः** वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियंता कार्यालय, दानापुर। **नोटः**– विवाद की स्थिति में अंग्रेजी नोटिस मान्य होगा। यदि जरुरत हुई तो शुद्धि पत्र उपरोक्त वेबसाईट पर 14 दिन पहले अपलोड कर दिया जाएगा।

**मं० सं० एवं दूर सं० अभि०**
**पूर्व मध्य रेल/दानापुर**

पीआर/1385/डीएनआर/टी/मं.सं. एवं दू.सं.अभि./25–26/40


# जिलाधिकारी ने की अपीलीय मामलों की सुनवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिले में पारदर्शी और समयबद्ध प्रशासनिक कार्यप्रणाली को सुनिश्चित करने की दिशा में जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय द्वारा 5 दिसम्बर, 2025 को अपने कार्यालय प्रकोष्ठ मे लोक शिकायत निवारण अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त अपीलीय मामलों की सुनवाई की गई। इस सुनवाई में विभिन्न विभागों से संबंधित सात मामलों पर विचार किया गया और पांच मामलों का तत्काल निष्पादन भी सुनिश्चित किया गया। इस सुनवाई में संबंधित प्राधिकारियों की उपस्थिति में मामलों का संज्ञान लेकर जिला पदाधिकारी ने न्यायोचित समाधान सुनिश्चित किया। कुछ प्रकरणों में तकनीकी तथ्यों के गहन परीक्षण की आवश्यकता महसूस की गई। ऐसे कुछ मामलों में विस्तृत जांच प्रतिवेदन की मांग करते हुए जिला पदाधिकारी ने संबंधित प्राधिकारियों को अगली सुनवाई में साक्ष्यों के साथ उपस्थित होने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि मामलों के निस्तारण में गुणवत्ता और पारदर्शिता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। लोक शिकायत निवारण अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त मामले अतिक्रमणवाद, भूमि विवाद, नाले की उडाही, भुगतान संबंधित इत्यादि अपीलीय मामले है। सुनवाई में सभी विभागीय पदाधिकारी एवं परिवादीगण उपस्थित रहे।

# फाइलेरिया उन्मूलन के लिए रात्रि रक्त-संग्रह अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज।** फाइलेरिया जैसी गंभीर जनस्वास्थ्य चुनौती को जड़ से मिटाने के उद्देश्य से रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा रात्रि रक्त-पट्ट संग्रह अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत डीहवा, चौवड़ा, खैरा, धमनी और रंवा पंचायतों में रात के समय विशेष शिविर लगाए गए, जहां स्वास्थ्यकर्मियों की टीम ने घर-घर पहुंचकर लोगों का रक्त नमूना एकत्र किया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि फाइलेरिया क्यूलेक्स प्रजाति के मच्छरों से फैलने वाली एक खतरनाक बीमारी है, जो बिना किसी स्पष्ट लक्षण के शरीर में प्रवेश कर जाती है। उन्होंने कहा कि संक्रमण के बाद यह परजीवी छह माह से लेकर पंद्रह वर्ष तक शरीर में निष्क्रिय रह सकता है और किसी भी समय हाथ-पैर तथा अन्य अंगों में सूजन या विकृति उत्पन्न कर सकता है। डॉ. सिंह ने बताया कि इसकी जांच केवल रात में ही संभव है, क्योंकि फाइलेरिया परजीवी रात्रि में रक्त में सक्रिय होते हैं। इसी कारण नाइट ब्लड सर्वे को फाइलेरिया पहचान का सबसे प्रभावी माध्यम माना जाता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिन व्यक्तियों में प्रारंभिक चरण में लक्षण मिल जाते हैं उनका इलाज पूरी तरह संभव है, लेकिन यदि बीमारी अंतिम अवस्था में पहुँच जाए, तो यह लाइलाज हो जाती है और आजीवन विकलांगता का कारण बन सकती है। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी प्रकार की शर्म या झिझक न रखें और रात्रि रक्त परीक्षण अवश्य कराएं, ताकि संक्रमण की प्रारंभिक अवस्था में पहचान हो सके और समय पर दवा मिल सके।

# बच्चों ने जाने नवोदय विद्यालय परीक्षा में प्रवेश के सूत्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



औरंगाबाद। जिला मुख्यालय स्थित पीएम श्री अनुग्रह मध्य विद्यालय में विद्यालय के प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह के आमंत्रण पर जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य रविंदर कुमार सिंह पहुंचे और इस वर्ष नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने वाले वर्ग पांच के बच्चों के साथ घंटे भर का सेशन किया। उन्होंने परीक्षा में रॉल नंबर भरने से सभी प्रश्नों को टेक अप करने के तरीके बताएं। जवाहर नवोदय विद्यालय के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि भारत सरकार बेहतरीन शिक्षा इस विद्यालय के माध्यम से मुहैया कराती है। तैयारी मेहनत से कर परिणाम प्राप्त कर लेने को प्रेरित किया।

प्राचार्य ने कहा कि प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह के द्वारा बड़ी संख्या में नवोदय विद्यालय के लिए आवेदन करा एक सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया गया है। साथ ही उन बच्चों को नियमित स्मार्ट क्लास पर यूट्यूब लिंक से तैयारी कराने की भी काफी प्रशंसा किए। वर्ग पंचम की वर्ग शिक्षिका मीना कुमारी के भी इस कार्य में किए जा रहे सदप्रयासों को भी प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह ने काबिलेतारिफ बताया।

प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह ने 13 दिसंबर को होने वाले नवोदय प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने वाले बच्चों को शुभकामनाएं दिया एवं नवोदय बारुण के प्राचार्य आरके सिंह को भी उनके दिए समय के लिए साधुवाद दिया।


**नगर विकास एवं आवास विभाग**

बिहार सरकार

**अधिसूचना**

संख्या–11/न0वि0/गठन–09/2025 **3060** /बिहार नगरपालिका अधिनियम, 2007 (बिहार अधिनियम, 11, 2007) की धारा 3 सह पठित धारा 4 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बिहार राज्यपाल निम्नलिखित प्रारूप आदेश प्रकाशित करना चाहते हैं, जिससे प्रभावित हो सकने वाले व्यक्तियों के सूचनार्थ के लिए प्रकाशित किया जाता है, जिनके इससे प्रभावित होने की संभावना है और इसके द्वारा सूचना दी जाती है कि उक्त प्रारूप पर इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से एक माह के भीतर विचार किया जायेगा।

प्रारूप प्रकाशन की अवधि में संबंधित जिला पदाधिकारी/प्रण्डलीय आयुक्त के माध्यम से प्राप्त आपत्तियाँ/सुझावों पर उक्त अधिनियम की धारा 5 के अधीन विचार किया जायेगा।

**प्रारूप आदेश**

संख्या–11/न0वि0/गठन–09/2025/बिहार नगरपालिका अधिनियम, 2007 (बिहार अधिनियम, 11, 2007) की धारा–8 (ग) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बिहार राज्यपाल घोषित करते हैं कि उक्त अधिनियम के प्रावधानों को लागू करने तथा उक्त अधिनियम के अधीन प्रशासनिक प्रावधान करने के प्रयोजनार्थ औरंगाबाद जिलान्तर्गत दाउदनगर प्रखण्ड के निम्नलिखित ग्रामों की परिधि में पड़ने वाले क्षेत्रों में, जिनकी चौहद्दी, क्षेत्रफल एवं जनसंख्या नीचे दी गई है, नगर परिषद, दाउदनगर में शामिल होना घोषित करते हैं:–

| क्र0 सं0 | प्रस्तावित नगर निकाय का नाम | सम्मिलित ग्रामों का नाम/थाना नं0 | प्रस्तावित नगर निकाय की चौहद्दी (थाना नं0 सहित) | प्रस्तावित नगर निकाय का क्षेत्रफल | प्रस्तावित नगर निकाय की कुल जनसंख्या (वर्ष 2011 जनगणना के आधार पर) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| जिला का नाम–औरंगाबाद | | | | | |
| 1 | नगर परिषद, दाउदनगर | नगर परिषद, दाउदनगर (वार्ड सं0 01 से 27) भखरूआँ (75) तरारी (आंशिक–74) | उत्तर – गुमा (49), अकोढ़ा (48), पिल्छी (76) दक्षिण –ठाकुर बिगहा , दाउदनगर (5 0), बेलाड़ी (53), तरारी (74) पूरब– तरार (77), पिल्छी (76) पश्चिम–सोन नदी, दाउदनगर (50) | 19 वर्ग कि0मी0 | 61700 |

इस क्षेत्र को नगर परिषद, दाउदनगर कहा जायेगा।

2. यह अधिसूचना तुरंत प्रवृत्त होगी।

**(अभय कुमार सिंह)**
सरकार के सचिव
नगर विकास एवं आवास विभाग

PR- 018940 (URBAN) 2025-26

विस्तृत जानकारी वेबसाइट//state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार**



**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

**सं०– टीआरएस–जी–टी–ओपीएन–05–आरएसपी–25–26, दिनांक: 03.12.2025**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से सक्षम, स्थापित ठेकेदारों/प्रतिष्ठानों से निम्नलिखित कार्य हेतु ई–टेंडर (ओपेन) निविदा आमंत्रित की जाती है। **1, निविदा कार्य का विवरण स्थान सहितः** ओवरहालिंग डिसमेंटलिंग एंड रिपेयरिंग ऑफ कन्वेंशनल बोगी फ्रेम्स एंड इट्स डिफ्फरेंट कंपोनेंट्स ऑफ इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव्स डयूरिंग TOH/IOH। विधुत लोको शेड–पंडित दीन दयाल उपाध्याय एवं डीजल लोको शेड–पंडित दीन दयाल उपाध्याय।, **2. अनुमानित लागत :** रू० 1,63,38,863.40, **3. धरोहर राशिः** रू० 2,31,700.00, **4. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं निविदा खुलने की तिथि एवं समयः** दिनांक 29.12.2025 समय, 13:00 बजे तक, दिनांक 29.12.2025 समय, 15:00 बजे, **5. वेबसाइट एवं नोटिस बोर्ड का विवरण जहां से निविदा की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है: वेबसाइट http://www.ireps.gov.in** पर निविदा उपलब्ध है। निविदा की विस्तृत जानकारी वरिष्ठ मंडल बिजली इंजी०/कचस्टा विधुत लोको शेड पंडित दीन दयाल उपाध्याय के कार्यालय से ली जा सकती है।

**मंडल रेल प्रबन्धक/कचस्टा**
**पूर्व मध्य रेल–पंडित दीन दयाल उपाध्याय**

पीआर/1391/डीडीयू/डीआरएम/टीआरएस/टी/25–26/36

# निष्क्रिय बैंक खातों में पड़े हैं एक सौ पांच करोड़ रुपए

## निष्क्रिय खाताधारकों की राशि लौटाने को लेकर लगाया गया शिविर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**आरा।** नागरी प्रचारिणी सभागार में निष्क्रिय खातों के वास्तविक धारकों को उनकी जमा राशि लौटाने व अनक्लेम्ड एसेट्स के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से भोजपुर में अभियान का शुभारंभ हुआ। शुरुआत उप विकास आयुक्त गुंजन सिंह, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक नीरज कुमार समेत अन्य बैंकर्स ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर पीएनबी मुख्य प्रबंधक अभिषेक कुमार, रिजर्व बैंक के एलडीओ अमित गुप्ता, बिहार ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक राजेश भारती, एसबीआई के पदाधिकारी समेत अन्य सभी बैंकों के अधिकारीगण उपस्थित थे। शिविर के दौरान अनक्लेम्ड एसेट्स से संबंधित गाइडलाइन बुकलेट का लोकार्पण किया गया तथा जिले भर के बैंक अधिकारियों को वीडियो प्रसारण के माध्यम से प्रक्रिया से जुड़ी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उप विकास आयुक्त ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर भी ऐसे शिविर आयोजित कर लोगों को जागरूक करें। उन्होंने आश्वासन दिया कि आवश्यकता पड़ने पर जिले के सभी विभागों से आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। एलडीएम नीरज कुमार ने बताया कि भोजपुर जिले के विभिन्न बैंकों में 1,98,014 खाते निष्क्रिय पड़े हैं, जिनमें 105.49 करोड़ रुपये जमा हैं। पिछले दस वर्षों से इन खातों में कोई लेन-देन नहीं हुआ है। शिविर में सैकड़ों लोग पहुंचे और अपने निष्क्रिय खातों से संबंधित दावे प्रस्तुत किए। सत्यापन के बाद अब तक 3.84 करोड़ रुपये वास्तविक खाताधारकों को लौटा दिए गए हैं, जबकि शेष दावों की प्रक्रिया जारी है। एलडीएम नीरज कुमार ने बताया कि बिना दावा वाली वित्तीय संपत्तियों के बारे में जागरूकता शिविर आपकी पूंजी, आपका आधार का आयोजन आज किया गया है। भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवाएं विभाग के निर्देशानुसार राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति बिहार के मार्गदर्शन में जिले में आपकी पूंजी, आपका आधार अभियान के तहत शिविर का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि शिविर का उद्देश्य वित्तीय क्षेत्र में अनक्लेम्ड एसेट्स के दावा प्रक्रिया में सहायता करना व जागरूकता फैलाना है। शिविर के माध्यम से वित्तीय संपत्तियों को उनके वास्तविक धारकों को लौटाना है, जो बैंकों व अन्य वित्तीय संस्थानों में बिना दावे के पड़ी हैं। इस अवसर पर डीडीसी गुंजन सिंह, एलडीएम नीरज कुमार, पीएनबी मुख्य प्रबंधक अभिषेक कुमार, रिजर्व बैंक के एलडीओ अमित गुप्ता, बिहार ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक राजेश भारती, बैंक ऑफ बड़ौदा के डीसीओ रतिकांत ओझा, यूको बैंक के डीसीओ सुधांशु शेखर, यूनियन बैंक के डीसीओ सुदीप मंडोल, एलडीएम कार्यालय से कुंवर अजय प्रताप सिंह, एसबीआई के बैंक अधिकारी समेत सभी बैंकों के पदाधिकारी मौजूद थे।

# मिट्टी का संरक्षण करना है मानव का कर्तव्य

## कृषि विभाग के अधिकारियों व किसानों की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रखंड के ई किसान भवन में कृषि विभाग के अधिकारियों व किसानों की बैठक शुक्रवार को हुई। बैठक में बीएओ रौशन कुमार ने कहा कि मृदा संरक्षण आवश्यक है। मृदा का पोषण करना मानव का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि इसके लिए मिट्टी की जांच आवश्यक है ताकि किसान जान सकें कि उनकी मिट्टी में पोषक तत्वों की कमी है या नहीं। फसल के लिए कौन सी फसलें सबसे अच्छी होंगी। इससे संतुलित खाद का सही मात्रा में उपयोग किया जा सकता है। जिससे फसल की पैदावार बढ़ती है और लागत कम होती है। किसानों के बीच सॉयल हेल्थ कार्ड किसानों के बीच बांटे गये। किसान सलाहकार श्रवण कुमार, संजय कुमार राय, जय शंकर ने किसानों को सलाह दी कि मिट्टी जांच से जिंक, मैग्नीशियम जैसे सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी या अधिकता का पता चलता है। साथ ही जांच के नतीजे के आधार पर यह तय किया जा सकता है कि कौन सा उर्वरक कितनी मात्रा में डालना है, जिससे उर्वरकों का सही और संतुलित उपयोग हो सके। मिट्टी जांच से मिट्टी की अम्लता या क्षारीयता जैसी समस्याओं का पता चलता है। जिन्हें कृषि विधियों से सुधारा जा सकता है। उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से बचा जा सकता है, जो पर्यावरण के लिए फायदेमंद है। बैठक में प्रखंड उद्यान अधिकारी राजा राम कुमार, षि समन्वयक सुलेन्द्र कुमार, राजीव रंजन, किसान सलाहकार मुकेश कुमार, संजय कुमार राय, श्रवण कुमार, मनोज कुमार, राजीव कुमार, शिव राज रजक, अमर कांत कुमार, कुणाल कुमार, शुभम कुमार, ब्रजेश कुमार, राजा कुमार, गुलशन कुमार, लक्ष्मी देवी, रंजीत कुमार, मनोरंजन कुमार, मनमीत कुमार, अवधेश कुमार आदि मौजूद थे।

# बड़हारा में विश्व मृदा दिवस पर स्वायल हेल्थ कार्ड का वितरण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**आरा।** भोजपुर जिले के बड़हरा प्रखंड स्थित ई-किसान भवन में शुक्रवार को विश्व मृदा दिवस का आयोजन हुआ। अध्यक्षता बीएओ राजेश कुमार चौधरी, संचालन उमेश कुमार सुमन, धन्यवाद ज्ञापन प्रेम रंजन सिन्हा ने किया।

मौके पर मौजूद किसानों को मृदा के बारे में विस्तार जानकारी दी। वही कृषि समन्वयक वेद प्रकाश ने रसायनिक खाद द्वारा मिट्टी के होने वाले नुकसान व जैविक खेती से होने वाले लाभ को विस्तार से बताया। कार्यक्रम में चार पंचायत बिसुनपुर, बभनगांवा, पूर्वी बबुरा, पश्चिम बबुरा के किसानों के बीच स्वायल हेल्थ कार्ड का वितरण किया गया। बता दे कि जिला कृषि कार्यालय आरा से 49 स्वायल हेल्थ कार्ड प्रखंड कार्यालय को प्राप्त हुआ था। जिसका वितरण कृषि समन्वयक अरुण कुमार, प्रेम रंजन सिन्हा, वेद प्रकाश, कार्यपालक सहायक रवि भारती, किसान सलाहकार उमेश कुमार, धनंजय कुमार, राज कुमार, वैजयंत पांडेय, प्रदीप कुमार, राकेश कुमार, योगेन्द्र यादव राजकिशोर यादव, जितेन्द्र कुमार, अमर नाथ, विवेकानंद उपाध्याय मौजूदगी में हुआ। मौके पर किसान तेलु कुमार सिंह, अखिलेश कुमार सिंह, संतोष कुमार सिंह संटू, अरविंद कुमार, वीर बहादुर सिंह, राज किशोर सिंह, गोलू कुमार सिंह, निकुं सिंह, रामेश्वर सिंह, सुभाष शर्मा, सुभान कुमार, आकाश कुमार, सत्यनारायण समेत अन्य मौजूद थे।

# अभाविप ने किया कॉलेज इकाई का गठन

## आरबीएस कॉलेज तेयाई में अभाविप इकाई का पुनर्गठन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरौनी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद तेघड़ा इकाई के द्वारा आरबीएस कॉलेज तेयाई में कॉलेज कैंपस में अभाविप की विभिन्न गतिविधियों एवं इकाई पुनर्गठन को लेकर बैठक की गई। मौके पर जिला सह संयोजक गोविंद कुमार ने कहा एबीवीपी से जुड़े कई कार्यकर्ता आज विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्व की भूमिका निभा रहे हैं। यह संगठन केवल कॉलेज की समस्याओं तक सीमित नहीं है। बल्कि युवाओं को जिम्मेदार नागरिक बनाने का कार्य भी करता है। अभाविप देश की युवा शक्ति को समाज और राष्ट्र के विकास के लिए समर्पित कर रही है। तेघड़ा अनुमंडल प्रमुख रजनीश कुमार चौधरी ने कहा कि विद्यार्थी परिषद में पद से ज्यादा महत्व दायित्व को दिया जाता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपने दायित्वों के प्रति ईमानदारी बरतने व समाज और संगठन के प्रति अपने कर्तव्यों के निर्वहन की अपील की। मौके पर कॉलेज अध्यक्ष वैभव कुमार एवं नगर सह मंत्री राजेश कुमार ने कहा महाविद्यालय परिसर में पीने के लिए स्वच्छ पानी भी नहीं है। इससे कई बार छात्रों के स्वास्थ्य भी खराब हो जाते हैं। खेलकूद की सुविधाएं नहीं के बराबर है। जिससे छात्रों का सर्वांगीण विकास प्रभावित होता है। एबीवीपी केवल समस्याएं गिनाने तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि इन मुद्दों को कलेज प्रशासन और शासन स्तर पर मजबूती से उठाएगी। परिषद लगातार संघर्ष करेगी और समाधान तक चैन से नहीं बैठेगी। मौके पर कॉलेज मंत्री रोहित, कॉलेज सह मंत्री रघुवीर, कॉलेज उपाध्यक्ष साकेत, कॉलेज उपाध्यक्ष गौरव, दीपक, हर्ष, सहित कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आकाश सीएलएफ के वीआरपी का प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रखंड क्षेत्र के हसनपुर बागर आकाश सीएलएफ में विकासशील और आकाश सीएल एफ के भिआरपी का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षक प्रदान के अभिषेक कुमार ने बताया कि नावकोठी प्रखंड के दो सिएलफ आकाश और विकासशील में एग्रीकल्चर इमरसन साईट विकसित करना है। जिसमें एक गांव में सौ किसानों के साथ काम मल्टीलेर खेती, खरा मचान, कलमी पौधा, नेट हाउस, नर्सरी हाउस, दोहरी कतार, बागवानी में अतः फसल, उच्च मूल्य के फसल, सट्की ट्रैप करना है जिसमें सिएलफ के माध्यम से किसानों को सौ किसानों में दो लाख का मदद किया जाएगा और इस कार्य के लिए समसा और रजाकपुर पंचायत को चुना गया है। किसान का लिस्ट दिसंबर में ही तैयार करना है। मौके पर उपस्थित अफसना रोजी, गौतम गोस्वामी, कुन्दन कुमार, विकास कुमार, रेणु कुमारी, बिन्दु कुमारी, पिंकी कुमारी आदि मौजूद थे।

# स्कूलों में कविता पाठ और संगीत की धूम

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के स्कूलों में भारतीय भाषा उत्सव. 2025 के दूसरे दिन विद्यालयों के बच्चों ने विभिन्न भारतीय भाषाओं में कविताएँ, गीत और पंक्तियाँ पेश की। बच्चों ने अपनी मातृभाषा में पारंपरिक कविता का वाचन किया। साथ ही हिंदी, तमिल, बांग्ला, गुजराती, कन्नड जैसी कई भाषाओं की गीत अडियो के माध्यम से गूँज रही थी। इससे हर कक्षा में बहुभाषी रंग भर गया। इसका उद्देश्य बच्चों में भारतीय भाषाओं के प्रति गर्व और एकता की भावना को बढ़ावा देना है।

# केवीके अररिया में मखाना नर्सरी पर प्रशिक्षण

## किसानों को मिली उन्नत तकनीकी जानकारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**अररिया।** कृषि विज्ञान केंद्र, अररिया मे आईटीसी मिशन सुनहरा कल एवं 4S इंडिया के सहयोग से मखाना नर्सरी उत्पादन तकनीकों पर आधारित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान भाई-बहनों ने भाग लिया।

वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ. विनोद कुमार ने मखाना नर्सरी प्रबंधन वैज्ञानिक तकनीकों की विस्तृत जानकारी एवं इसके लाभों पर प्रकाश डाला। जिला उद्यान पदाधिकारी अभिजीत कुमार ने मखाना से संबंधित सरकारी योजनाओं की जानकारी दी, जबकि मत्स्य पदाधिकारी प्रवीण कुमार झा ने मत्स्य विभाग की योजनाओं के बारे में बताया। जीविका से आजीविका प्रबंधक अमरजीत कुमार ने जीविका के बारे में एवं उनके द्वारा किए जा रहे कृषि गतिविधियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी साझा की। अभय अर्जुन एवं प्रशांत कुमार ने आईटीसी के मखाना विकास कार्यक्रम एवं 4S इंडिया की भूमिका के बारे बात की। कार्यक्रम के अंत में प्रोड्यूसर ग्रुप के सदस्यों के बीच मखाना बीज का वितरण किया गया।

# कुषाण, गुप्त आदि वंशों ने भारतीय संस्कृति को वैश्विक स्वरूप दिया है : प्रो. रविप्रकाश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त इतिहासकार एवं बंसीलाल विश्वविद्यालय, हिसार के प्रोफ़ेसर रविप्रकाश ने भारतीय इतिहास के कई महत्वपूर्ण आयामों को जोड़ते हुए बताया कि कुषाण, गुप्त आदि वंशों ने भारतीय संस्कृति को वैश्विक स्वरूप दिया।

ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर इतिहास विभाग में शुक्रवार को वर्तमान परिप्रेक्ष्य में इतिहास-लेखन एवं चिंतन की प्रासंगिकता विषय पर आयोजित एक दिवसीय विशेष व्याख्यान को संबोधित करते हुए प्रोफ़ेसर रवि प्रकाश ने इतिहास की व्यापकता और उसकी बदलती व्याख्याओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न की कथा हमें केवल धार्मिक ही नहीं, बल्कि राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक संरचना का संदेश भी देती हैं। सिंधु सभ्यता, राखीगढ़ी, सरस्वती सभ्यता जैसे पुरातात्विक साक्ष्यों ने इतिहास - लेखन में नई संभावनाओं को खोला है साथ ही भारतीय उपमहाद्वीप में मानव प्रवासन के अध्ययन ने इतिहास की रिक्तता को भरने का कार्य भी किया है। विश्व इतिहास की अवधारणा ने इतिहास को अधिक समावेशी और बहु-दृष्टिगत बनाया है। प्रो रवि ने चिरांद, पाषाण काल और बृहत्तर भारत की संकल्पना पर भी विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि आधुनिक इतिहास - लेखन में इन पहलुओं को नए तरीके से देखने की आवश्यकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इतिहास को केवल अतीत की कहानी के रूप में नहीं, बल्कि वर्तमान की समझ और भविष्य की दिशा के रूप में देखें।

व्याख्यान में बतौर मुख्य वक्ता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर के सेवानिवृत्त विभागाध्यक्ष प्रो0 भोज नंदन प्रसाद सिंह ने अपने गहन, सहज और प्रेरक विचारों से संबद्ध विषय पर विचार रखें। उन्होंने अपनी वाक शैली को छोटे-छोटे प्रेरक किस्सों से शुरू किया, जिसने श्रोता वर्ग को गंभीरता और रोचकता से बांध दिया। उन्होंने बताया कि मूलतः इतिहास चिंतन यात्रा की शुरुआत ई0 एच0 कार की प्रसिद्ध पुस्तक 'इतिहास क्या है?' से हुई है। इतिहास केवल डेटा का संग्रह नहीं है, बल्कि मानव जीवन के हर पहलू को समझने की कला है। यह सभी विषयों की जननी है, क्योंकि प्रत्येक विषय समय और समाज से प्रभावित होता है। सार्थक इतिहास अध्ययन वही है, जो मानव को केवल 'मानव' ही नहीं, बल्कि 'दैवीय संपदा से सम्पन्न' जीव के रूप में देखने की दृष्टि दे। उन्होंने हिस्टोरिकल एम्पैथी की चर्चा करते हुए कहा कि इतिहास वही समझ सकता है, जो दूसरों के सुख-दुःख को महसूस करने की क्षमता रखता है। डेनियल गोलमैन के विचारों का उल्लेख करते हुए प्रो सिंह ने समझाया कि आधुनिक इतिहास- लेखन में यह क्षमता अनिवार्य है।

व्याख्यान में अपने अध्यक्षीय संबोधन देते हुए स्नातकोत्तर इतिहास विभाग के अध्यक्ष प्रो0 संजय झा ने कहा कि इतिहास केवल अतीत की खोज नहीं, बल्कि मानव सभ्यता का दर्पण है। आधुनिक समय में इतिहास का कार्य समाज को दिशा देना है, केवल जानकारी देना नहीं। अपने संबोधन से प्रो. झा ने विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि इतिहास का अध्ययन केवल परीक्षा के लिए नहीं, बल्कि अनुभूति, चिंतन और मानव कल्याण की दृष्टि से भी करना वांछनीय है। समकालीन परिदृश्य में भारतीय ज्ञान परंपरा की पुनर्स्थापना में इतिहास की वैश्विक, समावेशी और मानवतावादी दृष्टि महत्वपूर्ण है। भारत सरकार के इंडियन काउंसिल फॉर हिस्टोरिकल रिसर्च द्वारा भी इसी प्रकार के वैश्विक इतिहास विमर्श को बढ़ावा दिया जा रहा है। मंच संचालन डॉ0 मनीष कुमार और धन्यवाद ज्ञापन डॉ0 ज्योति प्रभा ने किया। व्याख्यान में विषय प्रवेश डॉ0 अमिताभ कुमार ने किया। इस अवसर पर विभागीय प्राध्यापक प्रो0 नैयर आज़म, डॉ0 अमीर अली खान समेत बड़ी संख्या में शोधार्थी एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहीं।

# किसी भी समाज की असली ताकत उसके लोगों का स्वास्थ्य है : निशीत कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी एवं संप्रति सशस्त्र सीमा बल पटना के महानिरीक्षक निशीत कुमार उज्जवल ने कहा कि किसी भी समाज की असली ताकत उसके लोगों का स्वास्थ्य है। चिकित्सक समुदाय लोगों को स्वस्थ रखकर न केवल उनके पूर्ण और उपयोगी जीवन की राह आसान करता है, बल्कि देश की विकास यात्रा में उनकी सक्रिय भागीदारी भी सुनिश्चित करता है।

मिथिलांचल कान नाक गला संस्था द्वारा आयोजित 49वाँ तीन दिवसीय बिहार झारखंड बीजेएआईओकॉन सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन में शामिल होना अपने-आप में एक सम्मानजनक अवसर है। उन्होंने डीएमसीएच, दरभंगा में इस कार्यक्रम को उम्दा तरीके से आयोजित करने के लिए आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि तब समाज स्वस्थ होता है जब लोग बिना परेशानी सुन, बोल और सांस ले पाते हैं। तब वे राष्ट्र की तरक्की में अधिक प्रभावी ढंग से योगदान देते हैं। चिकित्सकों के कार्यों की प्रशंसा करते हुए उन्होंने रेखांकित किया कि वो सब केवल उपचार का काम नहीं करते, बल्कि बिहार और झारखंड के सामाजिक-आर्थिक विकास तथा 'विकसित भारत- 47' के लक्ष्य को पाने में भी अहम भूमिका निभा रहे हैं।

वरिष्ट ईएनटी चिकित्सक सह बिहार झारखंड एसोसिएशन ऑफ ऑटोलेरिंगोलॉजिस्ट ऑफ इण्डिया के अध्यक्ष डॉ अश्विनी कुमार वर्मा ने कहा कि ऐसे सम्मेलन ज्ञान, अनुभव और नई तकनीकों के आदान-प्रदान का महत्वपूर्ण मंच बनते हैं और चिकित्सा क्षेत्र में नवीनतम प्रगति को व्यवहारिक उपयोग से जोड़ने में सेतु का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य होता है नई जानकारी प्रदान करना। उन्होंने कहा कि सम्मेलन में नाक कान एवं गला रोगों से जुड़ी जटिल बीमारियों, नवीनतम उपचार पद्धतियों एवं आधुनिक शल्य चिकित्सक की तकनीक एवं अनुसंधान कार्यों पर भी विस्तृत चर्चा होगी। बिहार झारखंड एसोसिएशन ऑफ ऑटोलेरिंगोलॉजिस्ट ऑफ इण्डिया के सचिव डॉ0 राकेश कुमार ने कहा कि मुझे यह मौका और सम्मान देने के लिए आप सब का मैं धन्यवाद करता हूँ। मैं यह समझता हूँ कि दरभंगा चिकित्सा महाविद्यालय में आयोजित यह वार्षिक सम्मेलन मात्र एक जमावड़ा नहीं है, अपितु इस तरह के समागम से नवीन जानकारियों का आदान - प्रदान भी होता है। अलग - अलग राज्यों की चिकित्सा व्यवस्था, विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा अत्याधुनिक चिकित्सा एवं मरीजों की देखभाल की प्रक्रिया, विशेष चिकित्सा प्रणाली आदि की जानकारी भी मिलती है। आयोजन समिति के सचिव डॉ मनोज कुमार ने कहा कि सम्मेलन का लक्ष्य ज्ञान अनुभव और चिकित्सा के नवाचार के आदान-प्रदान का एक उत्कृष्ट और सार्थक मंच बनाना है उन्होंने कहा कि एंट विशेषज्ञों का यह सबसे विशिष्ट वार्षिक आयोजन है जिसमें देश भर के वरिष्ठ चिकित्सक, सर्जन, शोधकर्ता और मेडिकल छात्र भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि वायुयान के हड़ताल के कारण कई चिकित्सक सम्मेलन में नहीं पहुंच पाए हैं फिर भी यह सम्मेलन काफी सफल है। अतिथियों का स्वागत दरभंगा मेडिकल कॉलेज अस्पताल की प्राचार्या डॉक्टर अलका झा ने किया।

# फरार कोर्ट वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भगवानपुर।** भगवानपुर थानाध्यक्ष ने बृहस्पतिवार को देर रात्रि बनवारीपुर गांव से फरार कोर्ट वारंटी को गिरफ्तार कर व्यवहार न्यायालय भेज दिया। इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष सुमित कुमार ने बताया कि बनवारीपुर निवासी उद्यो पासवान के पुत्र भवानी पासवान को गुप्त सूचना पर उसके गांव से ही गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, आरोपी थाना कांड संख्या 105/2021 में नामजद आरोपी था। और कई वर्षों से फरार चल रहा था। लगातार प्रयासों के बाद पुलिस ने उसे उसके गांव से गिरफ्तार कर व्यवहार न्यायालय, बेगूसराय भेज दिया।

## मारपीट कर रुपए छीनने के मामले में वारंटी गिरफ्तार

**नावकोठी।** थानाध्यक्ष ने नावकोठी से डेढ़ माह से फरार वांछित को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष राजीव कुमार रंजन ने बताया कि गिरफ्तार वांछित विशाल कुमार है। उस पर गांव के ओमप्रकाश साह के पुत्र विजय कुमार गुप्ता पर 21 अक्टूबर की रात में पुरानी मछली बाजार में घर जाने के क्रम में विशाल अन्य तीन के साथ मारपीट कर 30 हजार रुपए छीनने के क्रम में जख्मी कर दिया था। गुप्त सूचना के आधार पर काली मंदिर परिसर नावकोठी से गिरफ्तार किया गया। इस गिरफ्तारी में थानाध्यक्ष के अतिरिक्त सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# प्रधानाध्यापको की दी गई ऑनलाइन ट्रेंनिंग

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के सभी प्राइमरी स्कूल, मिडिल स्कूल के प्रधानाध्यापकों की आनलाइन ट्रेनिंग एपीएस .2 स्कूल नावकोठी में शुक्रवार को आयोजित की गई। मास्टर ट्रेनर अभिषेक कुमार ने विद्यालय शिक्षा समिति के नामित अथवा चयनित सदस्यों का डिटेल्स अपलोड करने के तौर तरीके को समझाया। उसने बताया कि इस एप पर सदस्यों का डाटा अपलोड की संख्या काफी कम है। जिससे विभाग को इसका सही सही आंकड़ा तथा अन्य बातों की जानकारी मिलने असुविधा हो रही है। एप पर डाउनलोड करने के तरीके को मॉकड्रील कर बताया गया।मौके पर प्रधानाध्यापक राजेश कुमार, विभाकर घ्कुमार, हर्षवर्धन कुमार, शंभू महतो, इंदु कुमारी, कंचन कुमारी, अशोक शर्मा, राजेश कुमार चौधरी, संजीव कुमार, बागीश चंद्र पाठक आदि ने हिस्सा लिया।


**बिहार सरकार**

**समाहरणालय, औरंगाबाद**

(जिला वाहन कोषांग)

बिहार विधान सभा आम निर्वाचन–2025

**आवश्यक सूचना**

बिहार विधान सभा आम निर्वाचन–2025 के अवसर पर निर्वाचन कार्य हेतु जिला वाहन कोषांग, औरंगाबाद एवं सभी प्रखण्ड कार्यालय जिला औरंगाबाद के मतदान कार्य समाप्ति के पश्चात सभी प्रकार के अधिग्रहित/प्रयुक्त वाहनों का अंतिम रूप से मुआवजा भुगतान किया जाना है। अधिग्रहित/प्रयुक्त वाहनों के मालिकों/चालकों को सूचित किया जाता है कि वे निर्वाचन कार्य में प्रयुक्त अपने वाहनों का लॉगबुक दिनांक–10/12/2025 तक निश्चित रूप से जिला वाहन कोषांग (जिला परिवहन कार्यालय), औरंगाबाद में जमा करना सुनिश्चित करें ताकि ऐसे वाहनों का देय मुआवजा का शत प्रतिशत भुगतान किया जा सके। निर्धारित तिथि तक लॉगबुक जमा नही करने की स्थिति में अधिग्रहित वाहनों का मुआवजा भुगतान में विलम्ब की सारी जवाबदेही संबंधित वाहन मालिकों/चालकों की होगी तथा मुआवजा/भुगतान का दावा भविश्य में स्वीकार नहीं होगा।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–
जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद

PR. No. 019004 (Transport) 2025-26

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

रक्त की आवश्यकता पड़ने पर लाईसेंस प्राप्त ब्लड बैंकों से ही रक्त प्राप्त करें।

# पटवन कर लौट रहे किसान को स्कार्पियो ने रौंदा, मौत

## परिजनों ने हाइवे पर टायर जलाकर किया प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** पटना गया नेशनल हाईवे 22 पर शुक्रवार की शाम को एक किसान खेत से पटवन करके सड़क क्रॉस कर रहा था उसी समय एक अज्ञात स्कार्पियो ने उसे जोरदार ठोकर मार दी जिससे उसकी मौत मौके पर ही हो गई है। मृतक की पहचान मिथिलेश राम पिता गुलाब चंद्र रविदास पोठही के रूप में हुई है। घटना के बाद गुस्साए परिजनों ने नेशनल हाईवे पर टायर जला कर आगजनी करते हुए सड़क जाम कर घंटे विरोध प्रदर्शन किया। मौके पर पहुंची पुलिस लोगों को समझाने बुझाने में जुटी हुई रही लेकिन आक्रोशित लोगों ने पुलिस की भी नहीं सुनी और जोरदार हंगामा करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। जगह-जगह पर सड़कों पर टायर जलाकर लकड़ी जलाकर विरोध प्रदर्शन के दौरान नेशनल हाईवे पर लंबी गाड़ियों की कतारें लग गई और चक्का जाम हो गया, समाचार लिखे जाने तक आक्रोशित विरोध प्रदर्शन करते नजर आए दरअसल मृतक मिथिलेश राम प्रतिदिन अपने खेतों में काम करने के लिए जाता था और देर शाम अपने घर वापस लौटा था ऐसे में शुक्रवार को भी वह अपने खेत से पटवन कर अपने घर लौट रहा था जहां सड़क क्रॉस करने के दौरान एक स्कार्पियो ने उसे रौंद डाला उसके बाद गुस्सा आए परिजनों ने घंटों बवाल मचाया।



## एएसपी ने सड़क पर उतर कर की वाहन जांच

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने तथा विधि-व्यवस्था संधारण के दृष्टिगत वरीय पुलिस अधीक्षक पटना के निर्देशन में मसौढी थाना के पास शाम को सहायक पुलिस अधीक्षक कोमल मीणा ने सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया।इस मौके पर दर्जनों वाहनों को खुद एएसपी कोमल मीणा ने जांच की पर मौके पर थानाध्यक्ष अनिल कुमार दल बल के साथ उपस्थित रहे।एएसपी कोमल मीणा ने बताया की वरीय पुलिस पदाधिकारियों के निर्देशन में सभी थानाध्यक्षों को अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहने, विशेष निगरानी एवं सतर्कता बरतने के लिए महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देश के आलोक में मसौढ़ी अनुमंडल अंतर्गत सभी थाना क्षेत्रों में निरंतर सघन वाहन जांच की जा रही है। बताया गया कि इस तरह का अभियान समय-समय पर चलाया जाता रहेगा।

# जनता दरबार लगा जिलाधिकारी ने 12 परिवादियों की सुनी समस्याएं

## आवश्यक कार्रवाई का दिया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार लगा परिवादियों की समस्याएं सुनी। इस दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। गुरुवार को जनता दरबार में कुल 12 परिवादियों ने जनहित से जुड़ी विविध समस्याएं रखीं जिनमें स्थानांतरण शस्त्र बिक्री सड़क निर्माण दाखिल-खारिज भूमि विवाद अतिक्रमण आशा बहाली में अनियमितता नल-जल योजना तथा अन्य स्थानीय शिकायतें प्रमुख रहीं। जनता दरबार में ओबरा थाना क्षेत्र के मनोरा वाजिदपुर निवासी शिव कुमार सिंह द्वारा शिव भोजनालय में आग लगने की घटना से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किया गया। गोह प्रखंड क्षेत्र के पंडुकी गांव निवासी मनोज शर्मा द्वारा अतिक्रमण से संबधित एक वाद में आदेश पारित किए जाने का अनुरोध किया गया। प्रखंड क्षेत्र के ही मलहद पंचायत द्वारा मलहद गांव में आशा की बहाली में अनियमितता को लेकर उस गांव निवासी पिंकी कुमारी द्वारा आरोप लगाया गया है। दाउदनगर थाना क्षेत्र के धनावां गांव निवासी रामराज सिंह द्वारा अपनी रैयती केवला जमीन पर बलपूर्वक सड़क निर्माण किए जाने की शिकायत दर्ज कराई गई। थाना क्षेत्र के ही उच्च माध्यमिक विद्यालय तरार में स्थानांतरण संबंधी आवेदन सुदामा कुमार द्वारा दिया गया। ओबरा थाना क्षेत्र के नावाडीह निवासी कृष्णा प्रसाद सिंह द्वारा बन्दूक बिक्री से संबंधित आवेदन दिया गया। देव थाना क्षेत्र के बम्हौरी गांव निवासी बली प्रसाद यादव द्वारा दाखिल खारिज रोकने के मामले में आवेदन किया गया। इसके अलावा अन्य परिवादियों द्वारा सड़क नाली पुल निर्माण नल-जल आपूर्ति अतिक्रमण हटाने भूमि विवाद दाखिल-खारिज मुआवजा भुगतान तथा जनसुविधाओं से संबंधित अनेक आवेदन प्रस्तुत किए गए। जिलाधिकारी ने सभी आवेदनों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को त्वरित एवं आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया और कहा कि प्रत्येक आवेदन की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की जाएगी तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर समस्याओं का समाधान कराया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि जनता दरबार में प्राप्त सभी प्रकरणों की प्रगति की नियमित समीक्षा की जाएगी।

# विश्व मृदा दिवस पर मिट्टी स्वास्थ्य एवं उर्वरता को लेकर किसान जागरूकता कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** विश्व मृदा दिवस के मौके पर शुक्रवार को मसौढ़ी प्रखंड कृषि कार्यालय के ई किसान भवन में किसानों के बीच मिट्टी स्वास्थ्य एवं उर्वरक की जांच को लेकर जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। इस मौके पर विभिन्न पंचायत से आए हुए किसान मौजूद रहे, मौके पर सभी पंचायत के किसान कोऑर्डिनेटर, किसान सलाहकार अन्य कार्यालय कर्मी उपस्थित रहे। किसानों को संबोधित करते हुए किसान सलाहकार सुनील कुमार ने बताया कि इसका उद्देश्य मिट्टी के महत्व, खाद्य सुरक्षा और कृषि उत्पादन पर इसके प्रभाव को किसानों को समझाना है। मिट्टी की गुणवत्ता का सीधा असर फसल के उत्पादन से जुड़ा होता है। विशेषज्ञों के अनुसार अधिक उपज के लिए मिट्टी स्वास्थ्य की नियमित जांच आवश्यक है। इससे यह पता चलता है कि जमीन में कौन से पोषक तत्व पर्याप्त हैं, किनकी कमी है और किनका अधिक होना फसल के लिए हानिकारक हो सकता है। वहीं किसान सलाहकार रत्नेश कुमार ने कहा कि मिट्टी की जांच से उन्हें उर्वरक चयन में काफी मदद मिलती है जिसका लाभ उत्पादन में दिखता है। मिट्टी की जांच होने से हमें पता चलता है कि किस खेत में क्या डालना है, क्या नहीं।बिना जांच के खाद डालने से खेती की लागत तो बढती है। उसके अनुपात में उत्पादन नहीं हो पाता। कृषि समन्वयक विजय कुमार ने बताया कि मिट्टी के नियमित जांच से फसलों की गुणवत्ता और उत्पादन बढ़ जाती है और लागत में भी काफी कमी आती है। मिट्टी की अम्लीयता को ठीक करने के लिए चूना (लाईमिंग) का प्रयोग, जबकि पोषक तत्वों की कमी को संतुलित उर्वरकों के माध्यम से पूरा किया जा सकता है। किसान सलाहकार सुरेंद्र चौधरी ने किसानों से अपील करते हुए कहा है कि किसान खेती से पूर्व नियमित मिट्टी की जांच कराएं, फसल के आधार पर संतुलित मात्रा में उर्वरक का प्रयोग करें। जैविक पदार्थों, गोबर, कम्पोस्ट का प्रयोग खेतों में बढ़ाएं। उन्होंने बताया कि किसानों को मिट्टी जांच के लिए जागरूक करने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। गांव स्तर पर कृषि मित्रों के माध्यम से जागरूकता अभियान चला किसानों को प्रशिक्षित किया जा रहा है।



# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले आठ इंजीनियरिंग छात्र चयनित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, औरंगाबाद के विद्यार्थियों ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद 2026 के तृतीय चरण (राज्य स्तर) में स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, नेतृत्व क्षमता तथा शैक्षणिक उत्कृष्टता का स्पष्ट प्रमाण है। चयनित विद्यार्थियों के नाम नितीश कुमार, साहिल सिंह, रितिक राज, आयुष कुमार, रोहित कुमार, प्रितम सिंह, राहुल कुमार तथा रेहान खान है। इनमें साहिल सिंह और आयुष कुमार ने लगातार दूसरे वर्ष चयनित होकर अपनी निरंतरता, प्रतिभा और नेतृत्व कौशल का विशेष परिचय दिया है। इस उपलब्धि से महाविद्यालय परिसर में हर्ष और गर्व का वातावरण है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रशांत मणि ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह हमारे संस्थान के लिए अत्यंत गर्व का क्षण है। विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद जैसे मंच से युवाओं में नेतृत्व, नवोन्मेष तथा रचनात्मक सोच को प्रोत्साहन मिलता है। हमें पूर्ण विश्वास है कि हमारे विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की लगन, संकाय के मार्गदर्शन तथा सकारात्मक शैक्षणिक माहौल को दिया। महाविद्यालय परिवार ने सभी चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# मसौढ़ी बाजार में बुलडोजर एक्शन से मचा हड़कंप

## कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** जिलाधिकारी के निर्देश पर एक बार फिर से शुक्रवार को मसौढ़ी बाजार में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया, जहां स्टेशन रोड से मेन रोड होते हुए कर्पूरी चौक तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। सड़क किनारे अतिक्रमण कर लगाई गई लगभग 40 से अधिक दुकानों के करकट हटाया गया। मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल की टीम शामिल रही। इस दौरान 7000 जुर्माना भी वसूला गया। अतिक्रमण हटाओ अभियान में मजिस्ट्रेट के तौर पर नगर परिषद मसौढी के अमीन रामाधार कुमार यादव ने बताया कि अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाने के पूर्व मसौढी बाजार में माइकिंग कर अतिक्रमणकारियों को कहा गया था कि वे खुद अपना अतिक्रमण हटा लें लेकिन माइकिंग के बाद अधिकांश अतिक्रमणकारियों ने इस पर ध्यान नहीं दिया अंत में नगर परिषद के द्वारा ऐसे अतिक्रमण को बुलडोजर एवं हथौड़े की मदद से तोड़कर हटाया गया। दरअसल सड़क के दोनों और सरकारी नाला बनाया गया है जिस पर आम जन को चलने के लिए फुटपाथ बनाया गया है, लेकिन पूरे बाजार में फुटपाथ पर ही अतिक्रमण कर लोग अस्थाई दुकान बना दिए हैं उस पर से अतिक्रमण को हटाया गया है।अभियान में शामिल नगर परिषद के कर्मी बुलडोजर, कुदाल, फावड़ा, ट्रैक्टर एवं मिनी बॉब कैट मशीन समेत कई अन्य संसाधन से लैस थे। इस कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में जुर्माना भरने के भय से हड़कंप मच गया।अतिक्रमणकारियों को सख्त निर्देश दिए जा रहे हैं कि भविष्य में दोबारा इन जगहों पर अतिक्रमण न करें. दोबारा ऐसा करने पर बिहार नगरपालिका अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत कठोर कारवाई की जायेगी। मौके पर रामावतार शास्त्री सिटी मिशन मैनेजर, राहुल कुमार, इसके अलावा सभी स्वच्छता कर्मी शामिल रहे।





# पुनपुन के पूर्व मुखिया और जदयू के वरिष्ठ नेता महेंद्र सिंह का निधन

## मंत्री रामकृपाल यादव समेत कई ने दी श्रद्धांजलि

## शोक की लहर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** पुनपुन प्रखंड के पुनपुन पंचायत के भूतपूर्व मुखिया रहे महेंद्र सिंह का निधन शुक्रवार की सुबह हो गई, पिछले कई दिनों से वह लंबी बीमारी से ग्रसित थे जिनका शुक्रवार के दिन निधन हो गया मौके पर फुलवारीशरीफ के विधायक श्याम रजक, कृषि मंत्री राम कृपाल यादव, विधान परिषद रविंद्र सिंह समेत कई दिग्गजों ने दिवगंत आत्मा की श्रद्धांजलि व्यक्त करते हुए कहा कि महेंद्र सिंह का चले जाना पुनपुन वासियों के लिए एक अपूरणीय क्षति हैं। वही फुलवारी विधायक श्याम रजक ने कहा कि महेंद्र सिंह जब पुनपुन प्रखंड का पुनपुन पंचायत था उस वक्त लगातार अपने मुखिया काल में 20 वर्षों तक इस पुनपुन का सेवा दी। इसके अलावा प्रखंड अध्यक्ष के रूप में भी इन्होंने सेवा दिया है। जदयू के वरिष्ठ नेता रहे हैं समता काल से लेकर जदयू तक का सफर तय करने वाले महेंद्र सिंह का काफी पुनपुन में योगदान रहा है। मौके पर जदयू जिला अध्यक्ष अशोक सिंह नगर पंचायत के अध्यक्ष रितेश पटेल भुटाली, मधुसूदन सिंह मनीष कुमार, ओम सिंह, अंजनी कुमार, प्रखंड प्रमुख गुड़िया देवी, सदगुरू प्रसाद, आदि कई लोगों ने दिवगंत आत्मा को श्रद्धांजलि दी और शोक व्यक्त किया


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: 222-एस/1/डब्ल्यू- II, दिनांक 04.12.2025;** मंडल अभियंता/III/पूर्व रेलवे, सियालदह, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, कमरा सं. 44, कैजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए नीचे उल्लेखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं: **क्रमांक 1; निविदा सं.: टीएन-148-25-26; कार्य का नाम:** सीनि. डीईएन/III/सियालदह के अधिकार क्षेत्र के अधीन माझदिया, बानपुर, गंगनापुर, बदकुल्ला, हबीबपुर, फुलिया, बाथना कृतिबास में सीमेंट कंक्रीट द्वारा प्लेटफॉर्मों (कुल - 11 अदद) को ऊंचा करने के साथ सभी आनुषंगिक कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 4,48,23,379.44; **ईएमडी:** रु. 3,74,100; **क्रमांक 2; निविदा सं.: टीएन-149-25-26; कार्य का नाम:** सीनि. डीईएन/III/सियालदह के अधिकार क्षेत्र के अधीन पागला चंडी, न्यू बलरामपुर हॉल्ट, काशिमबाजार, मुर्शिदाबाद जंक्शन, जियागंज, सुबर्णमृगी, भगवानगोला, पीरतला, कृष्णपुर, लालगोला में सीमेंट कंक्रीट द्वारा प्लेटफॉर्मों (कुल - 17 अदद) को ऊंचा करने के साथ सभी आनुषंगिक कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 6,92,72,533.60; **ईएमडी:** रु. 4,96,400; **कार्य समापन अवधि:** दोनों के लिए 08 महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** दोनों के लिए 29.12.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** दोनों के लिए 29.12.2025 को अपराह्न 3.30 बजे। निविदा दस्तावेज एवं अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोलियां ऊपरोक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के जरिए जमा की जानी चाहिए। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिए जाएंगे।

(SDAH-285/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध हैं

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# कहलगांव में नालेज कार्निवल का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** जिले के कहलगांव स्थित एनटीपीसी के सेंट जोसेफ स्कूल में नालेज कार्निवल का आयोजन शुक्रवार को किया गया। इस अवसर पर उपस्थित एनटीपीसी परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक रविन्द्र पटेल ने कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर एजीएम (एचआर) भास्कर गुप्ता, प्रिंसीपल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे। इस प्रदर्शनी में कक्षा 7 से 11 वीं तक के छात्र छात्राओं ने भाग लिया जिसमें विज्ञान की विभिन्न शाखाओं भौतिकी, रसायन, जीवविज्ञान एवं कला व शिल्प, समाजिक विज्ञान, कम्प्यूटर में विभिन्न प्रोजेक्ट के माध्यम से इन होनहार छात्रों ने अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया। इस प्रदर्शनी में मानव शरीर से जुड़े महत्वपूर्ण अंगों की कार्यप्रणाली, कृषि, स्मार्ट सिटी, सहित राम मंदिर, केदारनाथ, मधुबनी, मिथिला, मंजूषा पेंटिंग लोगों के आकर्षण के केंद्र बने हुए थे।

# द बिहार टीचर्स हिस्ट्री मेकर्स के मिडिया प्रभारी के रूप में मसौढ़ी के शैलेश का चयन

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार के नवाचारी शिक्षकों का समुह द बिहार टीचर्स हिस्ट्री मेकर्स, यह सरकारी शिक्षकों का आनलाइन मंच शिक्षकों और छात्रों के बीच शिक्षण और नवाचार को बढ़ावा देता है। मंच के संस्थापक डा. कुमार गौरव ने पटना प्रमंडल के 11 सदस्यीय टीम का गठन किया है। डॉ कुमार गौरव जो शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय शेरघाटी के व्याख्याता हैं जिन्होंने बिहार के नौ प्रमंडल के लिए शिक्षा में नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रत्येक प्रमंडल में एक ससक्त टीम का गठन किया है। जिसमें प्राथमिक विद्यालय भूसेनचक मसौढ़ी के शिक्षक शैलेश कुमार को प्रमंडलीय मिडिया प्रभारी के रूप में चयन किया गया है।

# 'पीपुल फ्रेंडली पुलिसिंग' के तहत जागरूकता कार्यक्रम

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में शुक्रवार को पुनपुन थाना एवं लहसूना थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्थित विभिन्न विद्यालयों में छात्र-छात्राओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां पीपुल फ्रेंडली पुलिसिंग' के तहत छात्र छात्राओं में सुरक्षा, सतर्कता एवं पुलिस पर विश्वास की भावना को सुदृढ़ करना था। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को आपातकालीन स्थिति में डायल 112 के माध्यम से त्वरित पुलिस सहायता प्राप्त करने तथा पुलिस की उपलब्धता के बारे में जानकारी दी गई। साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु छात्राओं को महत्वपूर्ण सावधानियों से अवगत कराते हुए जागरूक किया गया। साइबर फ्राड होने की स्थिति में तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 पर संपर्क करने अथवा नजदीकी साइबर थाना में शिकायत दर्ज करने की सलाह दी गई। विशेष रूप से छात्राओं को संबोधित करते हुए, पुनपुन थाना प्रभारी बेबी कुमारी ने कहा कि स्कूल आने और घर जाने के दौरान किसी भी तरह की परेशानी होने पर वे बिना किसी डर के शिकायत दर्ज कराएं। उन्होंने जोर दिया कि पुलिस से डरने की आवश्यकता नहीं है।


**GOVT. OF BIHAR**

**BIHAR COMBINED ENTRANCE COMPETITIVE EXAMINATION BOARD**

**I.A.S. Association Building, Near Patna Airport, Patna-14.**

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

**UNDER GRADUATE MEDICAL ADMISSION COUNSELLING (Ayush) [UGMAC(Ayush)]-2025 *for* BAMS / BHMS / BUMS in Govt / Pvt. Ayush Colleges of Bihar**

**Adv. No.- BCECEB[UGMAC(Ayush)]-2025/13 Dated : 05.12.2025**

**Notice for Stray Vacancy Round-2 Online Application & Choice Filling**

Online Application with Choice Filling after Stray Vacancy Round are invited from such qualified, eligible & interested NEET(UG)-2025 candidates for appearing in the Stray Vacancy Round-2 Online Counselling of Under Graduate Medical Admission Counselling UGMAC(Ayush)-2025, who have not done the Registration and submission of Online Application or who has completed their registration process but did not duly submit Online Application with payment of requisite Counselling Fee & Security Deposit against Adv. No. BCECEB[UGMAC(Ayush)]-2025/01 Dated 22.09.2025, 2025/03 dated 03.10.2025, 2025/06 dated 31.10.2025 , 2025/08 dated 05.10.2025 & 2025/09 dated 20.11.2025, on the vacant seats of Government/ Private Ayush Colleges of Bihar for admission to the first year UG Ayush Courses (BAMS / BHMS / BUMS) in Government / Private Ayush Colleges of Bihar state based on the Rank of UGMAC(Ayush)-2025 prepared on the basis of merit list of NEET(UG)-2025 conducted by the National Testing Agency (NTA) on the basis of vacant seats available after admission on the basis of UGMAC(Ayush)-2025 Online Stray Vacancy Round counselling held from 30.11.2025 to 01.12.2025.

Consent / Willingness are also invited from eligible candidates who have already duly submitted the online Application Form earlier but do not fall under the candition mentioned in Point no. 4 of Adv. No. BCECEB[UGMAC(Ayush)]-2025/12 Dated 05.12.2025 uploaded on Board's website.

2. **Stray Vacancy Round-2 Counselling will be conducted Online.**
3. **The online Consent / Willingness / Registration and submission of Application will start from 07.12.2025 and close on 08.12.2025 (1.30 pm).**
4. **As cut-off date fixed by NCISM is 10th December 2025, hence for online Registration & Submission of Application-cum-Choice Filling / Editing of Application Form data or Consent / Willingness as well as for Document Verification & Admission is very short. So, candidates are advised to complete all required process within the above time limit and accordingly allotted candidates will be well prepared for documents verification and admission on scheduled date i.e. 10.12.2025.**
5. Eligibility criteria for counselling, Fee payment procedure, instructions and other details are available in the prospectus of UGMAC(Ayush)-2025 and the related detailed Advertisement No. BCECEB[UGMAC(Ayush)]-2025/12 Dated 05.12.2025 which can be downloaded from the Board's website: bceceboard.bihar.gov.in.

**Controller of Examination**



**Govt. of Bihar**

**Public Health Engineering Department**
**Public Health Engineering Division, Aurangabad**

**VERY SHORT RE-TENDER NIT No-10R2/2025-26 (O&M-PRD)**

National Competitive Bidding

(Through e-procurement mode on www.eproc2.bihar.gov.in)

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Designation and Address of Advertiser | Executive Engineer, Public Health Division, **Aurangabad** |
| 2 | Date of issue of Tender Notice | 02.12.2025 |
| 3 | Period of sale (downloading) of tender Bid Document | 11.12.2025 to 17.12.2025 up to17:00 Hrs. through www.eproc2.bihar.gov.in |
| 4 | Date, time & place of pre-bid meeting | 12.12.2025 at 11.30 hrs. hrs in the Office of Executive Engineer P. H. Division, **Aurangabad.** |
| 5 | Last date and time of receipt (uploading) of tender | 17.12.2025 up to 17:00Hrs on www.eproc2.bihar.gov.in |
| 6 | Date and time of opening of technical bid | 18.12.2025 at 10:00Hrs on www.eproc2.bihar.gov.in |
| 7 | Date and time of opening of financial bid | Executive Engineer, Public Health Division, **Aurangabad** |

8. **Details of works:** Name of Work:- Comprehensive operation and maintenance and Special repair of ward level Piped Water Supply Schemes constructed by the "Panchayati Raj Department" and handed over to PHED for 4 years; excluding the cost of energy charges and operator wages.

| Gr. No. | Block | Estimated Cost (in Lakh) | Amount of Earnest Money (in Lakh) | Cost of Tender Document (non-refundable) (in Rs.) | BSEDC Bid Processing Fee (in Rs.) | Time Period of maintenance (in months) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 2 | Navinagar, Barun, Kutumba -Total No of Scheme-715 | 1544.40 | 25.45 | 10000 | 5900 | 48 Month |

**Executive Engineer**
**Public Health Division, Aurangabad.**

For further details please visit website **state.bihar.gov.in/prdbihar**

PR- 018945 ( P H E D ) 2025-26

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

# उत्तर कोयल नहर परियोजना के लंबित कार्यों को शीघ्र निपटाएं : जिलाधिकारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** समाहरणालय स्थित योजना भवन के सभा कक्ष में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी लंबित कार्यों को पूर्ण करने तथा गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक की शुरुआत उत्तर कोयल नहर परियोजना अंतर्गत भूमि रैयतीकरण एवं अधिग्रहण कार्यों की समीक्षा से हुई। जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग को कार्यों की गति बढ़ाने और लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया। बैठक में लोक शिकायत निवारण अधिनियम अंतर्गत जिला स्तर, सदर अनुमंडल तथा दाउदनगर अनुमंडल स्तर पर प्राप्त लंबित परिवादों की समीक्षा की गई। समीक्षा में पाया गया कि सीपीग्राम्स पर 36, ई-डैशबोर्ड पर 253 तथा जनता के दरबार में मुख्यमंत्री कार्यक्रम से संबंधित 77 आवेदन लंबित हैं। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि इन सभी आवेदनों का यथाशीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। इसके अलावा जिला पदाधिकारी ने सभी नगर परिषदों एवं नगर पंचायतों को अपने क्षेत्र में फॉगिंग कार्य नियमित रूप से कराने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, जयप्रकाश नारायण, उपेंद्र पंडित, संतन कुमार सिंह, श्वेतांक लाल, अविनाश प्रकाश आदि उपस्थित रहे।

# अनियंत्रित बाइक नहर में गिरी, युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** अनियंत्रित बाइक से गिरकर तीन युवक जख्मी हो गए इसमें इलाज़ के दौरान एक युवक की मौत हो गई जबकि दो गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना देव थाना क्षेत्र के केताकी गांव के पास उत्तर कोयल नहर की है। मृतक की पहचान रफीगंज के करजारा गांव निवासी नारायण यादव के 19 वर्षीय पुत्र जयप्रकाश कुमार के रूप में हुई है। वहीं जख्मी की पहचान नीरज और छोटू कुमार के रूप में हुई है जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार तीनों युवक गुरुवार की रात अपनी बहन के घर से लौट रहे थे। बाइक जयप्रकाश चला रहा था। जैसे ही केताकी के पास उत्तर कोयल नहर कैनाल पुल के पास पहुंचे, अचानक आए मोड़ पर बाइक अनियंत्रित हो गई। तीनों नहर में गिर पड़े। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने सभी को नहर से बाहर निकाला। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र देव पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर होने पर उन्हें सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहां पहुंचने पर चिकित्सकों ने जयप्रकाश को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर परिजन सदर अस्पताल पहुंचे। रो-रोकर उनका बुरा हाल है। मृतक के छोटे भाई विकास ने बताया कि जयप्रकाश तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया है। छानबीन की जा रही है।

# रोजगार मेला में 87 युवाओं का चयन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**औरंगाबाद।** दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत जीविका द्वारा ग्रामीण युवाओं को नियोजन और स्वरोजगार के उद्देश्य से +2 हाई स्कूल मैदान बसडीहा कला में रोजगार सह मार्गदर्शन मेला का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ जिला परियोजना प्रबंधक जीविका पवन कुमार, निर्देशक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान राज कुमार, विकास पदाधिकारी भारतीय जीवन बीमा निगम, प्रधानाचार्य मध्य विद्यालय कौशल किशोर, प्रबंधक वित्त पवन कुमार सिंह, प्रबंधक मानव संसाधन युवराज कुमार, प्रबंधक रोजगार दिलीप कुमार गुप्ता, प्रखंड परियोजना प्रबंधक श्रुतिकांत पाठक और हरियाली संकुल स्तरीय संघ के अध्यक्षा प्रतिमा देवी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जलित कर किया गया। सभी अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। रोजगार मेले में कुल 849 युवाओं ने भाग लिया जिसमें 87 युवाओं का कंपनियों द्वारा चयन कर नियुक्ति पत्र दिया गया। शेष आवेदकों की दूसरे चरण के चयन प्रक्रिया हेतु चयन किया गया। स्वरोजगार हेतु कुल 175 दीदियों और युवाओं से आवेदन प्राप्त हुआ। रोजगार प्रबंधक दिलीप कुमार गुप्ता ने बताया कि रोजगार सह मार्गदर्शन मेला में 18 से 45 वर्ष के युवा अपने आधार कार्ड और शैक्षणिक योग्यता के छायाप्रति के साथ अपना निबंधन करा रोजगार के लिए आवेदन दे सकते है। जिला परियोजना प्रबंधक ने युवाओं से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में आकर रोजगार मेले से लाभ उठाए। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में युवाओं का निबंधक और नियोजन पूर्णतः निःशुल्क है। किसी प्रकार का कोई भी पैसा नहीं देना है। इस अवसर काजल रानी, अजीत कुमार, रजनीश कुमार, पप्पू कुमार, रविंद्र कुमार, रूमा वर्मा, विनीता कुमारी, रंजू कुमारी, सलोनी कुमारी, संजय कुमार, अटल बिहारी और राजेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# पोते की शादी के लिए लड़की देखने गए दादा की ठंड से मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** मदनपुर थाना क्षेत्र के पडरावां गांव में 70 वर्षीय व्यक्ति बुजुर्ग की मौत का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान उस गांव निवासी गुप्ता यादव के रूप में की गई है। मामले में परिजन गोपाल यादव ने बताया कि ठंड लगने से बुजुर्ग की मौत हुई है। दरअसल गुरुवार की शाम वे अपने पोते की शादी के लिए लड़की देखने रिश्तेदार के घर गए हुए थे जहां ठंड लगने से अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। परिजनों द्वारा आनन-फानन में इलाज के लिए शेरघाटी अस्पताल ले जा रहे थे। इसी दौरान बीच रास्ते में उनकी मौत हो गई। इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। उन्होंने बताया कि मृतक बुजुर्ग अविवाहित थे। वह अपने सहोदर भाई के दो बेटों राजेन्द्र यादव एवं सत्येन्द्र यादव को गोद ले रखें थे जिसके साथ रहते थे। भतीजे सत्येन्द्र यादव के पुत्र की शादी के लिए लड़की देखने रफीगंज के किसी एक गांव में गए थे। इसी क्रम में उनकी तबियत बिगड़ गई और इलाज़ के लिए ले जाते वक्त रास्ते में दम तोड़ दिया। इसके बाद परिजन शव लेकर घर पहुंचे और पोस्टमार्टम करवाएं बिना ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया। इस घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है तो गांव में मातम पसरा हुआ है। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी नहीं है।

# निरीक्षी जज हरीश कुमार ने किया सिविल कोर्ट का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** निरीक्षी जज हरीश कुमार ने शुक्रवार को जिला मुख्यालय स्थित व्यवहार न्यायालय परिसर में विभिन्न न्यायिक इकाइयों का निरीक्षण किया। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी न्यायालयों के न्यायिक कार्य, गवाही, बहस और अदालतों की कार्यप्रणाली का अवलोकन किया। विभिन्न न्यायालयों का भ्रमण करने के बाद निरीक्षी जज ने न्याय मंडल औरंगाबाद के सभी न्यायाधीशों के साथ बैठक की और आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नए भवन के पांचवें तल पर रिकॉर्ड रूम में पुराने रिकॉर्ड के डिजिटलाईजेशन सेंटर का उद्घाटन किया गया। इस व्यवस्था के तहत पुराने निष्पादित रिकॉर्ड स्कैन होकर डिजिटल माध्यम में संरक्षित किए जाएंगे। इसके साथ ही व्यवहार न्यायालय की लाइब्रेरी में सॉफ्टवेयर लाइब्रेरी का भी उदघाटन हरीश कुमार द्वारा किया गया। इस सुविधा के माध्यम से न्यायाधीश सभी पुराने विधिक पुस्तकों को ऑनलाइन एक्सेस कर सकेंगे। न्यायिक कंप्यूटिंग तकनीकों के नोडल अधिकारी एसीजेएम संदीप कुमार सिंह द्वारा विकसित इस प्रणाली की प्रशंसा निरीक्षी जज ने की और इसके विस्तार की आवश्यकता पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान नकलखाना के कॉपी विभाग को सीआईएस सिस्टम से जोड़ा गया। अब चिरकुट फाइलिंग और रिकॉर्ड डिजिटल रूप में उपलब्ध होंगे, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होगी। पिठासीन पदाधिकारी इसे ऑनलाइन देख सकेंगे। इसके अलावा विधिक सेवा सदन में सैनिटरी नैपकिन ऑटोमेटिक मशीन का उदघाटन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव न्यायधीश तान्या पटेल ने बताया कि इस सुविधा का लाभ प्राधिकार में कार्यरत महिला कर्मचारी, महिला पैनल अधिवक्ता, पारा विधिक स्वयंसेवक और महिला पक्षकार उठा सकेंगे। इस अवसर पर प्रधान जिला जज राजकुमार वन और जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव तान्या पटेल ने चित्रकार आजाद जसोइया द्वारा बनाई गई निरीक्षी जज की पेंटिंग उन्हें भेंट की। निरीक्षी जज ने बाल चित्रकार की सराहना की। निरीक्षण के दौरान निरीक्षी जज ने मौजूद न्यायिक पदाधिकारियों और न्यायालय कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान अदालत परिसर में सुबह से ही सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रखी गई थी।

# संदिग्ध परिस्थिति में विवाहिता की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज(औरंगाबाद)।** प्रखंड के ढोसिला पंचायत अंतर्गत धरहरा गांव में संदिग्ध परिस्थिति में गुरुवार की रात्रि राहुल पासवान की पत्नी प्रतिमा कुमारी की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही एसआई मिथिलेश कुमार, ध्रुव कुमार, एएसआई जन्मजय दुबे एवं बबनजीत कुमार सहित एफएसएल की टीम मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेज साक्ष्य का संकलन किया। प्रतिमा एवं राहुल का विवाह चार माह पहले जुलाई माह के अंतिम सप्ताह में हुई थी। गया जिला के आंती थाना क्षेत्र के खटनाही गांव निवासी मृतका की मां मंजू देवी ने बताया कि बुधवार को उनकी पुत्री को किसी बात को लेकर उसके सास द्वारा मारपीट की गई थी। मृतका के मौसा रफीगंज के तेलथुआ गांव निवासी मुन्ना पासवान ने बताया कि दहेज के कारण उसकी हत्या की गयी है। मृतका का पति 15 दिन पहले ही दिल्ली में मजदूरी करने के लिए गया है। घटना के बाद से मृतका के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जिला चलंत विधि विज्ञान इकाई, औरंगाबाद की प्रभारी सीमा गुप्ता ने बताया कि घटनास्थल से साक्ष्य संकलन की गई है। वहीं प्रशिक्षु डीएसपी सह रफीगंज थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि एक महिला की मौत हुई है। मामले में आवेदन प्राप्त होने पर प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# विश्व मृदा दिवस पर किसानों को किया जागरूक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** विश्व मृदा दिवस पर शुक्रवार को मिट्टी जांच प्रयोगशाला के द्वारा संयुक्त कृषि भवन में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। किसानों को मृदा संरक्षण की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्घाटन संयुक्त रूप से सहायक निदेशक उद्यान डॉ श्रीकांत, सहायक निदेशक रसायन दीपक कुमार, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, उप परियोजना निदेशक आत्मा, सहायक निदेशक बीज विश्लेषण प्रयोगशाला, उप निदेशक कृषि अभियंत्रण, सहायक निदेशक बीज उत्पादन, डॉ अनूप कुमार चौबे एवं किसानों ने द्वीप प्रज्वलित कर किया। सहायक निदेशक दीपक कुमार ने बताया कि गुरुवार को विश्व मृदा दिवस मनाया जाता है जिसका मुख्य उदेश्य मृदा स्वास्थ्य के लिए किसानों को जागरूक करना जिससे खेतों किसान संतुलित मात्रा में पोषक तत्वों का प्रयोग करके फसलों का उत्पादन एवं उसकी गुणवत्ता में बढ़ोत्तरी करें। फसलों के उत्पादन के साथ साथ मृदा स्वास्थ्य को बनाये रखना भी अति आवश्यक है जिससे आने वाले समय में मृदा के उत्पादन क्षमता में कमी न आए एवं उत्पादन में बढ़ोत्तरी हो। साथ ही कहा कि जिला कृषि मुख्यालय के साथ साथ सभी प्रखण्ड में भी विश्व मृदा दिवस का आयोजन किया गया जिसमे किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण किया गया एवं मृदा जांच के आधार पर खेतों पोषक तत्व के प्रयोग करने के बारे में जानकारी दी गई। सहायक निदेशक उद्यान ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज किसानों को मिट्टी को सुरक्षित रखने के लिए रसायनिक उर्वरक के साथ साथ जैविक खादों का प्रयोग करना आवश्यक है। कार्यक्रम में जिला मिट्टी जांच प्रयोगशाला कार्यालय के मेघा बधानी, कुमारी मृदुला कृष्णा, चन्द्र प्रताप सिंह, धर्मेन्द्र कुमार एवं किसानों ने भाग लिया।

# फरार अभियुक्त के घर पर चिपकाया इश्तेहार



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** न्यायालय के निर्देश पर गोह पुलिस द्वारा अभियुक्त के घर पर इस्तिहार चिपकाया गया है। यह कार्रवाई थाना क्षेत्र के देवहरा मल्लाह टोली निवासी कपिल चौधरी के घर पर की गई। दरअसल, अभियुक्त रंगदारी मांगने एवं हत्या के प्रयास मामले में लंबे समय से फरार चल रहा था। इस दौरान पुलिस द्वारा अभियुक्त की गिरफ्तारी को लेकर संबधित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही थी। लेकिन यह हर बार पुलिस को चकमा देकर मौके से फरार हो जा रहा था। इसी क्रम में न्यायलय के निर्देश पर इस्तिहार चिपकाया गया। साथ ही थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार ने सख्त निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि इसके वावजूद यदि अभियुक्त ने आत्म समर्पण नहीं किया तो उसके घर की कुर्की जब्ती की जाएंगी और सख्त कार्रवाई की जायेगी।

# अनुपस्थित पाए गए शिक्षकों के खिलाफ करें कार्रवाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी श्रीकान्त शास्त्री की अध्यक्षता में शुक्रवार को शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त, जिला शिक्षा पदाधिकारी, सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी एवं समागम प्रभारियों ने भाग लिया। बैठक में सर्वप्रथम सभी अधिकारियों द्वारा किए जा रहे विद्यालय निरीक्षण की समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने क्रमवार सभी पदाधिकारियों से यह जानकारी ली कि निरीक्षण के दौरान क्या-क्या कमियां पाई गईं, सुधार के लिए क्या निर्देश दिए गए तथा अनुपस्थित पाए गए शिक्षकों पर कितनी कार्रवाई की गई। कई अधिकारियों द्वारा अपेक्षित एवं संतोषजनक उत्तर नहीं मिलने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिया कि अधिक से अधिक संख्या में विद्यालयों का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करें तथा अनुपस्थित पाए गए शिक्षक-शिक्षिकाओं से स्पष्टीकरण पूछते हुए विभागीय कार्रवाई करें। निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि कक्षा 11वीं एवं 12वीं में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति काफी कम है, जो चिंताजनक है। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि उच्च माध्यमिक विद्यालयों में विशेष अभियान चलाकर विद्यार्थियों की उपस्थिति बढ़ाने हेतु आवश्यक कदम उठाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि अनेक विद्यालय ऐसे हैं जहां पठन-पाठन एवं अनुशासन की स्थिति अत्यंत सराहनीय है। शिक्षक पूर्ण मनोयोग से विद्यार्थियों को शिक्षण प्रदान कर रहे हैं। ऐसे उत्कृष्ट विद्यालयों के पठन-पाठन का वीडियो बनाकर जिला स्तर पर आयोजित प्राचार्य बैठकों में प्रदर्शित करने एवं शिक्षकों के व्हाट्सएप समूहों में साझा करने का निर्देश दिया गया ताकि अन्य विद्यालयों के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक इससे प्रेरित हो सकें।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

बिहार सरकार

शुभकामना संदेश

मुझे यह जानकर अपार हर्ष हो रहा है कि गृह रक्षा वाहिनी दिनांक 06 दिसम्बर, 2025 को अपना स्थापना दिवस मना रहा है।

बिहार गृह रक्षा वाहिनी अपने स्थापना काल से ही आंतरिक शान्ति, विधि–व्यवस्था संधारण एवं यातायात व्यवस्था में पुलिस बल के साथ कंधा से कंधा मिलाकर, निष्काम सेवा–भाव के साथ, समाज एवं राष्ट्र की सेवा में तत्पर रही है। आपदा–प्रबंधन एवं आवश्यक सेवाओं को बनाये रखने में भी इस संगठन की भूमिका प्रसंशनीय है।

मुझे पूर्ण विश्वास है, कि गृह रक्षा वाहिनी संगठन, अपने घोषित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए दृढ़ संकल्पित होकर समाज एवं राष्ट्र की सेवा में अपने कर्म–पथ पर अग्रसर होता रहेगा।

मैं इस अवसर पर संगठन के सभी सदस्यों के मंगलमय भविष्य की कामना करता हूँ तथा हार्दिक शुभकामना व्यक्त करता हूँ।

सम्राट चौधरी
(उप–मुख्यमंत्री, बिहार)

PR No.-019001 (Home)D. 2025-26

बिहार सरकार

शुभकामना संदेश

यह अत्यंत प्रसन्नता की बात है कि बिहार गृह रक्षा वाहिनी दिनांक 06 दिसम्बर, 2025 को अपना 79वाँ 'स्थापना दिवस' समारोह आयोजित कर रहा है। यह संगठन पुलिस बल एवं स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर अद्वितीय योगदान दे रहा है।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि गृह रक्षा वाहिनी संगठन दृढ़ संकल्पित होकर समाज एवं राष्ट्र की सेवा में अपना शत् प्रतिशत योगदान देते हुए सदैव कर्म–पथ पर अग्रसर होता रहेगा।

मै बिहार गृह रक्षा वाहिनी के स्थापना दिवस समारोह की सफलता की मंगल कामना करता हूँ तथा इस संगठन से जुड़े सभी जनों को हार्दिक बधाई देता हूँ।

विजय कुमार सिन्हा
(उप–मुख्यमंत्री, बिहार)

PR No.- 019000 (Home) D. 2025-26